खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें ➤ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 03 सितंबर 2023 | वर्ष – 67 | अंक – 297 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ एक नन्हीं मुस्कान...
■ बाजारवाद में घिस रहा... 04
■ वांग यी ने दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री...
■ ऑस्ट्रेलिया ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए ... 09
■ धान, सोयाबीन, मक्का का रकबा बढ़ा, अरहर...
■ एलपीजी सिलेंडर के बाद इस महीने मिल ... 11
■ भारत-पाक क्रिकेट मैच...
■ भारत ने सेमीफाइनल में... 10

सार संक्षेप

## 'एक देश एक चुनाव' पर सरकार ने गठित की आठ सदस्यीय कमेटी

### इनमें चार गैर राजनीतिक विशेषज्ञ

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सरकार ने पूरे देश में पंचायतों, नगर निकायों और राज्य विधानसभाओं से लेकर लोकसभा तक चुनाव एक साथ कराने की संभावनाओं की जांच और उस पर सिफारिश के लिए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के अध्यक्षता में शनिवार को आठ सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा की। समिति में अध्यक्ष श्री कोविंद के अलावा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा में कांग्रेस दल के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्य सभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, पंद्रहवें वित्त आयोग के चेयरमैन एन के सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव डॉ सुभाष सी कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी शामिल किए गए हैं। यह समिति इस संबंध में संविधान और अन्य संबंधित अधिनियमों और नियमों में संशोधन की सिफारिश करेगी।

**अर्जुन राम मेघवाल विशेष आमंत्रित सदस्य**–विधि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल समिति की बैठकों में विशेष आमंत्रित के रूप में भाग लेंगे, तथा विधि मंत्रालय के विधायी मामलों के विभाग के सचिव नितेन चन्द्र समिति के सचिव होंगे। केन्द्रीय विधि मंत्रालय के विधायी विभाग द्वारा आज जारी प्रस्ताव के अनुसार समिति संविधान के अंतर्गत चुनाव के संबंध में वर्तमान नियमों और व्यवस्थाओं तथा अन्य संबंधित सांविधिक प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए देश में लोकसभा और राज्यों के विधानसभा, नगर पालिका और पंचायत स्तर के चुनाव एक साथ कराने की संभावनाओं की जांच करेगी।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-नीतीश कह रहे हैं इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग में कोई समस्या नहीं है।

**चुहिया- हां प्रिये**- राजनीति में जो समस्या सबसे बड़ी होती है उसे छोटा करके दिखाने का ही चलन है।



## भारत का पहला सौर मिशन

# आदित्य एल-1 की सफल लांचिंग

### लक्ष्य तक पहुंचने में 4 माह लगेंगे



### 15 लाख किमी की दूरी तय करेगा

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने देश के पहले सूर्य मिशन के तहत आदित्य–एल–1 अंतरिक्ष यान को शनिवार को पृथ्वी की कक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया। इसरो सूत्रों के मुताबिक 23 घंटे 40 मिनट की उल्टी गिनती समाप्त होने के साथ ही पूर्वाह्न 11.50 बजे पीएसएलवी–सी–57 के जरिए शार रेंज से प्रक्षेपित आदित्य एल–1 को अब पृथ्वी की निचली कक्ष में स्थापित कर दिया गया है।

इसी के साथ ही 125 दिनों की लंबे सफर में सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करने का सिलसिला शुरू हो गया। उन्होंने बताया कि मिशन नियंत्रण केंद्र के वैज्ञानिक पूरे अभियान पर नजर रखे हुए हैं। इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि आदित्य–एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित भारतीय मिशन है। सफल प्रक्षेपण के साथ ही सभी ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### हर दिन 14 सौ तस्वीरें भेजेगा

### माधवन बोले- कठिन यात्रा

इसरो के सूर्य मिशन आदित्य–एल1 की सफल लॉन्चिंग पर इसरो के पूर्व अध्यक्ष जी माधवन नायर ने कहा कि- पीएसएलवी एक्सएल ने हमेशा की तरह अपना काम किया है। यात्रा वास्तव में कठिन होने वाली है। हमें अंतरिक्ष यान के प्रक्षेप पथ पर कड़ी नजर रखनी होगी। सूर्य का अध्ययन बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह जीवन के निर्वाह के लिए ऊर्जा का स्रोत है।

### प्रधानमंत्री ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के पहले सौर मिशन, आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मांड की बेहतर समझ विकसित करने के लिए हमारे अथक वैज्ञानिक प्रयास जारी रहेंगे।

### शानदार उपलब्धि- कांग्रेस

कांग्रेस ने सूर्य मिशन 'आदित्य एल-1' को देश के लिए शानदार उपलब्धि करार दिया है। पार्टी ने इसकी ऐतिहासिक परिष्ठभूमि का भी जिक्र करते हुए कहा कि- मिशन को 2009 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की मंजूरी मिली थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, आज आदित्य एल-1 का प्रक्षेपण इसरो और भारत के लिए एक और शानदार उपलब्धि है।

### शिवराज ने दी बधाई, शुभकामनाएं

मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सफल लांचिंग पर वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं कि-चन्द्रयान-3 मिशन की तरह यह सूर्य मिशन भी अपनी सफलता के आयाम तय करेगा।

## दीनदयाल रसोई की थाली अब 5 रुपये में मिलेगी : शिवराज

### मुख्यमंत्री ने 38 हजार से अधिक आवासहीनों को प्रदान किए भूमि के पट्टे

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि- दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत अब 10 रुपये के स्थान पर 5 रुपये की थाली उपलब्ध कराई जाएगी। मजदूरों को कार्य–स्थल के पास ही किफायती दर पर भोजन उपलब्ध करने के लिए नगरीय क्षेत्रों में शीघ्र ही चलित रसोइयां आरंभ की जाएगीं। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को इस योजना में कवर किया जाएगा।

-श्रमिकों के कार्य-स्थल के पास चलित भोजनालय आरंभ होंगे
-मुख्यमंत्री ने 66 नगर पालिकाओं में स्थाई रसोई केन्द्रों का किया शुभारंभ
- 20 हजार से अधिक जनसंख्या में 90 निकायों में भी शुरू होंगे रसोई केन्द्र

प्रदेश की जिन 90 नगर पंचायतों की आबादी 20 हजार से अधिक है, वहां भी दीनदयाल रसोई योजना आरंभ की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दीनदयाल रसोई योजना के तीसरे चरण का शुभारंभ कर प्रदेश की 66 नगरपालिकाओं में स्थाई रसोई केन्द्रों का वर्चुअल शुभारंभ किया तथा 38 हजार से अधिक आवासहीनों को आवास के लिए भूमि के पट्टे वितरित करने की शुरुआत की। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल की महापौर मालती राय तथा अन्य जन–प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## शिवराज के स्वागत को बड़नगर में उमड़ा जनसैलाब

## बालासोर हादसा मामले में सीबीआई ने 3 रेलवे अधिकारियों के खिलाफ दायर की चार्जशीट

**नई दिल्ली।** बालासोर ट्रेन हादसा मामले में सीबीआई ने रेलवे के गिरफ्तार 3 अधिकारियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। इन तीनों पर गैर इरादतन हत्या और सबूत नष्ट करने का आरोप है। इन कर्मचारियों को जुलाई में गिरफ्तार किया गया था, जिनकी पहचान अरुण कुमार महंत, मोहम्मद अमीर खान और पप्पू कुमार के तौर पर हुई है। मालूम हो कि इस ट्रेन हादसे में 290 लोग मारे गए थे और कई सौ घायल हुए थे।

सीबीआई ने भुवनेश्वर में विशेष अदालत के समक्ष दलील देते हुए गंभीर आरोप लगाए थे। इसमें कहा गया कि दुर्घटना का एक कारण लेवल क्रॉसिंग (एलसी) गेट नंबर 79 के सर्किट स्केच का इस्तेमाल करना रहा, जहां सीनियर सेक्शन इंजीनियर (सिग्नल प्रभारी) अरुण कुमार महंत की ओर से बाहानगा बाजार स्टेशन के पास लेवल क्रॉसिंग (एलसी) गेट नंबर 94 पर मरम्मत कार्य किया गया था। महंत ने आरोपों का खंडन करते हुए दावा किया था कि किमी 255/11–13 पर एलसी गेट नं. 94 ठीक से काम नहीं कर रहा था, लेकिन अधिकारियों ने इसके लिए सक्रियता से कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा था कि संबंधित पर्यवेक्षण का काम कुछ अन्य व्यक्तियों को सौंपा गया था, इसलिए वह दुर्घटना के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। सीबीआई ने बालासोर में तीन ट्रेन से जुड़ी दुर्घटना मामले की जांच के संबंध में 7 जुलाई, 2023 को महंत और दो अन्य रेलवे अधिकारियों को गिरफ्तार किया था।

### सबूत मिटाने के गंभीर आरोप

## चन्द्रयान-3 : लैंडर व रोवर को विश्राम देने की प्रक्रिया में इसरो



**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) प्रमुख एस सोमनाथ ने शनिवार का कहा कि चंद्रयान–3 मिशन से जुड़ी टीम विक्रम लैंडर और रोवर को विश्राम देने की प्रक्रिया में है। इसरो प्रमुख ने आज भारत के महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट आदित्य एल 1 को सफलतापूर्वक पृथ्वी की इच्छित कक्षा में स्थापित किये जाने के बाद श्रीहरिकोटा में इसरो वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा हम दोनों (विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर) को विश्राम देने की प्रक्रिया पर काम कर रहे हैं। इसरो प्रमुख ने कहा कि लैंडर के भीतर रखकर भेजे गये रोवर ने सफलतापूर्वक चंद्रमा की सतह पर कदम रखने के बाद 100 मीटर तक चहलकदमी की है। लैंडर को चंद्रमा पर शिवशक्ति बिंदु पर उतारे जाने के बाद इस हिस्से पर अंधेरा होने से पहले कुछ दिनों का काम और बाकी है।

### सौ मीटर तक चहलकदमी का चुका प्रज्ञान रोवर

## भोपाल में हो सकती है 'इंडिया' की अगली बैठक!

विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की चौथी बैठक मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित की जा सकती है। मध्य प्रदेश में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में गठबंधन के सदस्य दिल्ली के बजाय मध्य प्रदेश में अगली बैठक करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि कल एनसीपी की नेता सुप्रिया सुले ने अगली बैठक दिल्ली में होने की बात कही थी।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में भाजपा तकरीबन दो दशक से सत्ता में है। ऐसे में वहां बैठक कर विपक्ष एक राजनीतिक संदेश भी जनता के बीच देना चाहता है। इसलिए सदस्य दल इस बैठक को मध्य प्रदेश में कराने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक,ज्यादातर सदस्य इस पर सहमत हो चुके हैं कि इंडिया की अगली बैठक मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में कराई जाए। इंडिया की पहली बैठक बिहार की राजधानी पटना व दूसरी बैठक कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू और तीसरी बैठक बीते 31 अगस्त व 1 सितम्बर को मुंबई में आयोजित की गई थी। जिसकी मेजबानी महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने की थी।

इस बैठक में एनडीए के खिलाफ 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन दलों ने मिलकर चुनाव लड़ने का संकल्प दोहराया था। बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दल एकजुट हैं। जबकि दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी नेता ने आरोप लगाया कि शक्तिशाली लोग गठबंधन तोड़ने की कोशिश में हैं। उनका इशारा भाजपा द्वारा ईडी व सीबीआई के कथित दुरुपयोग को लेकर था।

### सीट शेयरिंग को लेकर कोई समस्या नहीं है, गांधी जयंती पर देशभर में कार्यक्रम करेंगे : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर कोई समस्या नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि दो अक्तूबर को महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर पूरे देश में हम लोग कार्यक्रम करेंगे और एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मुंबई में इंडिया गठबंधन की खूब अच्छी मीटिंग हुई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सभी पार्टी के नेताओं ने अच्छे तरीके से अपनी-अपनी बातें रखीं। हम सब एकजुट होकर आगे काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हम लोग आपस में चुनाव लड़ने को लेकर कल ही तय कर चुके हैं।

## यूजीसी का डिग्री पर आधार नंबर नहीं छापने का निर्देश

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश भर के विश्वविद्यालयों को डिग्री और प्रोविजनल सर्टिफिकेट पर छात्रों का आधार नंबर न छापने का निर्देश दिया है। उच्च शिक्षा नियामक का यह निर्देश उन खबरों के बीच आया है कि राज्य सरकारें विश्वविद्यालयों द्वारा जारी अनंतिम प्रमाणपत्रों और डिग्रियों पर पूर्ण आधार संख्या छापने पर विचार कर रही हैं, ताकि बाद में भर्ती के समय उक्त दस्तावेजों के सत्यापन में उपयोग किया जा सके। 1 सितंबर को सभी विश्वविद्यालयों को लिखे पत्र में यूजीसी के सचिव मनोज जोशी ने कहा, आधार नंबर रखने वाली कोई भी संस्था इससे जुड़े किसी भी डेटाबेस या रिकॉर्ड को सार्वजनिक नहीं करेगी, जब तक कि आधार नंबर को उचित माध्यम से संशोधित या ब्लैक आउट नहीं किया गया हो। जोशी ने कहा, नियमों के तहत, जैसा कि वे वर्तमान में हैं, अनंतिम प्रमाणपत्रों और डिग्री पर आधार संख्या की छपाई की अनुमति नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि इसलिए उच्च शिक्षा संस्थानों से अनुरोध है कि वे भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के नियमों और विनियमों का सख्ती से पालन करें।

### यूआईडीएआई के नियमों का सख्ती से पालन करें : जोशी

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School

ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

समस्या

### पर्यावरण और जीवन पर बढ़ता जा रहा खतरा

## देश के घरों में 20 करोड़ इलेक्ट्रॉनिक कचरा

**नई दिल्ली।** देश के घरों में इन दिनों खराब और बेकार इलेक्ट्रॉनिक सामानों का अंबार लगता जा रहा है। स्मार्टफोन, कंप्यूटर–लैपटॉप समेत करीब 20.6 करोड़ इलेक्ट्रॉनिक सामान घरों में पड़े हुए हैं। सर्वेक्षण एक्सेंचर के साथ मिलकर इंडियन सेल्युलर ऐंड इलेक्ट्रॉनिक एसोसिएशन (आईसीईए) ने इलेक्ट्रानिक उपकरणों को लेकर एक अहम सर्वे किया है। इस सर्वे की रिपोर्ट पाथवेज टु अ सर्कुलर इकॉनमी इन इंडियन इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर शीर्षक के साथ जारी की गई है।

**एक व्यक्ति के पास करीब 4 इलेक्ट्रॉनिक सामान हैं खराब**–सर्वे रिपोर्ट के विश्लेषण से पता चलता है कि, देश में इलेक्ट्रॉनिक कचरा अथवा इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से पैदा होने वाला कचरा खत्म करना अभी भी सबसे बड़ी चुनौती है। वित्त वर्ष 2021 तक उपलब्ध आंकड़े चौंकाने वाले हैं। सर्वे में 40 फीसदी प्रतिभागियों ने माना कि उनके पास मोबाइल और लैपटॉप सहित कम से कम चार ऐसे उपकरण हैं, जो कई वर्षों से खराब पड़े हैं। उपभोक्ताओं के इस बर्ताव के पीछे तीन



मुख्य कारण हैं। पहला बदले में अच्छे ऑफर नहीं मिला, दूसरा उपकरणों से व्यक्तिगत लगाव क्योंकि बहुत डेटा लीक होने के चलते लोग इन्हें छोड़ना नहीं चाहते है। तीसरा अहम कारण जागरूकता का अभाव है। सर्वे में यह भी सामने आया कि, पांच में से दो उपभोक्ता बेकार उपकरण को रीसाइक्लिंग के लिए देने से मना कर देते हैं। उन्हें पता ही नहीं है कि रीसाइक्लिंग कितनी जरूरी है।

**घर से बाहर फेंकने के बाद इस तरह होता है उपयोग**–सर्वे रिपोर्ट कहती है कि, वित्त वर्ष 2021 में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों (हर 15 मोबाइल फोन पर 1 लैपटॉप) की संख्या करीब 51.5 करोड़ थी। मगर 7.5 करोड़ बेकार भी पड़े थे। इस तरह यह संख्या 20.6 करोड़ होती है। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले वर्षों में यह संख्या बढ़ी ही होगी। सर्वे में बताया गया कि, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की रीसाइक्लिंग मुख्य तौर पर दो तरह से होती है। पहला कबाड़ियों के जरिये और दूसरा, थोक कबाड़ कारोबारियों के जरिए। कबाड़ी लोगों के घरों से बेकार पड़े इलेक्ट्रॉनिक सामान इकट्ठा कर लेते हैं। जबकि थोक कबाड़ कारोबारी संबंधित ब्रांड के साथ मिलकर काम करते हुए इलेक्ट्रॉनिक सामान जमा करते हैं।

90 फीसदी बेकार पड़े मोबाइल फोन कबाड़ी घरों से लेकर आते हैं। वास्तविक रीसाइक्लिंग के समय भी 70 फीसदी उपकरण कबाड़ियों के जरिए ही आते है। 22 फीसदी संगठित कंपनियों के जरिए 2 फीसदी उपकरणों का इस्तेमाल पुर्जे निकालने के लिए होता है, मगर इसमें समय लगता है। बाकी को जमीन के भीतर गड्ढे में डाल दिया जाता है, क्योंकि खतरनाक ई-कचरा रिसने की आशंका बनी रहती है।

# देश-विदेश

## पाकिस्तान में पहली बार आईएसआईएस से जुड़ी 5 महिला आतंकवादी गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट की पांच महिला आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। यह पहला मौका है जब पुलिस ने महिला आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी है। पंजाब पुलिस के काउंटर टेररिज्म विभाग ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुये पुलिस ने लाहौर एवं शेखूपुरा से इन पांचों महिलाओं को गिरफ्तार किया है। सीटीडी ने बयान जारी कर बताया कि महिला आतंकियों के पास से हथियार, नकदी, प्रतिबंधित साहित्य और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

## 6 सितंबर को इंडोनेशिया जाएंगे मोदी, आसियान समिट में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 और 7 सितंबर को इंडोनेशिया की यात्रा करेंगे। पीएम मोदी की इस यात्रा के दो दिन बाद 9 सितंबर को भारत में जी20 समिट होने वाली है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के निमंत्रण पर पीएम मोदी 20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और आसियान के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में इंडोनेशिया द्वारा आयोजित 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 6 और 7 सितंबर को जकार्ता, इंडोनेशिया की यात्रा करेंगे। मंत्रालय ने प्रेस रिलीज में कहा कि आगामी आसियान-भारत शिखर सम्मेलन 2022 में भारत-आसियान संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने के बाद पहला शिखर सम्मेलन होगा।

## राजस्थान में शर्मसार करने वाली करतूत

## युवक के साथ भागी पत्नी लौटी तो पति ने निर्वस्त्र घुमाया

**प्रतापगढ़।** राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में एक महिला को निर्वस्त्र कर घुमाया गया। आदिवासी महिला को निर्वस्त्र कर उसके साथ दुर्व्यवहार करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका पति ही था। पुलिस ने इस मामले में अब तक 8 लोगों को हिरासत में ले लिया है। वहीं मुख्य आरोपी कान्हा गमेती (महिला का पति) का पैर टूट गया है।

डीजीपी उमेश मिश्रा के मुताबिक इस मामले में 10 लोग नामजद हैं। इनमें 8 लोगों को डिटेन किया गया है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस की दबिश के दौरान मुख्य आरोपी और उसके दो साथी घायल हो गए। कान्हा, नेतीया और बेनिया पुलिस को देखकर भागने लगे। इसी के चलते मुख्य आरोपी कान्हा का पैर टूट गया। वहीं नेतीया और बेनिया को चोट लग गई है। तीनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि उसका पति और कुछ अन्य लोग उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गए और उसके कपड़े उतार कर घुमाया। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में महिला जोर-जोर से चीख रही है। महिला छह महीने की गर्भवती है। जब महिला को निर्वस्त्र कर घुमाया जा रहा था तब वहां कई लोग मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक, शादी के कुछ ही महीने बाद एक दूसरे गांव का युवक महिला को भगा ले गया था। महिला जब एक साल बाद अपने ससुराल वापस लौटी तब उसके पति ने उसे निर्वस्त्र कर घुमाया।

### आरोपियों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा मुकदमा : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस द्वारा प्रतापगढ़ जिले में एक महिला को नग्न घुमाने के मामले में आठ आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि इन पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाएगा। सीएम ने कहा, सभ्य समाज में ऐसे अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। इन अपराधियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे डाला जाएगा और फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर सजा दी जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### आदित्य एल-1 की....

चार चरणों के प्रज्वलन और पृथक्करण के बाद रॉकेट को करीब 600 किलोमीटर की ऊंचाई पर निर्धारित कक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया।

उन्होंने कहा कि 15 लाख किलोमीटर की यात्रा करने के बाद अंतरिक्ष यान आदित्य-एल1 जनवरी 2024 के पहले सप्ताह में सूर्य के क्षेत्र में प्रवेश करेगा। करीब 1,475 किलोग्राम वजनी अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज प्वाइंट-1 (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में रखा जाएगा जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किमी दूर है। श्री सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष यान को पृथ्वी की निचली कक्ष में रखे जाने के बाद कक्ष को और अधिक अण्डाकार बनाया जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को ऑन-बोर्ड प्रोपल्शन थ्रस्टर्स का उपयोग करके लैग्रेंज बिंदु एल1 की ओर प्रक्षेपित किया जाएगा। जैसे ही अंतरिक्ष यान एल1 की ओर बढ़ेगा यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र (एसओआई) से बाहर निकल जाएगा। एसओआई से बाहर निकलने के बाद, क्रूज चरण शुरू हो जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को एल1 के चारों ओर एक बड़ी प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यू आर राव सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी), बेंगलुरु में तैयार आदित्य-एल 1 अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज बिंदु 1 (एल 1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में रखा जाएगा, जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किमी दूर है।

**महिला वैज्ञानिक निगार शाजी ने मिशन का नेतृत्व किया**-भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी में महिला शक्ति धीरे-धीरे सामने आ रही है। अंतर-ग्रहीय मिशनों का मातृ शक्ति ना सिर्फ नेतृत्व कर रही हैं, बल्कि, महत्वपूर्ण भूमिका भी निभा रही हैं। मौजूदा समय में निगार शाजी की देश-विदेश में चर्चा हो रही है। निगार शाजी भारत के सूर्य मिशन आदित्य-एल1 की परियोजना निदेशक हैं। इन्हें लगभग आठ साल पहले आदित्य-एल1 के प्रमुख की जिम्मेदारी मिली।

## खरगोन सड़क हादसे में 3 पुलिसकर्मियों की मौत

### जुलूस ड्यूटी के बाद कार से घर लौट रहे थे, सीमेंट लदे ट्रक से हुई टक्कर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में शनिवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

सूत्रों के मुताबिक घटना सुबह करीब 4:30 बजे तब हुई जब पुलिसकर्मी एक धार्मिक जुलूस में तैनात होने के बाद कार से अपने कार्यालय लौट रहे थे। रास्ते में कार, सीमेंट लदे ट्रक में पीछे से टकरा गई। तीन पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। घटना की खबर लगते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और पीड़ितों के परिजन घटनास्थल तथा अस्पताल में पहुंच गये।


**In The Court of District and Session judge, District Court, Jabalpur**
presiding Officer:
श्री आलोक अवस्थी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
**(RCA/0000043/2023)**
एस.के. चौधरी............वादी
Vs
रमेश चन्द्र शर्मा ....प्रतिवादी
Process Id- /2023
पेशी दि.:-15/09/2023
प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.
यह कि प्रार्थी एस.के. चौधरी ने आपके विरूद्ध अपील अन्तर्गत धारा 96 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 23 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
**टिप्पणी** - प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 96 व्यवहार प्रक्रिया संहिता की छायाप्रति संलग्न है।
**कृपया ध्यान दें**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(आलोक अवस्थी)
प्रधान जिला न्यायाधीश
जिला-जबलपुर (म.प्र.)
र.नं.-1097



**NOTICE**
**IN THE COURT OF HON'BLE A. H. Sayyed, MEMBER MACT-4, 4th Floor, Room No. 408, (New G+9 Building) DISTRICT COURT, AKASHWINI CHOWK, NAGPUR.**
**Claim Petition No. 37/18**
**Process No. 5245 F.F. 07/09/2023**
Petitioner: Seela -versus-
Respondent : Bharat
To,
Vimlesh singh Sitarasingh,
R/o Barapatthar, Seoni M.P.
Whereas the above named applicant in above petition have filed their Claim Petition U/ sec. 166 of Motor Vehicle Act for **Rs. 1,00,000/-** and application U/sec.140 of Motor Vehicle Act for **Rs. 50,000/-**
You are hereby noticed to appear in this Court of **Hon'ble A.H. Sayyed, Member M.A.C.T.- 4, Nagpur**, in person or by a pleader duly instructed on Dated **07/09/2023**, At 11.00 A.M. to show cause in the said above noted claim Petition failing wherein the said Petition will be heard and determined exparte in your absence. Given under my hand and the seal of the Court this **23rd** day of **August, 2023.**
Seal
Registrar (Judl.)
M.A.C.T. Nagpur



Through Paper Publication
**श्रीमती जे.ए. कोटनिस, न्यायाधीश, तृतीय कामगार न्यायालय, नागपूर इनके कोर्ट मे.**
**अर्ज क्रमांक : WCA (B) - ८५/२०२३**
**पेशी तारीख : १५/०९/२०२३**
अर्जदार : श्रीमती शहिदा परविण जहिद अली और ३ - विरूध्द -
गैरअर्जदार : नॅशनल एंश्युरंस कंपनी लि.
**जाहीर सूचना**
आम जनता को सुचित किया जाता है की, मृतक **लालबहादुर राम** इनकी दुर्घटना में मृत्यु हुई है। गैरअर्जदार इन्होने नुकसार भरपाई की **रक्कम रूपये १२,५६,९३९/- (अक्षरो मे रूपये बारा लाख छप्पन हजार नऊसो उनतालीस केवल)** मा. विद्यमान न्यायालय में जमा किये है। उपरोक्त रक्कम मिलने के लिए मृतक के आश्रीत **१. श्रीमती शाहिदा परविण जहिद अली (मृतक की पत्नी), २. हमिद अली जहिद अली (मृतक के पुत्र), ३. सयाणा जहिद अली (मृतक की पुत्री), ४. इमरान अली जहिद अली (मृतकके पुत्र)**, रहणेवाले- टेकडी वार्ड, पांढुर्णा, जि. छिंदवाडा इन्होने रक्कम मिलने वास्ते दावा दाखल किया है। इनके अलावा उत्तराधिकारी यदी कोई हो तो, सूचना जाहिर होने के पश्चात ३० दिन के अंदर या **दिनांक १५/०९/२०२३** को लिखीत कागदपत्रो के साथ न्यायालय मे अपना दावा पेश करे। अन्यथा उपरोक्त रक्कम का भुगतान उपस्थित उक्त आश्रीत को किया जायेगा इसकी सूचना प्राप्त करे। यह सुचना मा. कोर्ट के आदेश नुसार आज दि. १६/०८/२०२३ को कोर्ट के सिक्के के साथ दि जाती है।
शिक्का
मा. कोर्ट के आदेश नुसार
स्वाक्षरी/- न्यायालय लिपीक
कामगार न्यायालय, नागपूर.


## निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात


**न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जिला- जबलपुर**
रा.प्र.क्र./1517/अ -6/2022-23
**आम इश्तहार**
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम गढ़ा प.ह.नं. 06 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कौशल्या बाई पति प्रभात कुमार व अन्य निवासी 897 इंदिरा गांधी वार्ड लमती के द्वारा ग्राम गढ़ा बंदोबस्त नंबर 599 प.ह.नं. 06 में स्थित भूमि खसरा नं. 77 में से रकवा 1.0110 हेक्टेयर पर राजस्व अभिलेख में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने के प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
**जारी दिनांक 22/08/2023**
**पेशी दिनांक 06/09/2023**
अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी गोरखपुर जबलपुर
र.नं. 1092



**निविदा आमंत्रण सूचना**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-जबलपुर माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03) भोपाल (म.प्र.) 462003**
नि.आं.सू.क्रं./15/एन.एच.एम./2022-23/649 भोपाल, दिनांक 28.08.2023
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-जबलपुर की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से (www.mptender.gov.in) (Department of Directorate of Health Services) दो लिफाफा पद्धति से प्रपत्र 'अ' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 15.09.2022 (निविदा जारी होने दिनांक तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर एवं आमंत्रित की जाती है।
**ई-निविदा सूचना क्रमांक-15/2023-24**

| सं.क्रं. | टेंडर नं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि रू. लाख में | जमा टेण्डर राशि रु. में | टेण्डर दर राशि रु. में | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_DHS _299925 | रानी दुर्गावती चिकित्सालय जबलपुर में फायर एन. ओसी तथा इलेक्ट्रिकल ऑडिट कार्य। चर्तुथ आमंत्रण | 21.59 | 43180.00 | 5000.00 | 01 माह वर्षा काल सहित |

उपरोक्त वेबसाईट पर आनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा निविदा क्रय दिनाक 29.8.2023 एवं 06.09.2023 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के पक्ष में देय हो । धरोहर राशि एवं वित्तीय आफर निर्धारित तिथि के अनुसार कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संभाग-जबलपुर माधवराव सप्रे मार्ग, मुख्य मार्ग क्रमांक-03, भोपाल के कार्यालय में खोली जायेंगी। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईड में देखी जा सकती है। इस निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन आवश्यक होने पर बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किये जायेंगें एवं निविदा को किसी भी स्तर पर निरस्त करने के अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है। उपरोक्त निविदा में भाग लेने हेतु निविदाकार को फायर फाईटिंग का कार्य अनुभव एव इलेक्ट्रिकल लाइसेंस अ श्रेणी का होना अनिवार्य है।
कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संभाग- जबलपुर
G-19071/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, सिवनी (म.प्र.)**
**निर्माण भवन, प्रथम तल, कलेक्टर कैम्पस, जिला- सिवनी (मध्यपदेश)**
दूरभाष क्र. 07692-225559 E-mail:-dpepiu.seoni@mp.gov.in, dpepiuseoni@gmail.com
एनआईटी नं.-22/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/जी/एपीडी जबलपुर दिनांक 25.08.2023
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| सं. क्रं | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | 2023_ PWPIU_ 302218_1 | जिला सिवनी में नवीन मेडिकल कॉलेज भवन हेतु फर्नीचर आपूर्ती एवं स्थापना का कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सिवनी (म.प्र.) | 2513.03 | 1256515.00 | 50000.00 | 07 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 26.08.2023 से दिनांक 09.09.2023 तक खरीदा जा सकेगा। अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, सिवनी (म.प्र.)**
G-19077/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालाघाट जिला बालाघाट (म. प्र.)**
**// उद्घोषणा //**
क्रमांक /441/रीडर कले./ 2023 बालाघाट, दिनांक 31/07/2023
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना प्रभारी थाना लामता जिला बालाघाट द्वारा इस्तगासा क्रमांक 02/2023 धारा 25 पुलिस एक्ट के अंतर्गत इस्तगासा प्रस्तुत किया गया है कि चौकी चरेगांव थाना लामता में 02 मोटर साइकिल वाहन क्रमांक MH31K4191 के स्वामित्व धारक का एवं वाहन क्रमांक MH35M6367 जो लावारिस क्षतिग्रस्त हालत में होने पर विधिवत जप्त किया गया तथा वाहन के संबंध में परिवहन कार्यालय गोंदिया से जानकारी प्राप्त की गई जो वाहन स्वामी मोहम्मद जलील खान पिता रशीद खान ग्राम चंगेरा थाना रावनवाडी गोंदिया के नाम दर्ज है द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर शपथ पत्र पर अपना वाहन लेने से इंकार किया गया है । उक्त वाहनों के संबंध में समाचार पत्रों आम सूचना प्रकाशन करने के बाद भी कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया गया है और ना ही निकट भविष्य में कोई दावा पेश करने की संभावना है । उक्त दोनों वाहन प्रथम दृष्टया लावारिस पाये जा रहे हैं ।

| स.क्र | वाहन का प्रकार | वाहन का रजिस्ट्रेशन नम्बर | इंजन नम्बर | चेसिस नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मो.साय. बजाज प्लेटिना | MH35M6367 | DUMBND02460 | MD2DDOZZZN WD32008 |
| 2. | मो.सा. हीरो पुक TURBO SPORT | MH31K4191 | EB333683 | CB87192 |

उपरोक्त वाहनों के स्वामित्वधारियों को आम ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 31/1/24 तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी बालाघाट में मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर अपना स्वामित्व अधिकार प्रस्तुत करें। नियत तिथि तक उपस्थित नहीं होने पर उक्त जप्तशुदा वाहनों की निलामी की कार्यवाही की जावेगी । नियत तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।
**कलेक्टर**
**जिला बालाघाट, (म.प्र.)**
G-19064/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालाघाट जिला बालाघाट (म. प्र.)**
**/ / आम ईश्तहार / /**
क्रमांक /3494/रीडर कले./ 2023 बालाघाट, दिनांक 13/07/2023
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुलिस थाना परसवाड़ा के थाना प्रभारी के द्वारा इस्तगासा कमांक 01/2023 धारा 25 पुलिस एक्ट के अंतर्गत इस्तगासा प्रस्तुत किया गया है। थाना प्रभारी के द्वारा इस्तगासा में अवगत कराया गया है कि दिनांक 11.06.2023 को थाना परसवाड़ा के परिसर में रखे वाहनों का निरीक्षण करने पर पाया गया कि थाना परिसर में लावारिस रखे हुए है। जप्ती माल रजिस्टर से उक्त वाहनों का मिलान करने पर उक्त वाहनों का जप्ती माल रजिस्टर में कोई रिकार्ड प्राप्त नही हो सका एवं थाना परिसर में खड़े वाहन के स्वामित्व की पतासाजी की गई एंव वाहनों के संबंध में पुलिस वेब साईट एमपी व्हीकल डिटेक्शन पोर्टल पर जाकर वाहनों की पतासाजी उनके नम्बर प्लेट पर दर्शाये हुए रजिस्ट्रेशनों के आधार पर किया। उक्त वाहनों का अन्य थानों से कोई रिकार्ड या संलिप्तता नहीं पाई गई। परसवाड़ा के जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया।

| स.क्र | वाहन का प्रकार | वाहन का रजिस्ट्रेशन नम्बर | इंजन नम्बर | चेसिस नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मोटर सायकल हीरो होंडा स्पलेंडर काले रंग | CG07G6939 | 03E18M26351 | 03C20C27925 |
| 2. | मोटर सायकल क्रक्स सिल्वर कलर | CG04A3900 | 5KA049840 | 01E5KA019840 |
| 3. | हीरो होंडा स्पेलेंडर काले रंग | MH31BA6222 | 02G18E35538 | 02G20F35144 |

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बालाघाट के आदेश क्रमांक / 3331 / रीडर कले. / 2023 बालाघाट दिनांक 15.06.2023 में थानों से धारा 25 पुलिस एक्ट के अंतर्गत प्राप्त जप्तशुदा वाहनों के नियमानुसार निराकरण किये जाने हेतु एवं वाहन के स्वामित्वों के संबंध में जांच उपरांत अंतरिम रूप से वाहन को सुपुदर्गी वाहन स्वामी को किये जाने के उपरांत अंतिम आदेश पर अनुमोदन हेतु नियमानुसार नस्ती प्रस्तुत किये जाने हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी बैहर को निर्देश दिये गये है।
उपरोक्त वाहनों के स्वामित्वधारियों को आम ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 13/01/2024 तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी बैहर में मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर अपना स्वामित्व अधिकार प्रस्तुत करें। नियत तिथि तक उपस्थित नहीं होने पर उक्त जप्तशुदा वाहनों की निलामी की कार्यवाही की जावेगी। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
**कलेक्टर**
**जिला बालाघाट, (म.प्र.)**
G-19099/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**इंडियन बैंक Indian Bank**
**इलाहाबाद ALLAHABAD**
**अंचल कार्यालयः जय स्तंभ चौक, सतना**
**फोन नं.: 07672 - 414418, 414406**
**विक्रय सूचना का प्रकाशन (ई- नीलामी द्वारा)**
**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल एवं चल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय नोटिस**
सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी/जमानतदार/बन्धककर्ता को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित सम्पत्तियों का इंडियन बैंक के पक्ष में प्रतिभूति हित का सृजन है जिसका कब्जा इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (4) के अंतर्गत लिया गया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, चार्जेस आदि वसूलने हेतु निम्न शर्तों एवं नियमों के अंतर्गत निम्नलिखित प्रतिभूति आस्तियों का **''जहाँ है जैसी है एवं बिना कोई आधार के''** आम जनता से निविदा का आमंत्रण कर ई- नीलामी दवारा विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। विक्रय अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्विस प्रदाता की ई- नीलामी वेबसाइट प्लेटफार्मः (1) https://www.ibapi.in (2) http://www.mstcecommerce.com पर संपन्न होगा। वर्तमान में संपत्ति पर **भौतिक कब्जा** नहीं है।

| क्रं. सं. | शाखा का नाम | (1) खाते का नाम एवं पता (2) ऋणी का नाम एवं पता प्रोपराइटर/पार्टनर/ डायरेक्टर का नाम (3) जमानतदार एवं उसके पिता/पति का नाम | (1) बंधक संपत्ति जिसकी नीलामी हो रही है का विवरण एवं (2) टाइटल डीड होल्डर का नाम | (1) मांग सूचना दिनांक (2) कब्जा दिनांक (3) सुरक्षित ऋण का विवरण | (1) आरक्षित मूल्य (2) धरोहर राशि (3) बिड बढ़ाने की राशि (4) विक्रय की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रीवा मेन | **ऋणी- मेसर्स रीवा मोटर्स (पार्टनरशिप फर्म)**, एन.एच-7, रठौरा, रीवा **पार्टनर- 2. श्रीमति ज्योतिमा सिंह पुत्री श्री महेश सिंह**, एचआईजी- 6, म.प्र. हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, जिला- सीधी (म.प्र.) **पार्टनर- 3. श्री विनायक सिंह पिता श्री विनोद सिंह**, एचआईजी- 6, म.प्र. हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, जिला- सीधी (म.प्र.) **बंधककर्ता/जमानतदार- 4. श्री विनोद सिंह पिता श्री सूर्य नारायण सिंह**, ग्राम/ पोस्ट- भटोला, पी.एस.- कोतवाली, तहसील- हुजूर, जिला- रीवा **बंधककर्ता/जमानतदार- 5. श्रीमति सावित्री सिंह पत्नि श्री राजेन्द्र सिंह**, ग्राम/ पोस्ट- भटोला, पी.एस.- कोतवाली, तहसील- हुजूर, जिला- रीवा | (1) सम्पत्ति के सभी भू- भाग आवासीय मकान सम्पत्ति स्वामी- श्री विनोद सिंह पिता श्री सूर्यनारायण सिंह स्थित खसरा नं. 344, वार्ड नं. 9, दक्षिण करौंदिया, सीधी (म.प्र.), रजिस्टर्ड सेल डीड नं. ए-1/2926/5 (95+99)/2439 दिनांक 11/12/2009, प्लाट एरिया 720 वर्गफुट। चतुर्सीमाः उत्तर- गोपद बनास रोड, दक्षिण- एप्लीकेन्ट की भूमि, पूर्व- विक्रेता की भूमि, पश्चिम- एप्लीकेन्ट की भूमि। Property ID No. IDIB50306053476 | 04-12-2018 / 07-11-2020 / Rs. 61,56,681/- + ब्याज 04.12.2018 से एवं अन्य खर्च | Rs. 26,25,000/- / Rs. 2,62,500/- / Rs. 25,000/- / दि. 20-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| | | | (2) सम्पत्ति के सभी भू-भाग सम्पत्ति स्वामी- श्री विनोद सिंह पिता श्री सूर्य नारायण सिंह, स्थित प्लाट नं. एमआईजी- 406, म.प्र. हाऊसिंग बोर्ड, प्रियदर्शनी नगर, सीधी (म.प्र.), रजिस्ट्रर्ड लीज डीड नं. A1/2923/6(8+15)/2328 दिनांक 27.11.2009, प्लाट एरिया 1813 वर्गफुट। चतुर्सीमाः उत्तर- प्लाट नं. एचआईजी- 405, दक्षिण- प्लाट नं. एचआईजी- 407, पूर्व- प्राईवेट भूमि, पश्चिम- 7.50 मीटर चौड़ी रोड। Property ID No. IDIB503060534761 | | Rs. 20,30,000/- / Rs. 2,03,000/- / Rs. 25,000/- / दि. 20-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| | | | (3) सम्पत्ति के सभी भू-भाग आवासीय मकान, सम्पत्ति स्वामी- श्रीमति सावित्री सिंह पत्नि श्री राजेन्द्र सिंह, स्थित खसरा नं. 676/2 एवं 676/3, रीवा बाणसागर रोड, वार्ड नं. 25, रीवा (म.प्र.), रजिस्ट्रर्ड सेल डीड नं. A1/6496/4(83+86)/6130 एवं A1/6440/5(92+96)/4831 एवं प्लाट एरिया 1350 वर्गफुट, चतुर्सीमाः उत्तर- श्री ललित कुमार की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व- 10 फुट चौड़ी रोड, पश्चिम- रामवतार सोंधिया की भूमि। Property ID No. IDIB503060534762 | | Rs. 33,30,000/- / Rs. 3,33,000/- / Rs. 25,000/- / दि. 20-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 2 | कटनी मेन | **ऋणी/बंधककर्ता : 1. श्रीमति उमा शिवहरे पत्नि श्री संतोष शिवहरे**, फ्लैट नं. 202, आरूष अपार्टमेन्ट, दुबे कॉलोनी, कटनी **जमानतदार- 2. श्री संतोष शिवहरे**, फ्लैट नं. 202, आरूष अपार्टमेन्ट, दुबे कॉलोनी, कटनी | सम्पत्ति के सभी भू-भाग सम्पत्ति स्वामी श्रीमति उमा शिवहरे, स्थित खसरा नं. 1487/16, एरिया 1114 वर्गफुट, मौजा- खिरहनी, एन.बी. 407, पी.सी. नं. 41/44, वार्ड नं. 17, फ्लैट नं. 202 (3 बीएचके), सेकेण्ड फ्लोर आरूष अपार्टमेन्ट, रफी अहमद किदवई वार्ड, दुबे कॉलोनी, तुलसी मैरिज गार्डन के पास, कटनी । चतुर्सीमाः उत्तर- फ्लैट नं. 201 एवं कॉरीडोर, दक्षिण- खुला आसमान, पूर्व- खुला आसमान, पश्चिम- फ्लैट नं. 204 Property ID No. IDIB50435455259 | 07-04-2021 / 16-02-2022 / Rs. 24,45,123/- + ब्याज 07.04.2021 से एवं अन्य खर्च | Rs. 25,00,000/- / Rs. 2,50,000/- / Rs. 25,000/- / दि. 20-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |

**ई- नीलामी की दिनांक एवं समय- 20/09/2023, सुबह 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक,**
**ई- नीलामी प्लेटफार्म https:ibapi.in and https://www.mstcecommerce.com, https://indianbank.in पर सम्पन्न होगी**
नोट- यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।
दिनांकः 03/09/2023, स्थान- सतना
प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

# देश-प्रदेश

उवाच

## भाजपा ने जनता का विश्वास जीता : शर्मा

**भोपाल।** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा ने विकास और गरीब कल्याण के कार्यों से जनता का विश्वास जीता है। जनआशीर्वाद यात्राओं के माध्यम से पार्टी के वरिष्ठ नेता जनता का आशीर्वाद मांगेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित करेंगे और इन यात्राओं का विधिवत समापन करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी नेता अमृतकाल की आकांक्षा नाम की सुझाव पेटियों के माध्यम से जनता के सुझाव लेंगे, जिनके आधार पर पार्टी का घोषणा पत्र तैयार करेगी।



मुख्यमंत्री ने अतिथि शिक्षक पंचायत में की कई घोषणाएं

# अतिथि शिक्षकों का मानदेय दोगुना होगा, शिक्षक भर्ती में मिलेगा 50 प्रतिशत आरक्षण



**भोपाल, देशबन्धु।** अतिथि शिक्षकों का मानदेय दोगुना होगा,जिसके तहत अब अतिथि शिक्षकों के साथ अनुबंध पूरे शैक्षणिक सत्र के लिए किया जाएगा। अतिथि शिक्षकों को नियमित करने की योजना भी बनाई जाएगी, वहीं शिक्षक भर्ती में अतिथि शिक्षकों का आरक्षण भी दोगुना कर दिया गया है। अब 25 प्रतिशत की जगह 50 प्रतिशत आरक्षण किया जाएगा। यह घोषणाएं शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाल परेड मैदान पर आयोजित अतिथि शिक्षक पंचायत में की। कार्यक्रम के दौरान स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि जब नियमित शिक्षक नहीं थे तब अतिथि शिक्षक के रूप में आपको पढ़ाने का दायित्व सौंपा गया। मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता है कि अतिथि शिक्षकों ने पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वाह किया। श्री चौहान ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार अतिथि शिक्षकों को प्रतिवर्ष 4 और अधिकतम 20 अंक बोनस के रूप में प्रदान किए जाएंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अतिथि शिक्षकों को माह की निश्चित तिथि को मानदेय की राशि प्राप्त हो। साथ ही पात्रता परीक्षा लेकर अतिथि शिक्षकों को नियमित करने की दिशा में योजना बनाई जाएगी। प्रदेश में वर्ग-1 में 15,920, वर्ग-2 में 38,294 तथा वर्ग-3 में 13,695 में कुल 67910 अतिथि शिक्षक है।

### 5 की जगह 10 और 9 के स्थान पर 18 हजार मिलेंगे

अतिथि शिक्षकों को अलग-अलग कालखण्डों के हिसाब से दिया जा रहा मानदेय अब मासिक किया जा रहा है। जिसके बाद अतिथि शिक्षक वर्ग-1 को अधिकतम 9 हजार रुपए के स्थान पर 18 हजार रुपए, अतिथि शिक्षक वर्ग-2 को अधिकतम 7 हजार रुपए के स्थान पर 14 हजार रुपए एवं अतिथि शिक्षक वर्ग-3 को अधिकतम 5 हजार रुपए के स्थान पर 10 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा।

प्रदेश भाजपा कार्यालय से वरिष्ठ नेताओं ने हरी झंडी दिखाकर रथों को किया रवाना

# प्रदेश के 5 स्थानों से निकलेंगी जनआशीर्वाद यात्राएं





**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा एक बार फिर जन आर्शीवाद यात्राएं शुरू कर रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को सतना जिले के मझगवां से जनआर्शीवाद यात्रा का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश के 5 स्थानों से निकलने वाली इन यात्राओं के लिए भोपाल स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय से रथों को हरी झंडी दिखाकर आज रवाना किया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, अश्विनी बैष्णव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने इन रथों को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सांरग, पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, जिला प्रभारी महेन्द्र यादव, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विवेक तिवारी, नरेंद्र शिवाजी पटेल, प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा, मिलन भार्गव, प्रदीप त्रिपाठी, बीडीए अध्यक्ष कृष्णमोहन सोनी, सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### इस बार भी मिलेगा जनता का आशीर्वाद : शिवराज

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जनता का आशीर्वाद लेने एक बार फिर जनआशीर्वाद यात्राएं शुरू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता पहले भी पार्टी को अपना आशीर्वाद देती रही है। 2003, 2008, 2013 में जनता ने अपना आशीर्वाद दिया। 2018 में भी हमें सबसे अधिक वोट जनता ने दिए। उन्होंने कहा कि इस बार भी भाजपा को ही जनता का आशीर्वाद मिलेगा।

## एशिया कप में भारत बनाम पाकिस्तान मुक़ाबला रद्द, बारिश बनी विलेन

**नई दिल्ली।** भारत ने पहले बल्लेबाज़ी की लेकिन बारिश ने दो बार मैच में खलल डाली. हालांकि भारतीय टीम अपने 50 ओवर खेलने में कामयाब रही. पाकिस्तान के तेज़ गेंदबाज़ों शाहीन शाह अफ़रीदी, हारिस रऊफ़ और नसीम शाह ने पूरी भारतीय टीम को 48.5 ओवरों में 266 रन पर ऑल आउट किया. लेकिन ब्रेक के दौरान एक बार फिर बारिश आई और पाकिस्तान की पारी शुरू नहीं हो सकी है. लगातार हो रही बारिश की वजह से इस मैच को रात 9.55 बजे रद्द करने की घोषणा की गई. इसके साथ ही भारत और पाकिस्तान दोनों टीमों को एक एक अंक मिले।

विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा को झटका

# रघुवंशी, शेखावत, बुंदेला सहित कई प्रमुख नेता कांग्रेस में शामिल



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के एक विधायक और एक पूर्व विधायक वर्तमान समेत कई प्रमुख नेता आज कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ व प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला की मौजूदगी में राज्य के अलग-अलग हिस्सों से 9 प्रमुख नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। खास बात यह है कि कोलारस के भाजपा विधायक वीरेंद्र रघुवंशी और भाजपा के पूर्व विधायक भंवर सिंह शेखावत ने भाजपा छोड़ने की वजह केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके समर्थकों को बढ़ता महत्व बताया है।

यह दोनों नेता सिंधिया और समर्थकों के खिलाफ काफी मुखर रहे हैं। इन्होंने अपनी उपेक्षा के साथ ही यह भी आरोप लगाया कि पार्टी में सिंधिया व उनके समर्थकों के प्रवेश के बाद मूल भाजपाईयों की उपेक्षा हो रही है। सिंधिया समर्थक मंत्री भेदभाव और भ्रष्टाचार कर रहे हैं। श्री रघुवंशी और शेखावत के अलावा 2 बार झांसी से सांसद रहे सुजान सिंह बुंदेला के पुत्र चन्द्रभूषण सिंह बुंदेला उर्फ गुड्डू राजा (सागर), छेदीलाल पांडेय (कटनी), अरविंद धाकड़ (शिवपुरी), सुश्री अंशु रघुवंशी (गुना), डॉ. केशव यादव (भिण्ड), महेन्द्र प्रताप सिंह (नर्मदापुरम) और पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता के भांजे आशीष अग्रवाल गोलू ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

### जनता भाजपा को विदा करेगी : कमलनाथ

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक समारोह में इन नेताओं के पार्टी प्रवेश पर स्वागत करते हुए कमलनाथ ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार व्याप्त है। आज हर व्यक्ति भ्रष्टाचार का शिकार या उसका गवाह है। कमलनाथ ने कहा कि विधानसभा चुनाव प्रदेश के भविष्य का चुनाव है, जनता भाजपा सरकार को विदा करेगी।

सुरजेवाला बोले-

### पहले 13 मंत्री हारे थे, अब 31 हारेंगे

प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि पिछली बार विधानसभा चुनाव में भाजपा के 13 मंत्री हारे थे। इस बार इसका उल्टा होगा और मध्य प्रदेश की इस कमीशन वाली सरकार के 31 मंत्री चुनाव हारेंगे। सुरजेवाला ने कहा कि 50 प्रतिशत कमीशन और भ्रष्टाचार इस सरकार का मुख्य धंधा है। जिस सरकार में दलित आदिवासी और महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, उन्हें चुल्लूभर पानी में डूब मरना चाहिए। भोपाल राजधानी है और यहां हर दिन एक महिला से बलात्कार क्यों हो रहा है।



### अब सारी घोषणाएं आचार संहिता के बाद करेंगे

सुरजेवाला ने कहा कि कमलनाथ जी के पिटारे में अभी बहुत माल है, वहीं एमपी में एक धोखेबाज सत्ता में है वो कमलनाथ जी की घोषणाओं को नकल कर रहा है। सुरजेवाला ने कहा कि कमलनाथ जी आपसे अनुरोध करता हूं कि आप आज कोई घोषणा न करें अब सारी घोषणाएं आचार संहिता के बाद करेंगे।

स्व-सहायता समूहों और मप्र सड़क विकास निगम के मध्य हुआ करार

# महिलाएं संचालित करेंगी टोल प्लाजा

**भोपाल, देशबन्धु।** अब महिलाएं टोल प्लाजा को संचालित करेंगी। आगर मालवा का चाचाखेड़ी, उज्जैन का कायथा और छतरपुर का संजयनगर टोल प्लाजा महिलाओं को दिए जाएंगे। इस संबंध में स्व-सहायता समूहों और मप्र सड़क विकास निगम के मध्य करार हुआ है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में आज मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम ने महिलाओं के स्व-सहायता समूहों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। समूह की महिलाओं के साथ मध्यप्रदेश रोड डेवल्पमेंट कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया ने एमओयू आदान-प्रदान किया।



आगर मालवा का चाचाखेड़ी, उज्जैन का कायथा और छतरपुर का संजयनगर टोल प्लाजा महिलाओं को दिए जाएंगे

उज्जैन-मक्सी मार्ग जिला उज्जैन के कायथा टोल-प्लाजा के लिए वराहमिहिर आजीविका संकुल स्तरीय संगठन की श्रीमती कौशर परवीन व श्रीमती निर्मिला परमार, शाजापुर दोपाड़ा नलखेड़ा मार्ग जिला आगर के चाचाखेड़ी टोल प्लाजा के ज्योति महिला सामुदायिक संकुल संगठन की श्रीमती राजूबाई व श्रीमती साधना शर्मा और मलहेरा चांदला मार्ग जिला छतरपुर के संजय नगर टोल प्लाजा के लिए प्रगति सामुदायिक महिला आजीविका संगठन की श्रीमती चमेली राजपूत व श्रीमती विद्या अहिरवार और मप्र सड़क विकास निगम के बीच करार हुआ। यह ऐतिहासिक पहल मप्र राज्य मंत्री मंडल के निर्णय के कारण संभव हो सकी है, जिसके अनुसार 2 करोड़ रुपए तक कलेक्शन वाले टोल प्लाजा का प्रबंधन महिला स्व सहायता समूहों को दिया जाएगा, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सके।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि टोल प्लाजा चलाना हिम्मत और दबंगई का काम समझा जाता है। प्रदेश में महिलाओं के स्व-सहायता समूह टोल प्लाजा संचालन की जिम्मेदारी ले रहे हैं यह महिला सशक्तिकरण का बड़ा उदाहरण है। मुझे पूरा विश्वास है कि बहनें अपने संकल्प में सफल होंगी और दक्षतापूर्वक टोल प्लाजा का संचालन करेंगी। दुनिया देखेगी कि मध्यप्रदेश की महिलाएं, पुरुषों के वर्चस्व वाले इस कार्य में भी नई उपलब्धियां अर्जित करेंगी। श्री चौहान ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे उत्साह, आत्मविश्वास व सकारात्मकता से काम करें और दुनिया को दिखाएं कि महिलाएं किसी भी गतिविधि में पीछे नहीं हैं।

आयुष आपके द्वार योजना

# मैदानी अमला घर-घर उपलब्ध करा रहा है चिकित्सा सेवा

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में एक अगस्त से शुरू की गई आयुष आपके द्वार योजना में आयुष विभाग का मैदानी अमला घर-घर पहुँच कर नागरिकों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा रहा है। आयुष आपके द्वार योजना 30 सितम्बर तक निरंतर संचालित होगी। आयुष संचालनालय ने विभाग के जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

यह योजना बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से जन-सामान्य के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हुए संचालित की जा रही है। भोपाल जिले में आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सा के 28 औषधालयों की टीम जिलेभर में भ्रमण कर रही है। गठित टीमें विशेष रूप से हाट-बाजार के दिन नागरिकों को साफ-सफाई और बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दे रही हैं। नागरिकों को आवश्यकता अनुसार दवाइयों का निःशुल्क वितरण भी किया जा रहा है। गठित टीमों ने जिले के स्कूल और कॉलेज में भी विद्यार्थियों को मलेरिया, डेंगू और डिहाइड्रेशन से बचाव की जानकारी दी।

बच्चों को मच्छरदानी के उपयोग एवं स्वस्थ और पौष्टिक आहार लेने के बारे में भी बताया गया। आयुष विभाग की टीम नागरिकों को योग के फायदों के बारे में भी जानकारी दे रही है। नियमित योगाभ्यास के लिये नजदीक के आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में भी जाने की सलाह दी जा रही है।

आयुष विभाग ने भारतीय चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञों को टेली-मेडिसिन के माध्यम से जोड़ा है। नागरिक एप को अपलोड कर विशेषज्ञों की सलाह ले सकते हैं। साथ ही नागरिकों को अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।

जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर तैयारी

# दिल्ली पुलिस ने की फुल ड्रेस रिहर्सल

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली पुलिस ने जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर शनिवार को पूरी वर्दी में अभ्यास किया और इस दौरान राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न इलाकों से आए कार के काफिलों को सुरक्षा प्रदान करते हुए अन्य स्थानों तक पहुंचाया गया।

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह अभ्यास सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक, अपराह्न साढ़े चार बजे से शाम छह बजे तक और शाम सात बजे से रात 11 बजे तक हुआ। अभ्यास के दौरान कुछ इलाकों में यातायात प्रभावित हुआ, इसलिए लोगों को मेट्रो सेवा का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई थी। अधिकारियों के मुताबिक, कार के काफिलों को विभिन्न जगहों पर सुरक्षित पहुंचाने के अभ्यास के दौरान सरदार पटेल मार्ग-पंचशील मार्ग, सरदार पटेल मार्ग-कौटिल्य मार्ग, गोल मेथी गोलचक्कर, मानसिंह रोड गोल चक्कर, सी-हेक्सागन, मथुरा रोड, जाकिर हुसैन मार्ग-सुब्रमण्यम भारती मार्ग, भैरों मार्ग-रिंग रोड, सत्य मार्ग शांतिपथ गोलचक्कर, जनपथ-कर्तव्य पथ, बाराखंबा रोड रेड लाइट, टॉल्स्टॉय मार्ग और विवेकानंद मार्ग आदि पर यातायात प्रभावित रहा।

एक सूचना जारी कर पुलिस ने पहले ही कहा था कि कि लोगों को इन मार्गों पर सामान्य से अधिक यातायात मिल सकता है, इसलिए उन्हें यात्रा की पहले से विस्तृत योजना बनाने और निर्दिष्ट समय में इन मार्गों का इस्तेमाल करने से बचने की सलाह दी जाती है।

# बांग्लादेशी नागरिक को एटीएस ने किया गिरफ्तार

**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के नागपुर में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने एक दशक से अधिक समय से अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार किया गया व्यक्ति शुरू में एक बौद्ध भिक्षु था और फिर एक जिम ट्रेनर बना और वह अन्य बांग्लादेशी नागरिकों को धोखाधड़ी से भारतीय पासपोर्ट प्राप्त करने में मदद करने वाला रैकेट भी चला रहा था। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान पलाश बिपन बरुवा के रूप में हुई, उसे शुक्रवार को आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने गिरफ्तार किया था।

# मणिपुर में लूटे गए हथियार बरामद

**इंफाल, एजेंसी।** संयुक्त सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम, कांगपोकपी और थौबल जिलों में लूटे गए पांच हथियार, छह अलग-अलग प्रकार के गोला-बारूद और सात शक्तिशाली बम बरामद किए हैं।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों में सशस्त्र प्रतिद्वंद्वी समूहों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी की सूचना मिली है। हालांकि, इलाके में तैनात सुरक्षा बलों ने जवाब दिया और बाद में गोलीबारी कम हो गई।

पुलिस ने बताया कि स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। इस बीच, आवश्यक वस्तुओं के साथ इंफाल-जिरीबम राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-37) पर 220 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है।

सभी संवेदनशील स्थानों पर सख्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं और वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील हिस्सों में सुरक्षा काफिला उपलब्ध कराया गया है।

# कश्मीर में ठगी के आरोप में महिला गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शनिवार को कथित तौर पर पुलिस अधिकारी के रूप में ठगी करने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया गया। कुंजेर थाने में एक स्थानीय व्यक्ति वासिफ हसन ने शुक्रवार को शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद महिला को गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि बस यात्रा के दौरान एक महिला ने उससे संपर्क किया, जिसने खुद को आशिया बताया और खुद को वर्तमान में कुंजर थाने में तैनात एक उप-निरीक्षक के रूप में पेश किया।

## 50 करोड़ की कोकीन जब्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने शमशाबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री से पांच किलोग्राम कोकीन जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने एक यात्री को पांच किलो मादक पदार्थ कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। कोकीन को भूरे रंग के टेप में सावधानी से लपेट कर सूटकेस में छुपाया गया था। जिसकी अनुमानित कीमत 50 करोड़ रुपए आंकी गई है।


**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा**

**संकेत एवं दूरसंचार विभाग**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांकः** जबल-एन-सिंग.-टेण्डर-2023-17, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में ट्रैक नवीनीकरण से संबंधित संकेत एवं दूरसंचार कार्य, **निविदा का अनुमानित मूल्य (रू. में):** 31481053.22, **निविदा फार्म की कीमत (रू.)-** 0.0 **कार्यालय का पताः** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर, **बयाना राशि रूपयेः** रू 307400/-, **समापन अवधि (माह):** 06 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समयः** दिनांक 26.09.2023 को 15.00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट "https://irepsg.gov.in" पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाईन आवेदन की जा सकती है।

**मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार)**
**पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY N0 2694002L, RANK-HAV, NAME- SHAKIL AHMED, UNIT- 21 GRENADIERS R/O VILLAGE- PITHUSAR, POST- PITHUSAR, TEH- MALSISAR, DISTT- JHUN-JHUNU, STATE- (RAJ) PIN- 331028 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम SHABIR ALI KHAN दर्ज है जो कि गलत है। मेरे पिताजी का सही नाम SABIR ALI है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरे पिताजी के इन नाम को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- SHABIR ALI KHAN
सही नाम- SABIR ALI

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO JC-452410Y, RANK- SUB, NAME- SIVARAJ SINGH DEWRA, UNIT- 12 GRENADIERS निवासी VILLAGE- RALYA KHEDA, POST- HAMIRGARH, TEH- BHAN-PUR, DISTT- MANDSAUR, STATE- (MP) PIN- 458775 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम JYOTI BALA दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही एवं वास्तविक नाम JYOTI KUNVAR RAJPUT है जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी पत्नी के इस नाम JYOTI KUNVAR RAJPUT को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- JYOTI BALA
सही नाम- JYOTI KUNVAR RAJPUT

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/19-20.. दि.29/08/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आशीष कुशवाहा पिता स्व. बी.एल. कुशवाहा, ऋचा राजानी/श्री कन्हैयालाल राजानी ने वार्ड क्र. 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक फ्लैट नं. एफ-05 अंजनी अपार्ट. तिलहरी संपत्ति के पिन क्रमांक 1002147265, 46705365 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा ..... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल तल 957 व.फु. आर.सी.सी. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री विपिन चतुर्वेदी पिता श्री सुबोध कुमार चतुर्वेदी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**नाम में सुधार की सूचना**

मैं SHAILENDRA KUMAR SAHU S/O LATE KEWAL CHAND SAHU यह सूचित करता हूँ कि मेरी कक्षा 10 वीं की अंकसूची में मेरा नाम SHILENDRA KUMAR SAHU लिखा हुआ है जिसे बदलकर मैंने अपना नाम SHAILENDRA KUMAR SAHU रख लिया जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बैंक पासबुक आदि में लिखा हुआ है। अतः मेरे नाम को SHAILEN-DRA KUMAR SAHU ही पढ़ा लिखा एवं समझा जावें।

पूर्व नाम - SHILENDRA KUMAR SAHU
वर्तमान - SHAILENDRA KUMAR SAHU

पता- 510, BHANTA-LAIYA, BADI KHERMAI KHERMAI WARD, JABALPUR (MP) PIN - 482001

र.नं. 1098

**नाम सुधार सूचना**

मैं श्रीमति पुष्पा पटेल पति श्री उमेश सिंह पटेल उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 3 शिवनगर वार्ड दुर्गा कॉलोनी छपारा जिला सिवनी म.प्र. की निवासी हूं। यह कि मेरा खाता नं. 53011701794 स्टेट बैंक महानद्दा जबलपुर पुष्पलता पटेल शादी के पूर्व का नाम संचालित है। यह कि मेरे सभी दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड, परिवार आईडी, परिचय पत्र में श्रीमति पुष्पा पटेल सही नाम दर्ज है। यह कि मुझे अब श्रीमति पुष्पा पटेल पति उमेश सिंह पटेल के नाम से जाना-पहचाना जाता है। यह कि पुष्पा पटेल एवं पुष्पलता पटेल दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

सही नाम-श्रीमति पुष्पा पटेल
गलत नाम- पुष्पलता पटेल

र.नं. 1095

**नाम सुधार सूचना**

मै अमित पाठक उम्र 47 वर्ष पिता स्व. रमाकांत पाठक निवासी एचआईजी-31 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जसूजा सिटी के बाजू में धनवन्तरी नगर गढ़ा जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. पर निवास करता हूं। यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में मरे पुत्र का नाम संस्कार पाठक दर्ज है एवं उसकी मार्कशीट/शैक्षणिक दस्तावेज में उसका नाम वरुण पाठक दर्ज है। यह कि संस्कार पाठक एवं वरूण पाठक उक्त दोनों नाम मेरे पुत्र यानि एक बालक के नाम हैं। यह कि मैं अपने पुत्र के सभी दस्तावेजों में उसका नाम वरूण पाठक कराना चाहता हूं। जिससे मेरे पुत्र का नाम सभी दस्तावेजों वरूण पाठक लिखा, पढ़ा एवं दर्ज किया जावे। यह कि मेरे एक मात्र पुत्र वरूण पाठक की जन्मतिथि 22/08/2010 है जो कि उम्र के हिसाब से नाबालिग है। जिस हेतु मेरे द्वारा यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

सही नाम- वरुण पाठक
गलत नाम- संस्कार पाठक

र.नं. 1096

# साहित्य

कहानी

# एक नन्ही मुस्कान



■ गीतांजलि श्री

कपड़े बदलते हुए राजन ने रीता से कहा, जो रसोई घर में रात की खाने के तैयारी कर रही थी :

''लिफ्ट में आते समय डॉ. पमनानी को लिफ्ट से बाहर निकलते देखा, बिल्डिंग में शायद कोई बीमार है।''

रीता ने हाथ में पकड़ी हुई खाने की चीजें मेज पर रखीं और प्लेटें नेपकिन से पोंछते हुए कहा, ''रति बीमार है, आज ऑफिस भी नहीं गयी।''

खाने का पहला कौर मुँह में डालते हुए राजन के कहा : ''आज ऑफिस में मुझसे काम नहीं हो पा रहा था, ऐसा लग रहा था जैसे तबीयत ठीक नहीं है।''

रीता ने राजन की ओर जाँचती हुई दृष्टि से देखा, फिर खाना खाते हुए कहा, ''बुधवार की छुट्टी है, आप डॉक्टर से जाँच करवा लें।''

''बच्चे क्या कर रहे हैं ?

''पढ़ रहे हैं, टर्मिनल टेस्ट होने वाला है।''

दोनों चुपचाप खाना खा रहे थे। महानगर का कोलाहल धीरे-धीरे कम हो रहा था। रीता ने कहा, ''भगवान के पास न्याय नहीं है।''

राजन भीतर-ही-भीतर जैसे चौंक पड़ा। प्रश्नवाचक दृष्टि से पत्नी की ओर देखने लगा।

रीता ने कहा, ''रति कितनी अच्छी स्त्री है, पर पति कैसा किस्मत में लिखा हुआ था। अच्छे-भले, खाते-पीते घर की लड़की कहाँ आ पड़ी। कहते हैं, उसका पति अब रोज पीकर आता है। पता है, तरक्की के बाद रति की तनख्वाह बढ़ गयी है ?''

राजन कोई भी उत्तर नहीं सोच सका। वह चुपचाप खाना खाता रहा। दूसरे कमरे से बेटी की पुस्तक पढ़ने की आवाज आ रही थी।

बात को आगे बढ़ाते हुए रीता ने कहा, ''रति अब अफसर बन गयी है। उसकी तनख्वाह एक हजार बढ़ गयी है।''

राजन के चेहरे पर कुछ गम्भीरता आ गयी, जैसे कोई खास खबर सुनी हो।

''बेचारी रति, सुबह को जल्दी उठकर घर का कामकाज करके बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करती है। सबको नाश्ता देकर, दोपहर का खाना बनाकर पति को देती है और खुद लेकर दफ्तर जाती है। सारा दिन दफ्तर में काम करने के बाद, घर लौटने पर फिर काम।'' रीता के स्वर में स्त्री की पीड़ा छुपी थी।

राजन ने कोई उत्तर नहीं दिया।

राजन का मन कुछ देर तक अपने भीतर कुछ टटोलता रहा। फिर एकाएक वह चौंक पड़ा। कई दृश्य उसकी आँखों के सामने चलचित्र की तरह घूमने लगे।

रोज सुबह उठने में देर हो जाने के कारण पहला विचार जो राजन के मन में आता है, वह यह कि उसकी रोज वाली बस कहीं छूट न जाए। वह हर काम जल्दी-जल्दी करता है। बार-बार घड़ी देखता है।

जल्बाजी में नाश्ता भी पूरा नहीं करता है। कई बार पेन मेज पर छूट जाता है। बेल्ट भी लिफ्ट में उतरते-उतरते बाँधता है। रास्ते पर उसके पैर चलते नहीं, दौड़ते हैं। उसे अपनी ही फुर्ती पर आश्चर्य होता है। बस स्टॉप पर पहुँचकर रति को वहाँ लगी लाइन में खड़े देखकर उसे राहत-सी होती है। रति का कतार में होना इस बात का संकेत है कि उसकी बस अभी नहीं आयी है। वह कुछ धीमे चलने लगता है। सोचता है चिन्ता करना, अपने आप को रौंदना, उसकी आदत बन गई है। फालतू बातें और भ्रम मन में पालना उसके स्वभाव का हिस्सा बन गये हैं। वह बस के बारे में ऐसे सोचता है, जैसे वह बस स्टैंड उसकी जिन्दगी की दौड़ की मंजिल हो।

रीता ने कहा, ''राजन, भगवान ने स्त्रियों का जीवन इतना दु:खमय क्यों बनाया है ? बदलते हुए इस समय में कहा जाता है कि सब कुछ बदला है, पर स्त्री का भाग्य कहाँ बदला है ?''

राजन कुल्ला करके आ गया था। तौलिए से हाथ पोंछते हुए पूछा, ''क्या मिस्टर साजनानी बहुत ज्यादा पीने लगे हैं ?''

रीता ने कहा, ''सुना है, अब तो धन्धे पर भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। सारा धन्धा चौपट हो गया है। अब तो पत्नी की तनख्वाह से ही घर चल रहा है।''

राजन ने सूखे स्वर में कहा, ''यह धन्धा भी तो रति के पिता ने ही शुरू करवा कर दिया था।''

रीता ने उसाँस भरते हुए कहा, ''माँ-बाप-बेटी के लिए सौ आशाएँ रखें, हजार कोशिशें करें, पर किस्मत भी साथ दे, तब न।''

राजन को दफ्तर में बिताया दिन याद आया। रीता से बोला, ''मैं आज स्वयं को थका-थका अनुभव कर रहा हूँ। ऑफिस में काम करने में मन नहीं लग रहा था।''

''सोफे पर आराम से बैठकर टी. वी. देखिए, पर आवाज कम रखिएगा। बच्चों की पढ़ाई में डिस्टर्ब होगा। मैं जरा रति को देख आऊँ।''

राजन सोफे पर बैठकर टी. वी. देखने लगा। चित्रहार चल रहा था। फिल्मी गीतों पर नायक-नायिका नाचते-कूदते चक्कर लगा रहे थे। पीछे के दृश्य बार-बार बदल रहे थे। नायिका कभी साड़ी में, कभी सरवार-कुर्ते में तो कभी जींस, टी-शर्ट में नाच रही थी। हमेशा की तरह आज भी यह कार्यक्रम राजन को बहला न सका। उसे लगा कि उसका मन उखड़ा-उखड़ा है। टी. वी. में नाचते लोग उसे मनुष्य न लगकर, बैटरी से चलने वाले प्लास्टिक के खिलौने लग रहे थे। उसने उठकर टी. वी. बन्द कर दिया।

रीता दूसरे कमरे में बच्चों को सुलाने की तैयारी कर रही थी और बच्चे किसी बात पर आपस में बहस कर रहे थे। अचानक राजन को विचार आया कि आज उसे रति की मुस्कुराहट नहीं मिली। क्या इसी कारण वह उखड़ा हुआ था ? आज ऑफिस में काम करने में मन भी नहीं लग रहा था। ऐसा कैसे हो सकता है ? रति और मुझमें कोई सम्बन्ध नहीं है। हमने आपस में बात करने या पास आने का भी प्रयत्न नहीं किया।

वह सोचने लगा, 'इन्सान की जिन्दगी कितनी बेतुकी और थका देने वाली है। रोज-रोज वही काम करने पड़ते हैं, बिना किसी उद्देश्य के। जिन्दगी का जैसे कोई अर्थ नहीं रह गया है। जीना जैसे एक आदत बन गई है।' आज ऑफिस में काम करते समय, उसका शरीर और आत्मा दोनों थके हुए थे।

उसी समय रीता पास वाले घर से वापस आई, बोली, ''थोड़ी देर हो गई, टी वी. क्यों बन्द कर दिया ?''

''देखने में मजा नहीं आया।''

''आप आज कुछ थके-थके लग रहे हैं। मैं बच्चों को सुलाकर अपना बिस्तर ठीक कर आती हूँ। आप एस्प्रीन की गोली खाकर सोना, नींद आ जाएगी।'' दरवाजे के पास पहुँचकर रीता ने पति की ओर देखा और फिर बोली, ''रति को एक सौ दो बुखार था, पर बुखार में भी वह मुस्कुरा रही थी।''

उसे देखकर रति के चेहरे पर एक छोटी-सी, पर अपनत्व भरी, कुछ दु:ख-भरी, कुछ सुख-भरी दूज के पतले चाँद की तरह बारीक मुस्कुराहट दिखाई देती है। राजन जानता है, यह मुस्कान उसके लिए है और उसके अपने चेहरे पर उसकी जानकारी के बिना मुस्कुराहट तैर जाती है। वह सुबह की सारी तकलीफें, सारी परेशानियाँ भूल जाता है। जब वह बस में अपनी सीट पर बैठा रहता है और बस शहर की रणभूमि की सेनाओं के बीच रास्ता बनाती, बँधी आँखों वाले घोड़े की तरह दौड़ती रहती है तब वह नन्हीं मुस्कान, गुब्बारे की तरह फूलकर उसके हृदय को अनजानी प्रसन्नता से भर देती है। उसके हृदय से प्रवाहित होने वाला रक्त, उस मुस्कान को उसके सारे शरीर में फैला देता है। वह भूल जाता है कि रति भी इसी बस में कहीं बैठी है। सिर्फ वह मुस्कान उसके साथ होती है और उसके शरीर में टॉनिक की तरह ताकत और ताजगी का संचार करती रहती है।

उसने और रति ने आपस में कभी बात नहीं की है। उन्हें इतना पता है कि वे पड़ोसी हैं, एक-दूसरे के पास रहते हैं। उनकी आत्माएँ एक-दूसरे के इर्द-गिर्द फड़फड़ाती रहती हैं। राजन को लगता है, वह मृत नहीं है। बस में बैठे और मनुष्य भी निर्जीव नहीं हैं। रास्ते के दोनों ओर बनी इमारतें महज दीवारें नहीं हैं। उनके भीतर धड़कते हृदय है। शायद रति की यह नन्ही मुस्कान, उसके निरर्थक जीवन को थोड़ी देर के लिए अर्थवान बना देती है। बड़े शहरों में बस की यात्रा प्राय: लम्बी होती है। कभी-कभी लगता है कि यह .यात्रा पूरी नहीं होगी, पर हरेक बस किसी मुकाम पर आकर रुक जाती है। सारे यात्री वहाँ उतरते हैं। बस खाली खोका बन जाती है। राजन का दफ्तर आखिरी स्टॉप के पास में है और रति का कुछ और दूर। दोनों बस के आखिरी स्टॉप पर उतरते हैं और लोगों की भीड़ में खो जाते हैं। खो जाने के पहले राजन की निगाहें रति की आँखों को ढूँढ़ लेती हैं। अनजाने में ही उसके चेहरे पर मुस्कुराहट आ जाती है। प्रत्युत्तर में रति के चेहरे पर भी एक नन्हीं से मुस्कुराहट तैर आती है। यह सब राजन की आदत-सी बन गई है। उसे लगता है कि जब उसका आँखें रति की आँखों को ढूँढ़ लेती हैं, तब रति भी शायद उसकी निगाहों की प्रतीक्षा में होती है। शायद उसकी मुस्कुराहट न पाकर वह कुछ खो जाने जैसा अनुभव करती है।

रीता दूसरे कमरे में बच्चों को सुलाने की तैयारी कर रही थी और बच्चे किसी बात पर आपस में बहस कर रहे थे। अचानक राजन को विचार आया कि आज उसे रति की मुस्कुराहट नहीं मिली। क्या इसी कारण वह उखड़ा हुआ था ? आज ऑफिस में काम करने में मन भी नहीं लग रहा था। ऐसा कैसे हो सकता है ? रति और मुझमें कोई सम्बन्ध नहीं है। हमने आपस में बात करने या पास आने का भी प्रयत्न नहीं किया। मौका मिलने पर भी हम दोनों बस में कभी पास नहीं बैठे हैं। हम दोनों एक-दूसरे के इतना पास या दूर हैं, जितने दो तारे। राजन ने स्वयं से पूछा, 'क्या यह सत्य हो सकता है कि वह मुस्कुराहट मुझे सारे दिन ताजगी देती है ? सारा दिन मेरे चारों ओर उसका असर बना रहता है ?'

उसी समय रीता कमरे में आयी। बोली, ''मैंने बिस्तर बिछा दिया है।'' दोनों सोने के कमरे में आये। राजन ने रोज की तरह पलंग पर बैठते ही टेबल-लैम्प नहीं जलाया।


रीता ने आश्चर्य से पूछा = ''क्या, आज किताब नहीं पढ़ेंगे ?'' राजन की आदत थी कि सोने से पहले वह कुछ देर तक कोई किताब या पत्रिका पढ़ता था।

'नहीं।' उसने कहा और तकिए पर सिर रख लेट गया।

बत्ती बुझाकर रीता, राजन के पास लेट गयी। बोली, ''रति को डॉक्टर कह गया है कि उसे हफ्ते भर तक आफिस नहीं जाना चाहिए।''

राजन अँधेरे में छत की ओर देखते हुए सोचने लगा कि इस सप्ताह रति की मुस्कुराट पाए बिना, उससे ऑफिस में काम कैसे होगा?

---



# राखी

■ नज़ीर अकबराबादी

चली आती है अब तो हर
कहीं बाज़ार की राखी
सुनहरी सब्ज़ रेशम ज़र्द और गुलनार की राखी

बनी है गो कि नादिर ख़ूब हर सरदार की राखी
सलोनों में अजब रंगीं है उस दिलदार की राखी

न पहुँचे एक गुल को यार जिस गुलज़ार की राखी
अयाँ है अब तो राखी भी चमन भी गुल भी शबनम भी

उठाना हाथ प्यारे वाह-वा टुक देख लें हम भी
तुम्हारी मोतियों की और ज़री के तार की राखी

कहाँ नाज़ुक ये पहुँचे और कहाँ ये रंग मिलते हैं
चमन में शाख़ पर कब इस तरह के फूल खिलते हैं

जो कुछ ख़ूबी में है उस शोख़-ए-गुल-रुख़सार की राखी
फिरें हैं राखियाँ बाँधे जो हर दम हुस्न के तारे

तो उन की राखियों को देख ऐ जाँ चाव के मारे
पहन ज़ुन्नार और क़श्क़ा लगा माथे उपर बारे

'नज़ीर' आया है बाम्हन बन के राखी बाँधने प्यारे
बँधा लो उस से तुम हँस कर अब इस त्यौहार की राखी

---

लघुकथा ■ प्रभा दीक्षित

# वर्तमान काल-कथा

वह गांव से भाग कर शहर आया है ताकि कुछ मेहनत मजदूरी कर के अपने आपको एवं परिवार को जीवित रख सके। एक सप्ताह भटकने के बाद भी उसे काम नहीं मिला। भूख के कारण उसे दिन में तारे दिखाई दे रहे हैं। वह भीख मांगने की सोच रहा है, मगर भीख मांगने की आदत नहीं है। तभी उसने देखा शहर की चालू सड़क पर एक मंदिर बना है जहां भिखारियों की भीड़ है। उसने सोचा यहां अवश्य कुछ खाने को मिलता होगा। वह भीड़ से कुछ अलग भीड़ में शामिल हो गया है। तभी एक भक्त पाव भर मिठाई के साथ मंदिर के बाहर आते हैं। भिखारियों की भीड़ उन्हें घेरे हैं। वह एक छोटा पेड़ा सबको देते हुए आगे बढ़ते हैं और उस गंवई युवक से कहते हैं 'लो भाई प्रसाद लो।' वह अंजुरी बांधकर दोनों हाथ फैला देता है। एक दस ग्राम का पेड़ा उसके हाथ में है, वह खाने जा रहा था तभी बगल में एक भिखारी बालक गिड़गिड़ा कर कहता है- ''मुझे भूख लगी है।'' युवक के सामने गांव में छोड़ा हुआ उसका बच्चा साकार हो उठता है। वह उसे पेड़ा देकर आगे बढ़ जाता है और एक पार्क में जाकर ढ़ह जाता है।

सुबह के अखबाार में एक छोटी सी खबर है पार्क में लावारिस युवक की लाश पाई गई। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के अनुसार-भूख, प्यास के कारण उसकी मृत्यु हो गई।

---

# बाजारवाद में 'घिस रहा है धान का कटोरा'





समीक्षक : अरविन्द श्रीवास्तव

नागार्जुन अपनी कविता 'सिके हुए दो भुट्टे' में लिखते हैं- 'सिके हुए दो भुट्टे सामने आए तबीयत खिल गई, दाँतों की मौजूदगी का सुफल मिला तबीयत खिल गई' .. नागार्जुन की इस कविता का नायक- अखिलेश ने अपनी मेहनत से जिन पौधों को उगाया था, वार्ड नंबर दस के पीछे जेल की क्यारियों में। ढाई महीने पहले की अखिलेश की खेती इन दिनों अब जाने किस-किस को पहुँचा रही है सुख। बीसियों जने आज अखिलेश को दुआ दे रहे हैं। सिके हुए भुट्टों का स्वाद ले रहे हैं डिस्ट्रिक्ट जेल की चाहरदीवारियों के अंदर नागार्जुन की इन पंक्तियों में जो वेदना छिपी है, वह वर्तमान व्यवस्था को बड़ी मुलायमियत से बेनकाब करती है। यह महज संयोग है कि किसानी संस्कृति पर अपनी बेबाक लेखन के लिए चर्चा में आये कवि लक्ष्मीकांत मुकुल द्वारा नव सृजित संग्रह 'घिस रहा है धान का कटोरा' वर्तमान हालात से दो-दो हाथ करने को उतारू हैं । संग्रह में समाहित कुल पचहत्तर कविताएं समय की कुव्यवस्था को न केवल आईना दिखलाती हैं, बल्कि बहुत कुछ सोचने को विवश भी करती हैं। ठेठ देशज व आंचलिक अंदाज की ये कविताएं बगैर किसी लाग-लपेट के पाठकों के जेहन को एक नए अहसास का आस्वादन कराती हैं। संग्रह में कृषि कर्म, ग्रामीण संस्कृति, हमारी परंपरा और पर्यावरण की चिंता इनकी कविताओं के केंद्र बिंदु रहे हैं, बहरहाल इनकी लेखनी की जद में अनेक ऐसे अछूते विषय भी हैं, जहां एक सधा हुए कवि ही पहुंच सकता है । विकासवाद के अंधी दौड़ में भागती दुनिया में जो पीछे छूट रहा है, उसकी नोटिस कवि बेहद मार्मिकता से करता हैं, जैसे- भलुआहीं मोड़ की फुलेसरी देवी के मन में/ बसी है छोटी लाइन/ वह बालविवाहिता दहेज दानवों से उत्पीड़ित/ खूंटा तोड़कर भागी थी घर से/ इसी रेलगाड़ी पर किसी ने दी थी उसे पनाह।

कवि का मुख्य फोकस कृषि कर्म से जुड़े धरती पुत्र श्रमिकों पर रहा है, उनकी दशा का चित्रण बड़े ही सटीक ढंग से करते हुए वह कहता है - कौन है वह शातिर चेहरा/ जो छीन रहा है जनता से/ कृषि योग्य भूमि का अधिकार/ सेज, हाइवे, बांधों रेलखंडों के नाम/ कौन बुला रहा है विदेशी कम्पनियों को/ कारपोरेट खेती करने, एग्रो प्रोसेसिंग इकाइयां बनाने के लिए/ हमारी छाती पर मूंग दलते हुए/ हाईब्रिड बीजों, केमिकल खादों, जहरीली दवाओं/ महँगे यंत्रों से कौन चीरहरण करना चाहता है, हमारी उर्वरता का ?




कवि का मानना है कि बाजार व्यवस्था की पीठ पर पलथी मारे बैठे हैं जल्लाद, नए अवतार में नई चालबाजियां चलते हुए, हमारा ध्यान भटकते हुए नित्य नई युक्तियों से !

कवि लक्ष्मीकांत मुकुल शांत सहज प्रकृति के कवि हैं, उनकी चिंतन का दायरा समस्त ब्रह्मांड है, स्वभाविक है, पर्यावरण के प्रति उनका नजरिया भी संवेदनशील होगा, 'यह कैसा समय है' शीर्षक कविता में वे कहते हैं- यह कैसा समय है, जब कजरारी घटाएं भूल जाती हैं बरसने की जिम्मेदारी, वनस्पतियां भूल जाती है समयानुसार फूलना-फलना, मौसम बदल रहा है, ऋतु-चक्र का प्रत्यावर्तन, मौसमी हवाएं पल बदलकर, पश्चिमी विक्षोभ में हो रही है शामिल !

कवि ने अभी बीते कोरोना काल के दंश को देखा और भोगा है, जिसके ताण्डव से पूरी दुनिया कांप गयी थी, कवि मानता है कि - गहरी साजिशों के तहत/ वे शैतान उत्पन्न कर रहे हैं मनुष्यता के विरुद्ध जैविक औजार/ जिनके पास गुण नहीं होते, बांझ पपीते में लाने को फल/ जिनके जनमाये रोबोट नहीं बना सकते, मधुमक्खियों जैसे शहद बूंद/ उनके बनाए हाइड्रोजन बमों से बंजर हो चुकी मरुभूमियों पर, नहीं बरसाई जा सकती झमाझम बारिश, जिससे गदाराकर उभर आती, गर्भवती स्त्री सदृश्य इस धरती की काया ! सच में कोरोना काल की भयावहता के लिए शब्द तामिर नहीं हो सकते, कवि अपनी सौभाविक मुलायमियत का परिचय देते हुए कहता है कि कोरोना जैसे दानव-दूतों के आगमन से रोकी जा रही है मिलने-जुलने की संभावनाएं, स्वजनों को छूने-चूमने पर लग गया है कर्फ़्यू !

समकालीन कविता में प्रेम और युद्ध की चर्चा वैश्विक स्तर पर होते रही है, जैसे इसके बगैर कोई संग्रह मुकम्मल नहीं हो सकता ।'घिस रहा है धान का कटोरा' में कवि ने इन विषयों पर गंभीरता से विमर्श किया है 'युद्ध' कविता की बानगी दीगर है- युद्ध की भाषा उन्मादी होती है, जिसमें शामिल होते हैं विध्वंसक तत्व, इमारतों को नष्ट करने, खड़ी फसलों को ख़ाक में मिलाने के लिए, दूधमुहें बच्चों को माँ की आँचल से दूर करने की साज़िश, चरवाहों को उनके पशुओं, किसानों को उनके खेतों से, बेदखल करने की सनक.. तानाशाह का दर्प अट्टहास करता है, युद्ध की भाषा की शैली में, दूसरों से छीन लेने की आजादी.., युद्ध थोपने वाला चाहता है, कि वह छीन ले मासूम बच्चों की हंसी, कामगारों के हाथों से कुदाल, नौजवानों के पास से सपनें, बूढ़ों के सहारे की छड़ी..!

इस संग्रह में कवि ने प्रेम के लिए पर्याप्त स्पेस बचाए रखा है, कवि जानता है कि प्रेम से ही इस धरा पर सुख, शांति और संपन्नता का बीजारोपण हो सकता है और नकारात्मकता को खदेड़ा जा सकता है। प्रेम के अपने अहसास को कवि शब्दों में व्यक्त करते हुए लिखता है कि- मदार के उजले फूलों की तरह, तुम आयी हो कूड़ेदान भरे मेरे इस जीवन में, तितलियों, भौरों जैसा उमड़ता, सूंघता रहता हूँ तुम्हारी त्वचा से उठती गंध, तुम्हारे स्पर्श से उभरती चाहतों की कोमलता, तुम्हारी पनीली आंखों में छाया पोखरे का फैलाव..!

कवि ने अपने कविता कर्म में तनिक भी कोताही नहीं की है। कवि की सक्रियता देश की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में उनके लेखन से भी की जा सकती है, अनेक भाषाओं में अनुदित इनकी कविताएं बिहार के बक्सर जनपद से उठकर विश्व पटल पर अपनी खुशबू बिखेर रही है ! कवि के लिए साधुवाद व स्वस्थ जीवन की मंगलकामनाएं करता हूँ ।

**पुस्तक : घिस रहा है धान का कटोरा (कविता संग्रह)**
**लेखक : लक्ष्मीकांत मुकुल**
**प्रकाशन : सृजनलोक प्रकाशन, बी-1,दुग्गल कॉलनी, खानपुर, नई दिल्ली- 110062.**
**मूल्य: 299 ?**

हाईकोर्ट बार एसो. द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में बोले सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रशांत मिश्रा...

# मैं आज जो भी हूं उसमें जबलपुर और बार एसोसियेशन का अविस्मरणीय योगदान

**जबलपुर, देशबन्धु।** आज मैं जो कुछ भी हू उसमें जबलपुर और मप्र हाईकोर्ट बार एसोसियेशन का अविस्मरणीय योगदान है। जबलपुर मेरा घर है, जिसे कभी नहीं भुला सकता। मां नर्मदा और संस्कारधानी को मेरा प्रणाम है। उक्त बात सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश प्रशांत मिश्रा ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में अपने सम्मान में आयोजित समारोह पर कही।

इस दौरान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ, वरिष्ठ अधिवक्ता आरपी अग्रवाल, अनिल खरे, असिस्टेंट सालिसिटर जनरल आफ इंडिया पुष्पेंद्र यादव, अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत रूपराह, स्टेट बार काउंसिल के सदस्य शैलेंद्र वर्मा गुड्डा, हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष संजय वर्मा व सचिव परितोष त्रिवेदी मंचासीन रहे। जस्टिस श्री मिश्रा ने अपने आगे के उद्बोधन में कहा कि कई वर्षो बाद जबलपुर आकर आनंदित हूं। संस्कारधानी की माटी व पुण्यसलिला नर्मदा को शत-शत नमन करता हूं।

मैं जबलपुर से बेहद प्रेम करता हूं। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां वकालत के शुरूआती 11 महत्वपूर्ण वर्ष गुजारे थे। इसके बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट चला गया। वहां बार एसोसिएशन, बार कौंसिल में निर्वाचित हुआ। और उसके बाद महाधिवक्ता बना। इसके बाद हाईकोर्ट जज नियुक्त हुआ। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया। आगे चलकर आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बना। वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट जज हूं। प्रत्येक मुकाम पर पाया कि जब भी मैंने अपना परिचय जबलपुर से शुरुआत करने वाले वकील के रूप में दिया, सामने वालों ने प्रशंसा के भाव से कहा कि अच्छा आपने जबलपुर से वकालत शुरू की थी। इससे साफ है कि जबलपुर बार देश भर में अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जाता है।

### बार एसोसियेशन न्यायपालिका की जननी : वर्मा

हाईकोर्ट बार अध्यक्ष संजय वर्मा ने स्वागत उद्बोधन में जस्टिस प्रशांत मिश्रा का परिचय देते हुए उनके व्यक्तित्व की जानकारी दी। श्री वर्मा ने कहा कि बार एसोसिएशन ही न्यायपालिका की जननी होती है। इसलिए न्यायमूर्ति मिश्रा का जबलपुर बार से गहरा नाता है और उनका स्नेह व मार्ग दर्शन हमेशा ही हमें मिलता रहेगा।

### एनसी ब्यौहार व विवेक रंजन पांडे ने अपनी पुस्तकें भेंट की

इस दौरान अधिवक्ता एनसी ब्यौहार व विवेक रंजन पांडे ने विधि संबंधी अपनी पुस्तकें सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रशांत मिश्रा को भेंट की। जिसके बाद जस्टिस मिश्रा ने शाल-श्रीफल से दोनों लेखकों को अलंकृत किया। अंत में हाईकोर्ट बार ने जस्टिस मिश्रा को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

कार्यक्रम में हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश शील नागू, जीएस आहलूवालिया सहित सभी न्यायाधीश व हाईकोर्ट बार के पदाधिकारी और काफी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे। सभी ने स्टैंडिंग ओवेशन के जरिये न्यायमूर्ति मिश्रा के प्रति सम्मान प्रकट किया। स्टेट बार सदस्य मृगेंद्र सिंह सहित अन्य ने न्यायमूर्ति मिश्रा के सम्मान में अपने वक्तव्य दिए। कार्यक्रम का संचालन हाईकोर्ट बार सचिव परितोष त्रिवेदी ने किया।

# जेडीए द्वारा जारी नया टेण्डर प्लॉट नीलामी का निराकरण याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन होगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र उच्च न्यायालय में एक याचिका क्रमांक 21420/2023 याचिकाकर्ता ठाकुर प्रसाद जाटव सेवानिवृत्त जेडीए कर्मचारी द्वारा दायर की गई थी। जिसमें उसके द्वारा बताया गया कि वर्ष-2020 में जेडीए जबलपुर द्वारा विभिन्न स्कीमों में रिक्त प्लॉटों/मकानों की नीलामी के लिए टेण्डर जारी किया गया था। जिसमें स्कीम नम्बर 5/14 में प्लाट नम्बर आर-29 ए, कर्मचारियों के लिए आरक्षित था जिसमें उसके द्वारा विधिवत अनुमति लेकर उक्त प्लॉट, टेण्डर के लिए निविदा की गई थी, और अधिकतम बोली के आधार पर उक्त प्लॉट उसे प्राप्त हुआ था।

टेण्डर भरते समय याचिकाकर्ता द्वारा अमानत राशि - 1,11,496/- रूपये जमा की गई थी और कुछ अतिरिक्त आवेदन शुल्क जमा किया था, और इस दौरान 31/12/22 को वह सेवानिवृत्त हो चुका है, किन्तु बिना कोई सूचना दिये बिना या उसका टेण्डर निरस्त किये बिना उक्त आरक्षित प्लॉट की नीलामी/बोली के लिए एक नया टेण्डर 28/07/23 को जारी कर दी गई, उसके द्वारा विभाग में अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया कोई कार्यवाही ना होने पर उसके द्वारा उच्च न्यायालय की शरण ली गई, जिसमें उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति संजय द्विवेदी द्वारा आदेश 31/08/23 को जेडीए जबलपुर व अन्य को नोटिस जारी करते हुए उक्त आरक्षित प्लॉट नम्बर आर 29 ए, एरिया 880 वर्गफुट स्कीम नम्बर 5/14 का आबंटन उक्त याचिका के अंतिम निराकरण के अधीन करने के आदेश पारित करते हुए याचिकाकर्ता को राहत प्रदान की है।




# एनडीआरएफ की टीम ने छात्र छात्राओं को बताए आपदा प्रबंधन के तरीके

**जबलपुर, देशबन्धु।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक के दिशा-निर्देशन में 11 एनडीआरएफ वाराणसी की टीमें लगातार मॉक अभ्यास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम व जन जागरुकता के अभियान चला रही है साथ ही समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बच्चे एवं शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव के लिये स्कूलों/कॉलेजों में स्कूल सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उसी कड़ी में 1 सितंबर को बाबु मनमोहन दास हितकारिणी कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय दीक्षितपुरा, जबलपुर में एनडीआरएफ टीम द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एनडीआरएफ के टीम कमांडर इंस्पेक्टर संतोष कुमार तथा उनकी प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से भूकंप, बाढ़, आग लगना, वाहन दुर्घटना, सर्पदंश, स्ट्रेचर बनाना, 3 व 4 आर्म्स चेयर बनाना, सीपीआर देना, रस्सी बचाव तकनीक, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, सड़क सुरक्षा, आकाशीय बिजली से बचाव के तरीके और दामिनी और सचेत ऐप का इस्तेमाल आदि के बारे में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर सिविल डिफेंस के सुनील गर्ग की उपस्थिति में बाबू मनमोहन दास हितकारिणी कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय दीक्षितपुरा,जबलपुर की प्रधानाचार्य माधुरी शुकला ने एनडीआरएफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीआरएफ द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद है। इस कार्यक्रम से विद्यालय के छात्र व अध्यापक लाभान्वित होंगे और आपदा के दौरान अपने और अन्य लोगों के जीवन को बचाने में अपना सहयोग प्रदान कर पाएंगे ।

# कुलस्ते से मिलने लगा आदिवासी नेताओं का तांता



**जबलपुर, देशबन्धु।** भाजपा के बड़े आदिवासी नेता और केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते शनिवार सुबह शहर पहुंचे। यहां सर्किट हाउस में उनसे मिलने वालों का तांता लगा रहा। सिर्फ जिले से ही नहीं आदिवासी बाहुल्य दूसरे जिलों के नेताओं ने भी सुबह से ही शहर में डेरा डाला हुआ था। बताया दूसरे जिलों से पहुंचने वाले अधिकांश आदिवासी नेता टिकट की चाह लेकर फग्गन सिंह से मिल रहे हैं, वे अपना-अपना बायोडाटा उनके सामने पेश कर खुद को अपनी सीट से मजबूत बताते हुए दावेदारी पेश कर रहे हैं। बता दें कि फग्गन सिंह कुलस्ते भाजपा की आदिवासी सियासत के प्रमुख नेताओं में से एक हैं। चुनाव अभियान में उनकी हमेशा आदिवासी सीटों के तहत अहम भूमिका होती है। यही कारण है कि आदिवासी क्षेत्रों में राजनीति करने वालों के बीच वे लोकप्रिय हैं। आज सिहोरा, कुंडम, मंडला, शहपुरा, शहडोल सहित कई क्षेत्रों के नेताओं ने उनसे मुलाकात की। ऐसे दूसरे आदिवासी नेता अपने-अपने क्षेत्र में अपनी धमक बताकर उनके माध्यम से टिकट चाह रहे हैं।

# डब्ल्यूसीआरईयू ने जबलपुर मंडल में पुरानी पेंशन बहाली के लिए रेलवे स्टेशन पर किया प्रदर्शन, केंद्र सरकार को दी चेतावनी



### तीनों रेल मंडलों जबलपुर, कोटा व भोपाल में भी प्रदर्शन, नारेबाजी

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच व एआईआरएफ द्वारा पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने के लिए चलाये जा रहे आंदोलन की श्रृंखला में 21 अगस्त को पूरे देश में प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन द्वारा यूनियन महामंत्री काम. मुकेश गालव के नेतृत्व में पमरे के तीनों रेल मंडलों जबलपुर, कोटा व भोपाल में भी प्रदर्शन, नारेबाजी की गई। इस क्रम में यूनियन द्वारा जबलपुर स्टेशन पर रैली निकालकर नारेबाजी, प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार को चेतावनी दी, कि उन्हें एनपीएस हटाकर अविलंब गारंटेड ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करें, अन्यथा आंदोलन का स्वरूप और व्यापक होगा।

जबलपुर स्टेशन पर यूनियन के मंडल सचिव काम. रोमेश मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में रेल कर्मचारियों ने प्लेटफार्म पर घूम-घूमकर ओपीएस बहाली के लिए प्रदर्शन व नारेबाजी किया। इस दौरान ट्रेनों के सामने भी प्रदर्शन किये जाते रहे। इस आंदोलन में जरनैल सिंह, प्रहलाद सिंह, समीर शर्मा जित्तू वर्मा, राकेश पांडे, ओपी सिंह, कमलेश, सोमनाथ, अजय, रंजीत, त्रिलोक नायडू, चंदन, हेमंत सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों को संबोधित करते हुये यूनियन के जबलपुर मंडल सचिव काम. रोमेश मिश्रा ने कहा कि पुरानी गारंटेड पेंशन स्कीम हर कर्मचारी की मांग है और इसे हर हाल में सरकार को मानना ही होगा। उन्होंने कहा कि ओपीएस देश भर में सबसे बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है और यदि सरकार इसे नहीं मानती है तो यह और बड़ा रूप लेगा। काम. मिश्रा ने कहा कि सरकार अब भी नहीं चेती तो राष्ट्रव्यापी रेल हड़ताल के लिये 21 नवम्बर को कर्मचारियों से हड़ताल के लिये स्ट्राइक बैलेट लिया जायेगा। इसके पूर्व आगामी 21 सितम्बर जिला स्तर पर तथा 21 अक्टूबर को राज्यों की राजधानी पर रैलियां एवं प्रदर्शन आयोजित कर आन्दोलन को आगे बढ़ाया जायेगा।

# साक्षरता सप्ताह में जिले के सभी विद्यालयों ने निकाली साक्षरता रैली




**जबलपुर, देशबन्धु।** केंद्रीय शिक्षा एवं साक्षरता मंत्रालय तथा राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार जिले में 1 सितम्बर से 8 सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसकी जानकारी देते हुए जिला सह समन्वयक (साक्षरता) श्री प्रकाश चंदेल ने बताया कि जिले के सभी गांव और वार्ड की प्रत्येक संस्थाओं को उल्लास - नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की जानकारी देना एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुपालन में 15 वर्ष की आयु से अधिक सभी निरक्षरों का चिन्हांकन कर जन सहयोग से उन्हें साक्षर करना ही साक्षरता सप्ताह का उद्देश्य है।

जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण जबलपुर द्वारा साक्षरता रैली का मुख्य आयोजन डीबी क्लब सतपुला स्कूल में किया गया। इस कार्यक्रम में जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी अंजनी शेलेट, जिला सह समन्वयक साक्षरता प्रकाश चंदेल जिला, विकासखंड सह समन्वयक आई पी गोस्वामी, संकुल सह समन्वयक अनूप सिंह एवं डीबी क्लब स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, अक्षर साथी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

**रविवार को होगा असाक्षरों का घर घर सर्वे**-1 सितंबर को साक्षरता सप्ताह के पहले दिन एक सितम्बिर को साक्षरता कार्यक्रम एवं उसके उद्देश्य से अवगत कराया गया और दूसरे दिन आज रविवार 2 सितंबर को संस्थाओं के प्राचार्य, नोडल अधिकारी, शिक्षक, छात्र, अक्षर साथी, स्व सहायता समूह सदस्य, नव साक्षरों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से गांव एवं वार्डो में रैलियां निकाली गईं। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार रविवार 3 सितम्बर को जिले के प्रत्येक गांव एवं वार्ड के प्रत्येक घर से निरक्षरों की जानकारी ली जाएगी। इस हेतु छात्र-छात्राएं अपने परिवार के अतिरिक्त आस-पड़ोस के 10 परिवारों से साक्षरता की जानकारी प्राप्त करेंगे और शाला प्रभारी को सौंपेंगे। शाला प्रभारी प्राप्त जानकारी के अनुसार साक्षरता पंजी को अद्यतन करेंगे।

सह नोडल अधिकारी के निर्देशन में घर-घर सर्वे के दौरान संस्थाओं के प्राचार्य अथवा प्रधानाध्यापक परिवार के सभी सदस्यों के साक्षर होने पर मकान की बाहरी दीवार पर सम्पूर्ण साक्षर परिवार, अक्षर साथी के घर में अक्षर साथी निवास एवं असाक्षर परिवारों के मकान की दीवार पर असाक्षरों सदस्यों की संख्या अंकित करवाएंगे। आगामी दिनों में साक्षरता गीत एवं निबंध प्रतियोगिता जैसी गतिविधियां आयोजित कर एवं सभी के लिए शिक्षा की जानकारी दी जाएगी।

शासन के निर्देशानुसार 8 सितंबर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिले के प्रत्येक विद्यालय में अक्षर साथियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा तथा नव साक्षरों द्वारा अपने अनुभव साझा किए जायेंगे।

# एमपी नर्मदा विधि महाविद्यालय में वृक्षारोपण




**जबलपुर, देशबन्धु।** एपी नर्मदा विधि महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिस में महाविद्यालय के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने पौधारोपण करते हुए कहा कि हम सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए जिससे प्राकृतिक संतुलन बना रहता है और हम सभी को शुद्ध वायु प्राप्त होती है आज आधुनिक युग के नाम पर जिस प्रकार वृक्षों की कटाई की जा रही है, जिससे हम सभी को बारिश की बूंदों के लिए तरसना पड़ रहा है इस अवसर पर महाविद्यालय के रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, प्राचार्या डॉ निधि शुक्ला रविन्द्र गुप्ता, आकांक्षा अवस्थी, मृत्यंजय तिवारी आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# रेलवे बोर्ड सलाहकार अरुण सक्सेना द्वारा कोटा में कवच टेस्टिंग भवन का शुभारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे में पहली बार कोटा में कवच फैक्ट्री एक्सेपटेन्स टेस्टिंग रूम की स्थापना की गई जिसका शुभारंभ माननीय रेल मंत्री के सलाहकार श्री अरुण सक्सेना द्वारा गुरूवार, 31 अगस्त को किया गया। इसमें एक स्टेशनरी कवच एवं दो लोको कवच इंस्टाल किया गया। इस आधुनिक तकनीक से कवच परीक्षण में विशेष बल मिलेगा। कोटा मंडल को इस प्रकार आधुनिक परीक्षण के लिए पूर्व में सिकंदराबाद जाना पड़ता था।

कोटा मंडल में अबतक कुल 46 टावर लगाए जा चुके है एवं विभिन्न खंडो में कई परिस्थितियों में कवच का लोको ट्रायल किया गया है।

कवच रेल संचालन प्रणाली में विश्वसनीय सुरक्षात्मक परत प्रदान करती है। इसे लागू होने के बाद ट्रेन चालको के द्वारा मानवीय भूल से सिगनल को अनदेखा कर होने वाली सुरक्षा चूक की दुर्घटनाओं से हमेशा के लिए निजात मिल जायेगी।

कवच एफएटी रूम उद्घाटन के दौरान जीएसयू यूनिट के श्री सचिन शुक्ला, उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर (जीएसयू) श्री राहुल जारेडा एवं वरिष्ठ मंडल दूर संचार एवं संकेत इंजीनियर (समन्वय) श्री आर आर मीना एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# रेलमंत्री के आगमन की सुगबुगाहट पर सक्रिय हुये रेल अधिकारी



### रेलवे स्टेशन पर रिटायरिंग रूम का निरीक्षण करते अधिकारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** भोपाल से आज रात मुख्य रेलवे स्टेशन जबलपुर में केन्द्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव के आगमन की सुगबुगाहट को लेकर मण्डल रेल जबलपुर के रेल अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। आज सुबह से ही जहां आरपीएफ द्वारा नीलाम्बरी श्वेताम्बरी रेस्ट हाऊस की चेकिंग की गई तो वहीं रेल अधिकारियों द्वारा मुख्य आरक्षण केन्द्र, यात्री प्रतीक्षालय, टिकिट बुकिंग काउंटर, पार्सल कार्यालय, पार्किंग स्थल सहित सभी प्लेटफार्मों तथा प्लेटफार्म नम्बर एक पर स्थिति कार्यालयों का निरीक्षण किया।

हलांकि रेलमंत्री का आज रात वंदे भारत ट्रेन से जबलपुर स्टेशन पर आगमन का कार्यक्रम अनऑफिसियल है फिर भी मण्डल रेल के अधिकारियों ने अपनी तरफ से तैयारियां शुरू कर दी हैं।

यदि स्टेशन का निरीक्षण हुआ तो रेलमंत्री को कहीं कोई खामी न नजर आ जाए इस बात की गुंजाइश को

### नीलाम्बरी – श्वेताम्बरी किए गए चकाचक

समाप्त करने के लिए अधिकारी पूरी तरह से चौकन्ने हो गए हैं। बताया जाता है कि रेलमंत्री भोपाल से वंदे भारत ट्रेन में जबलपुर स्टेशन आने के बाद नीलाम्बरी रेस्ट हाऊस में ही रात्रि विश्राम करेंगे तथा सुबह जबलपुर स्टेशन का निरीक्षण करने के पश्चात दोपहर 3.30 बजे गोंडवाना एक्सप्रेस से नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

रेलमंत्री के जबलपुर आगमन को लेकर अब तक मण्डल को ऑफिसियल सूचना प्राप्त नहीं हुई है। रहा सवाल अधिकारियों द्वारा स्टेशन के निरीक्षण का तो यह एक रूटीन की प्रक्रिया है।

# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव आज आयेंगे



**जबलपुर, देशबन्धु।** केंद्र शासन के श्रम और रोजगार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव रविवार 3 सितंबर की सुबह 6 बजे जबलपुर से कार द्वारा चित्रकूट प्रस्थान करेंगे। केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव का आज शनिवार 2 सितंबर की रात भोपाल से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। वे शनिवार को रात्रि विश्राम जबलपुर में ही करेंगे।

# अब गरीब को दस रुपए की जगह मात्र 5 में भरपेट मिलेगा भोजन

### मुख्यमंत्री की पहल पर पूरे प्रदेश में हुई जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत



**जबलपुर, देशबन्धु।** पूरे मध्य प्रदेश में शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर दीनदयाल रसोई योजना एवं आवासहीनों को पट्टे वितरित किए गए। इसी तारतम्य में जबलपुर नगर निगम के भंवरताल स्थित संस्कृतिक भवन में यह कार्यक्रम कैंट विधानसभा विधायक अशोक ईश्वर दास रोहाणी के मुख्य अतिथि में शुरू किया गया।




जिसमें उन्होंने मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार हर गरीब और हर व्यक्ति के साथ में है। आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कर कमलों से पूरे प्रदेश में इस योजना की शुरुआत हो गई है। इसी क्रम में यहां पर भी इन दोनों योजनाओं की शुरुआत की गई है। अब दीनदयाल रसोई योजना से हर गरीब को 5 में भरपेट भोजन मिलेगा। वहीं आवास हिनो को भी आज पट्टे वितरित किए गए हैं जिससे कि हर गरीब के घर का सपना साकार हो। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज भी अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में बताया।

इस कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त स्वप्निल वानखडे अपर आयुक्त आरपी मिश्रा, उपायुक्त मनोज श्रीवास्तव के अलावा नगर निगम जबलपुर की पूरी टीम उपस्थित रही।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडम में 27 सितंबर को आयुष्मान मेले का आयोजन किया जायेगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर ने बताया कि आयुष्मान भव- अभियान के अंतर्गत 27 सितंबर 2023 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुंडम में आयुष्मान स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जायेगा। इस मेले में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे चिन्हित किया जाएगा। चिन्हित मरीजों को आगामी उपचार हेतु मेडीकल कॉलेज के लिए रेफर किया जायेगा।

# पतंगों की गणना की तर्ज पर माह भर खोजेंगे तितलियों की प्रजाति




## आज सुबह 9 बजे से शैलपर्ण में होगी बटरफ्लाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** देशभर में तितलियों की विभिन्न प्रजाति की जानकारी जुटाने और प्रत्येक शहर के डाटा कलेक्ट करने के लिए माह भर बिग बटरफ्लाई मंथ मनाया जाएगा। इस गणना कार्य से जुडने के लिए शहर भी तैयार है, जिसके अंतर्गत गणना की शुरुआत रविवार शैलपर्ण उद्यान से शुरू होगी। इस गणना के अंतर्गत तितलियों की प्रजाति का आंकलन, उनका जीवन चक्र, रहवास, होस्ट प्लांट्स और जैव विविधता में उनकी उपयोगिता की जानकारी जुटाई जाएगी। इस काम के लिए जबलपुर से सिटीजन फॉर नेचर एंड कंजर्वेशन सोसासटी को चुना गया है।

**सितम्बर भर चलेंगे कार्यक्रम-** सिटीजन फॉर नेचर एंड कंजर्वेशन के जिला समन्वयक डॉ. विजय सिंह यादव ने बताया कि बिग मंथ सर्वे के अंतर्गत पूरे सितम्बर भर आयोजन होंगे। इसमें बटरफ्लाई वॉक, बटरफ्लाई अवेयरनेस प्रोग्राम, डेटा कलेक्शन और बिहेवियर स्टडी पर काम होगा।

### इस तरह गणना कार्य

- 3 सितम्बर को शैलपर्ण उद्यान में सुबह 9 बजे से बटरफ्लाई वॉक और अवेयरनेस प्रोग्राम
- 10 सितम्बर को रानी दुर्गावती समाधि स्थल नरई में बटरफ्लाई वॉक और डेटा कलेक्शन
- मड़ई स्कूल में स्टूडेंट्स को तितलियों की प्रजाति से रूबरू करवाना
- जलपरी, संग्रामसागर में तितली सर्वे
- कटंगी और पाटन के क्षेत्रों में तितली सर्वे
- परियट और जबलपुर के आसपास के क्षेत्रों में बटरफ्लाई वॉक

**पूर्व में मिली थी 126 प्रजाति-** सोसायटी के डॉ. प्रदीप कसार, डॉ. आमिर नसीराबादी, संजय पशीने, डॉ. दिलीप कटियार ने बताया कि इस गणना कार्य के पूर्व भी सिटीजन फॉर नेचर सोसायटी द्वारा जबलपुर में तितलियों की गणना का तीन वर्षीय सर्वे किया था। इस दौरान सदस्यों द्वारा 126 प्रजाति की तितलियां दर्ज की गई थीं।









# मंच पर छाया देशभक्ति रंग, लोकनृत्य रहे खास



**जबलपुर, देशबन्धु।** संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन पर एनसीसी कैडेट्स ने सांस्कृतिक रंगों की खुश्बू बिखेरी। उनकी प्रस्तुतियों में देशभक्ति के भाव भी दिखे, वहीं लोकशैली के दर्शन भी हुए। पीटी, परेड और ड्रिल में आगे रहने वाले इन कैडेट्स ने जब प्रस्तुति दी तो सभी ने सराहना की। छटवीं बटालियन रांझी के ऑडिटोरियम में आर्म्ड स्क्वॉर्डन के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ समापन हुआ।

**उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान-** समारोह में कैम्प में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को मेडल और शील्ड प्रदान की गई। मुख्य अतिथि एसएएफ कमाण्डेंट साकेत प्रकाश पाण्डे, मेजर अनिल कुमार यादव, कैंप एडजुडेंट डॉ. जसपाल सिंह बग्गा, रिसलदार अजय सिंह मौजूद थे।

# तीन दिवसीय 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक बार पुन: दृश्यमान होगी शामियानों की सुंदर नगरी, संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा के विशाल मैदानों में जहां 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के रूप में दिखेगा सार्वभौमिक भाईचारे एंव विश्वबन्धुत्व का अनुपम स्वरूप।

यह आध्यात्मिक संत समागम सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन सान्निध्य में भव्यता पूर्ण आयोजित होने जा रहा है। इस पावन संत समागम में देश, विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु एंव भक्तगण सम्मिलित होकर इस भव्य संत समागम का भरपूर आनंद प्राप्त करते हुए सतगुरु के साकार दर्शन एवं पावन आशीष भी प्राप्त करेंगे।

इस वर्ष निरंकारी संत समागम का विषय है ''सुकुन-अंर्तमन का'' जिस पर देश, विदेशों से सम्मिलित हुए गीतकार, वक्तागण अपने शुभ भावों को कविताओं, गीतों एवं विचारों के माध्यम से व्यक्त करेंगे और विभिन्न भाषाओं में दी गई इन प्रस्तुतियों का आनंद सभी श्रोतागण प्राप्त करेंगे।



उल्लेखनीय है कि निरंकारी संत समागम के पावन अवसर की प्रतीक्षा में हर श्रद्धालु भक्त की केवल यही हार्दिक इच्छा रहती है कि कब संत समागम का आयोजन हो और कब वह इस सुअवसर का साक्षी बनें। यह संत समागम निरंकारी मिशन द्वारा दिये जा रहे सत्य, प्रेम और शान्ति के दिव्य संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिये एक ऐसा सशक्त माध्यम हैं जो आध्यात्मिक जागरूकता के माध्यम से समूचे संसार में समानता, सौहार्द्र एवं प्रेम का सुंदर स्वरूप प्रदर्शित कर रहा है। वर्तमान समय में जिसकी नितांत आवश्यकता भी है।

संत निरंकारी मिशन का पहला समागम सन् 1948 में मिशन के दूसरे गुरू शहनशाह बाबा अवतार सिंह के नेतृत्व में दिल्ली के पहाड़गंज में हुआ। उसके उपरांत शहनशाह जी ने अपने प्रेम से संत समागम की श्रृंखला को गति प्रदान करी। तदोपरांत बाबा गुरबचन सिंह ने सहनशीलता और नम्रता जैसे दिव्य गुणों द्वारा इसका और अधिक रूप में विस्तारण किया। अंर्तराष्टीय स्तर पर इन दिव्य मानवीय मूल्यों को ख्याति प्रदान करवाने में बाबा हरदेव सिंह जी ने अपना अहम् योगदान दिया जिसके परिणामस्वरूप आज समूचे विश्व में मिशन की लगभग 3,485 शाखाएं है। आध्यात्मिकता की इस पावन ज्योति को जन जन तक पहुंचाने हेतु सतगुरु माता सविन्दर हरदेव ने भी अथक प्रयास किये और अपने कर्तव्यों को बखूबी रूप में निभाया। वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ब्रह्मज्ञान की इस दिव्य रोशनी को विश्व के प्रत्येक कोने में एक नई ऊर्जा के साथ संचारित कर रहे हैं।

# कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन



**जबलपुर देशबन्धु।** हजरत सैय्यद अली हसन उल जिलानी घोड़ा अस्पताल वाले बाबा के उर्स के अंतिम दिन कुल शरीफ कि महफिल के साथ उर्स का समापन हुआ। महफ़िले समा मे दरबारी कव्वाल ने सूफियाना कलाम पेश किये। आज रंग है ऐ मां रंग है री, मेरे महबूब के घर रंग है री कलाम मे समाईन झूम उठे। अंत मे सूफी मोहसिन कादरी ने हाजरीन के लिए खास दुआएँ मांगी और शहरे जबलपुर मे शांति और सद्भाव बने रहे इसके लिए भी दुआ की। कुल शरीफ की न्याज के बाद नमाज मगरिब लंगर तक़सीम किया गया। दरगाह कमेटी ने उर्स मे शिरकत किये तमाम अक़ीदतमंदो का शुक्रिया अदा किया।

# नुक्कड़ नाटक से फैलाई टूरिस्ट अवेयरनेस

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर से स्वच्छ बनाए रखने और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण में योगदान देने का संदेश नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया गया। शनिवार को स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के छात्रों ने टूरिस्ट अवयेरनेस अभियान के अंतर्गत बरगी डैम क्षेत्र में नाटक मंचन किया गया। मंचन के दौरान कलाकारों ने आमजनों को टूरिस्ट प्लेस पर स्वच्छता बनाए रखने और पयर्टकों को सुरक्षित माहौल देने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य दविंदर सिंह सोढ़ी ने बताया कि अवेयरनेस प्रोग्राम से जुड़कर एक माह तक शहर के विभिन्न टूरिस्ट प्लेसेज पर जागरुकता पूर्ण गतिविधियों का आयोजन होगा।

## गुरुवंदन समारोह

**जबलपुर, देशबन्धु।** मॉडल हाई स्कूल में मॉडेलियन द्वारा गुरुवंदन समारोह 3 सितम्बर को सुबह 9.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में 1973 बैच के 50 वर्ष और 1998 बैच के 25 वर्ष पूरे होने पर पुनर्मिलन कार्यक्रम भी होगा।

## नाटक मंचन 8 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** महाकोशल शहीद स्मारक ट्रस्ट, थिएटर हाउस और विवेचना रंगमंडल के संयुक्त तत्वावधान में 8 सितम्बर को शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में शाम 6.30 बजे से सर्वे भवन्तु सुखिन~ नाटक का मंचन किया जाएगा।

## काव्य पाठ में प्रथम

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता में क्राइस्ट चर्च स्कूल कक्षा 11वीं के छात्र प्रोद्युम्न सेन ने काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में जिले भर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था।

# दैनिक राशिफल

**शनिवार 02 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की तृतीया। नक्षत्र-उ.भा.।**

### मेष
आज का दिन अत्यंत सावधानीपूर्वक व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। सर्दी, कफ और बुखार के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### वृषभ
आज आपकी आय और व्यापार में वृद्धि होने के योग हैं। व्यापार में नए लाभदायक संपर्क होंगे। परिजनों और मित्रों के साथ हंसी-खुशी के पल बिताने का अवसर मिलेगा।

### मिथुन
शारीरिक और मानसिक रूप से आज दिनभर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसायिक क्षेत्र में काम की प्रशंसा होने से उत्साह भी बढ़ेगा।

### कर्क
आज का दिन आप धर्म, ध्यान तथा देवदर्शन में व्यतीत करेंगे। किसी तीर्थ स्थान पर जा सकते हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रहेंगे।

### सिंह
आज का दिन थोड़ी सी प्रतिकूलताओं रहेगा। स्वास्थ्य के संबंध में आपको विशेष ध्यान रखना होगा। बाहर खाने- पीने से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

### कन्या
सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में लाभ मिलेगा। मित्रों से विशेष लाभ होगा। दांपत्यजीवन में परमसुख के पलों का अनुभव होगा। नए वस्त्र और आभूषणों की खरीदारी तथा पहनने का अवसर मिलेगा।

क.

### तुला
- आज नौकरीपेशा लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक दिन है। नौकरीवालों को उनके काम में यश और सफलता मिलेगी।

### वृश्चिक
साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। आप कोई कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

### धनु
आज आप में शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा। परिवार में क्लेश कलह का वातावरण रहने से आपका मन उदास रहेगा। अनिद्रा सताएगी।

### मकर
- आपका आज का पूरा दिन सुखमय गुजरेगा। अनुकूल परिस्थिति निर्मित होने पर आप सभी काम आज सरलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे।

### कुंभ
मन की दुविधाओं से आप में निर्णयशक्ति का अभाव होगा। परिणाम स्वरूप उलझन का अनुभव होगा। तबीयत थोड़ी नरम-गरम रहेगी।

### मीन
आज आप आनंद, उत्साह और प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। नए काम की शुरुआत लाभदायक साबित होगी। मित्रों, स्वजनों के साथ भोजन का आनंद उठाने का अवसर प्राप्त होगा।

मा.

# संस्कृत भारती महाकोशल प्रांत का जनपद संस्कृत महासम्मेलन का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मानस भवन में संस्कृत भारती महाकोशल प्रांत का जनपद संस्कृत महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शुभारंभ संस्कृत भारती के अखिल भारतीय राष्ट्रीय अधिकारी दिनेश कामत एवं फ़िल्म कलाकार युवराज कुमार, स्वामी नरसिंह दास महाराज, कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर अनुराग सोनी, डॉक्टर राधिका प्रसाद मिश्र, श्री जेसवानी के दौरा दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अधिकारी दिनेश कामत ने कहा कि संस्कृत भाषा संस्कारों की भाषा है एवं हर व्यक्ति को इस भाषा का ज्ञान होना चाहिए और




आज पूरे विश्व में संस्कृत भाषा प्रमुख भाषा बन गई है। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर अनुराग सोनी ने कहा कि संस्कृत जीवन जीने की कला सिखाती है। एक विशाल शोभायात्रा मानस भवन से मालवीय चौक एवं तीन पत्ती होते हुए पुन: मानस भवन पर एकत्रित हुए। पूरी शोभा यात्रा के दौरान संस्कृत मंत्रों का उच्चारण किया गया। इस शोभा यात्रा में विधायक अशोक रोहिणी श्री धर्मेन्द्र शुक्ला श्रीजेशवानी, शरद अग्रवाल डॉक्टर जितेन्द्र जामदार संस्कृत भारती के प्रांत संगठन मंत्री मनोज पाण्डेय एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। लगभग 2000 की संख्या में संस्कृत अनुरागी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। लगभग सौ स्कूलों से आए छात्र एवं छात्राओं को भी संस्कृत सर्टिफ़िकेट वितरित किए गए।




# बरगी नगर में साक्षरता रैली संपन्न

**बरगी नगर, देशबन्धु।** संकुल अधीनस्थ 26 स्कूलों में साक्षरता के नारे के साथ नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए हैं रैली निकाली गई संकुल सह समन्वयक विपिन विश्वकर्मा ने बताया कि, अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के तारतम में भारत सरकार द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 31 अगस्त से 8 सितंबर तक साप्ताहिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन निर्देशित किया है जिसके चलते पूरे प्रदेश के स्कूलों में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा।

इसी कड़ी में नगर के संकुल प्राचार्य श्रीकृष्ण रायखेड़े के नेतृत्व में 26 स्कूलों में गीत, कविता, नाटक, नुकड़,निबंध प्रतियोगिता, ग्रामीणों की बैठक, विभिन्न संस्था, एनजीओ आदि भागीदारी कर यह आयोजन चल रहा है जबलपुर ग्रामीण विकास खण्ड सह समन्वयक श्रीमती अमृता कोरी जिसकी प्रति दिन की सतत मॉनिटरिंग कर नए नवाचार के साथ टीम का नेतृत्व कर रही है।

जिले के इस कार्यक्रम में जिला प्रोड शिक्षा अधिकारी अंजली सेलेट, जिला सह समन्वयक प्रकाश चंदेल, बीआरसीसी विनोद विश्वकर्मा, जनशीक्षक रत्नेश मिश्रा, संतोष मिश्रा ,शिखा सिंह आदि टीम के सदस्यों के जिले समस्त शिक्षक, अक्षर साथीद्वारा उल्लेखनीय भूमिका निभाई जा रही हैं।

# समरसता कजलियां महोत्सव का पुरुस्कार वितरण 5 सिंतबर को

**जबलपुर, देशबन्धु।** समरसता सेवा संगठन के संयोजन में सम्पन्न संस्कारधानी समरसता कजलियां महोत्सव में पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता एवँ निबंध लेखन प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम बलराम जयंती के अवसर पर मंगलवार 5 सितंबर को शाम 4 बजे से सिंधी धर्मशाला घंटाघर में आयोजित किया गया है। उल्लेखनीय है कि बलराम जयंती कार्यक्रम समरसता सेवा संगठन के वार्षिक कैलेंडर में भी शामिल है और इसी क्रम में विचार गोष्ठी एवँ सम्मान समारोह का आयोजन भी 5 सितम्बर को किया जाएगा। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने विगत दिवस संपन्न संस्कारधानी समरसता कजलियां महोत्सव में सम्मिलित समस्त जाति, समाज, व्यापारिक एवम सांस्कृतिक संगठनों सहित सभी पधारे, सम्मानीय जनों का हार्दिक आभार किया है।

# धन्वंतरी नगर, दुर्गा मंदिर परिसर में पेंशनर्स की बैठक आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा जबलपुर अध्यक्ष नरेश उपाध्याय, संभागीय अध्यक्ष व्हीपी शुक्ला, आरके प्यासी, केके शुक्ला, प्रेम वल्लभ शर्मा, जी डब्ल्यू रत्नपारखी आरएल पांडेय सीएल शाक्यवार, डीएस गुप्ता आदि ने 3 सितम्बर दिन रविवार को अपरान्ह 4 बजे धन्वंतरी नगर, दुर्गा मंदिर परिसर में पेंशनर्स की बैठक आमंत्रित की गई है जिसमें आवश्यक विषयों में चर्चा एवं निर्णय होंगे।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

## एन.पी.पाठक का निधन



**जबलपुर।** राजेश पाठक, अनिल पाठक के बड़े भाई और एडवोकेट नवीन पाठक,आशीष के पिता पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पूर्व लेखाधिकारी नर्मदेश्वर पाठक का स्वर्गवास हो गया है। अंतिम यात्रा रविवार को सुबह 12 बजे शुक्ला नगर गढ़ा से करिया पाथर श्मशान घाट के लिए रवाना होगी।

**श्री टीएस नागराज-** रतन नगर कॉलोनी शक्तिनगर निवासी मुरलीधर व मधुसूदन नागराज के पिता डीएनजैन स्कूल से सेवानिवृत्त श्री टीएस नागराज (94) का निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज सुबह 10 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम की ओर रवाना होगी।



**श्रीमती राज राजेश्वरी शर्मा-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री लक्ष्मी प्रसाद शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती राज राजेश्वरी शर्मा (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्याम बाई बर्मन-** पारस परिसर ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी श्री दशरथ प्रसाद बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती श्याम बाई बर्मन (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री श्रवण कुमार अग्रवाल-** गली नं. 3, शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री श्रवण कुमार अग्रवाल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुलेखा यादव-** छोटी ओमती निवासी श्री शीलचंद यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सुलेखा यादव (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चंद्रशेखर धामन-** हैलटगंज सदर निवासी श्री श्याम लाल धामन के पुत्र श्री चंद्रशेखर धामन (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गुलजारी लाल हाटे-** ललित कॉलोनी नेहरू वार्ड निवासी श्री गुलजारी लाल हाटे (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लक्ष्मी नारायण गौंड़-** नई बस्ती रांझी निवासी श्री लक्ष्मी नारयण गौंड़ (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र सिंह राजपूत-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री राजेंद्र सिंह राजपूत (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री एसके मजूमदार-** बिलपुरा कॉलोनी व्हीकल रोड निवासी श्री एसके मजूमदार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई राजपूत-** चुंगी चौकी द्वारकानगर लालमाटी निवासी श्री छोटे लाल राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई राजपूत (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

## 4 किलो चांदी सहित तस्कर जीआरपी के शिकंजे में, बाजार मूल्य 3 लाख, पूछताछ लगातार जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** त्यौहारों के मद्देनजर नजर स्टेशन एवं प्लेटफार्म ट्रेनों में अपराध की रोकथाम व सघन चेकिंग चलाने के लिए पुलिस अधीक्षक रेल सिमाला प्रसाद के निर्देशन में रेलवे स्टेशन जबलपुर व मदन महल में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ।

जांच अभियान में रेलवे स्टेशन मदन महल में चेकिंग दौरान जीआरपी को सूचना मिली कि एक व्यक्ति उम्र लगभग 50 वर्ष श्रीधाम एक्सप्रेस के पीछे तरफ रेलवे स्टेशन श्रीधाम से ब्राउन कलर के बैग में 4 किलो चांदी जिसका बाजार मूल्य लगभग



3 लाख है लेकर जबलपुर की ओर आ रहा है। मदन महल जीआरपी प्रभारी राजेश राज दल बल के साथ मौकेपर पहुंचे। जहां एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मिला। जिसे पुलिस ने शक के आधार पर पकड़ा। पुलिस को देखते ही उसने दौड़ लगाना शुरु कर दी।

पुलिस की घेराबंदी में सदिग्ध पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मनोज कुमार सोनी पिता का नाम नन्हेंलाल सोनी उम्र 50 वर्ष निवासी गोटेगांव का रहने वाला बताया। बैग की जांच में चांदी को देखकर पुलिस भी भौंचक्क रह गई। पूछताछ में कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया ना ही कोई बिल, रसीद व दस्तावेज पेश किया, जिस पर वैधानिक कार्रवाई करते हुए धारा 102 के तहत जप्त कर पुलिस ने उक्त जांदी जप्त कर ली। पुलिस ने जीआरपी थाने ले जाकर आरोपी व्यक्ति से पूछताछ की है। संपूर्ण कार्रवाई की सूचना पुलिस ने मजिस्ट्रेट को दी।

## पैसे मांगने पर पत्नि को पीटा, दहेज के लिये ससुराली करते हैं परेशान

### महिला पहुंची थाने, एफआइआर दर्ज

**जबलपुर, देशबन्धु।** पाटन थाना में शनिवार शाम 4 बजे पुष्पा अहिरवार उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम कोनीकला ने लिखित शिकायत दर्ज करायी, कि उसकी शादी एक वर्ष पहले ग्राम कोनीकला निवासी उमेश अहिरवार के साथ हुयी थी।



उसका मायका ग्राम बरहेटा थाना मुंगवानी जिला नरसिंहपुर है। शादी के एक माह बाद से पति उमेश अहिरवार, सास शकुन बाई, ससुर सुखदास अहिरवार मायके से दहेज लाने के लिये कहने लगे, पति उससे मायके से 50 हजार रूपये लाने के लिये कहने लगा, उसने मना किया तो पति ने उसके साथ मारपीट की पति एवं सास, ससुर बोलते हैं कि मायके से दहेज लेकर नहीं आओगी तो तुम्हें परेशान करेंगे। पति से उसने कुछ सामान खरीदने के लिये 200 रूपये मांगे, इसी बात पर पति ने उसके साथ मारपीट की। जिससे वह पलंग के पास गिर गयी, उसे पेट में चोट आ गयी। पुलिस ने लिखित शिकायत पर आरोपी पति, सास, ससुर के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



## मंडावा बस्ती में युवती से छेड़छाड़ बदमाश ने पकड़ा हाथ, पीड़िता पहुंची थाने

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी के रामपुर छापर मंडावा बस्ती निवासी रोशनी अग्रवाल ने गोरखपुर थाने में शिकायत की एवं बताया कि मनोहर तोलानी द्वारा उसके साथ छेड़छाड़ की गई एवं जबरदस्ती हाथ पकड़ने की कोशिश की गई जिस पर रोशनी अग्रवाल ने हल्ला मचाया जिस पर पड़ोस के लोग इकट्ठे हो गए और छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पकड़ लिया तत्पश्चात पुलिस थाने को सूचना दी गई वहीं रोशनी अग्रवाल ने बताया कि इसके पूर्व में भी मनोहर तोलानी के द्वारा उसके साथ छेड़छाड़ की गई थी जिसकी लिखित शिकायत उसने गोरखपुर थाने में दी थी मगर उसे पर कोई कार्यवाही नहीं हुई जिसके चलते आरोपी के हौसले बढ़ते गए और एक बार पुन: मनोहर तोलानी ने वही हरकत की रोशनी अग्रवाल ने पड़ोस की सभी महिलाओं के साथ जाकर थाने में शिकायत की एवं सभी की साक्षी गवाही के पश्चात पुलिस ने मामला विवेचना में लेकर जांच की जिस पर गोरखपुर थाने के थाना प्रभारी महोदय के द्वारा धारा 354 एवं धारा 506 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है वहीं रोशनी अग्रवाल ने कहा कि मनोहर तोलानी पर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि वह भविष्य में ऐसी हरकत दोबारा ना कर पाए।

## हत्या के मामले में फरार ईनामी बदमाश गिरफ्तार, लोडेड देशी कट्टा बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा थाना क्षेत्र के बैलेंसिंग रॉक के पास एक युवक को पुलिस ने कट्टा फंसाकर खड़े पकड़ा है। बताया जा रहा है कि आरोपी कुख्यात बदमाश है। संभवत: किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। आरोपी पहले से ही एक गंभीर में वांछनीय था। इस संबंध में गढ़ा थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे ने बताया कि शारदा मंदिर रोड बैलेसिंग रॉक के पास हत्या कें प्रकरण में फरार शातिर बदमाश राहुल अपने कमर में कट्टा जैसी चीज खोंसे हुये कोई गम्भीर घटना करने की नियत से खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां एक युवक खड़ा दिखा जो पुलिस को देखते ही भागने लगा। जिसे पकड़ा गया। पूछताछ में जिसने अपना नाम अपना नाम राहुल गोड़ उम्र 27 वर्ष निवासी माली मोहल्ला गौरेय्या प्लाट थाना मदनमहल बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो वह कमर में दाहिने तरफ देशी कट्टा जिसमें 1 कारतूस लोड है खोसे मिला। आरोपी के कब्जे से देशी एक कट्टा एवं एक कारतूस जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।



## हनुमानताल व ओमती क्षेत्र में पुलिस का जुआफड़ों पर छापा, 20 जुआड़ी गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में चोरी छिपे अभी भी छोटे-छोटे जुआफड़ संचालित किये जा रहे हैं। जिसकी भनक पुलिस को भी नहीं है। लेकिन पुलिस का सूचना तंत्र उन तक इसकी जानकारी पहुंचा रहा है। बड़े अंतराल के बाद पुलिस ने हनुमानताल व ओमती थाना क्षेत्रों में जुआफड़ पर छापामार कार्रवाई की है। जिसमें कुल 20 जुआरी गिरफ्तार किये गये हैं।

इस संबंध में हनुमानताल थाना प्रभारी एमडी नागोतिया ने बताया कि बीती रात सूचना मिली कि मोतीनाला अस्पताल के सामने गली में कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। जिस पर सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां जुआ खेल रहे युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। जिन्हें पकड़ा गया। जिन्होंने क्रमश: अपने नाम सतीश अहिरवार निवासी आईटीआई चुंगी नाका माढ़ोताल, लखन सोनकर निवासी बागड़ी मोहल्ला केंट, सुमित सोनकर निवासी भरतीपुर ओमती, हुकुमचंद निवासी कंचनपुर अधारताल, दिलीप राय निवासी स्टेशन के पास मदनमहल, मोह. सलमान निवासी अहमद नगर



गोहलपुर बताये। जुआरियों के पास एवं फड़ से 20 हजार 600 रूपये जप्त करते हुये उनके खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है।

इसी प्रकार बीती रात दारूल उलूम के पीछे हनुमानताल में जुआ खेल रहे मोह. नदीम निवासी मदार छल्ला, मोह. कलीम निवासी मदार छल्ला, लल्ला उर्फ कमल अहिरवार निवासी झंडाचौक प्रेमसागर, मोह. सहीम निवासी डॉक्टर सेन की गली दारूल उलूम के पीछे, अतीक खान निवासी मंडी मदार टेकरी को जुआ खेलते पकड़ा गया है। इसी क्रम में डॉक्टर सेन की गली हनुमानताल में जुआ खेल रहे इजराईल निवासी मंडी मदार टेकरी, शिवम सोनकर निवासी भरतीपुर ओमती, आयुष पाण्डे निवासी दमोहनाका क्षेत्रीय बस स्टेण्ड के पास गोहलपुर, सुशील रैकवार निवासी रामपुर थाना गोरखुपर को पकड़ा गया है।

### ओमती क्षेत्र से जुआरी पकड़े गये

इसी कड़ी में ओमती थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि बीती रात सूचना मिली कि गुडविल अपार्टमेण्ट के पास लाईट के उजाले में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं, जिसपर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां कुछ जुआरी मन्ना खेलते दिखे। जिन्हें समय रहते पकड़ लिया गया। जुआरियों ने अपने नाम क्रमश: टोनी उर्फ हैली जयसिंघानी निवासी गुडविल अपार्टमेण्ट ओमती, जतिन लालवानी निवासी अंचल विहार थाना गोरखपुर, दीपक कुमार जयसिंघानी निवासी गुडविल अपार्टमेण्ट, गिरीश खत्री निवासी कबीर मार्ग नेपियर टाउन, अंश कटारिया निवासी चौथापुल नेपियर टाउन बताये।



## चिकित्सकीय रसायन अद्भुत : कमिश्नर

### औषधीय रसायन एवं कॉस्मेटिक्स पर दिया लेक्चर

**जबलपुर, देशबन्धु।** कमिश्नर अभय वर्मा ने कहा है कि कोई भी ड्रग्स प्रोटीन को किस प्रकार प्रभावित करता है। यह मुख्यत: चिकित्सकीय रसायन का अद्भुत प्रभाव है। वे आज पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल स्कूल जबलपुर पर यूपीएससी एवं एमपीपीएससी नि:शुल्क कोचिंग ज्ञानाश्रय के छात्र छात्राओं को ड्रग्स के कंपोजिशन और प्रोटीन के बारे में समझा रहे थे। इस दौरान ज्ञानश्रय के सहायक संचालक संतोष सिंह सेंगर और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

कमिश्नर वर्मा ने कहा कि सजीवों में प्रोटीन सबसे महत्वपूर्ण पार्ट है। ड्रग्स का कंपोजिशन तैयार करने तथा तैयार कंपोजिशन से बीमारी का उपचार किया जाता है। उन्होंने कहा प्रोटीन भी अनेक प्रकार के होते हैं और हमारा शरीर में भी प्रोटीन रहता है। आपने देखा होगा कि जिनको बेक्ट्रिया से संबंधित इन्फेक्शन रहता है, उनको एंटीबायोटिक दवाईयां दी जाती है। पेनिसिलिन पहला सूक्ष्म जैविक हथियार है जो लेब में तैयार किया गया है और यह सूक्ष्मजीव को मारने या उनके बढ़ने में कमी करने में उपयोग किया जाता है। चिकित्सकीय रसायन के माध्यम से तैयार पैरासीटामोल, ब्रफेन आदि दर्द निवारक गोलियां तैयार की जाती है। उन्होंने बताया एंटीसेप्टिक दवाईयां सूक्ष्म जीवाणुओं को नष्ट या उनके ग्रोथ को कम करने का काम करती है। जैसे- डिटोल, सेवलान आदि। उन्होंने बताया कि कॉस्मेटिक्स खरीदने से पहले उसके संघटन अवश्य पढ़ लें, जैसे तेल, परफ्यूम आदि घरेलू सामग्री। उन्होंने बताया कि कॉस्मेटिक्स की मार्केट में डिमांड बहुत ज्यादा बढ़ गई है और विश्व की बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में आ रही हैं, क्योंकि यहां का मार्केट बड़ा है और जनसंख्या भी अधिक है। संभागायुक्त श्री वर्मा ने इस दौरान छात्र- छात्राओं के प्रश्नो के जवाब भी विस्तार से दिए।

## मोटर सायकिल की टक्कर से एक की मौत, एक गंभीर

**जबलपुर, देशबन्धु।** कुण्डम थाना अंतर्गत मझगवा रोड बघराजी में दो मोटर सायकिलों में भिड़ंत हो गई। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को तुलसीराम पटैल उम्र 57 वर्ष निवासी बघराजी ने बताया कि बीती शाम लगभग 7-30 बजे अभिनंदन बैगा के साथ खेत से पैदल घर वापस आ रहे थे जैसे ही पेट्रोल पम्प एवं त्रिपुरी चौक के बीच मझगवा रोड बघराजी पहुंचे, तभी सुनील पटैल एवं अर्जुन सिंह मोटर सायकिल में बैठकर बघराजी तरफ जा रहे थे सुनील मोटर सायकिल चला रहा था अर्जुन पीछे बैठा था कि पीछे से आ रही मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 जेड एफ 6189 के चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये सुनील की मोटर सायकिल में टक्कर मार दिया। जिससे दोनों गिर गये। मोटर सायकिल चालक मोटर सायकिल से भाग गया। गिरने से सुनील के मस्तक में तथा अर्जुन के दाहिने आंख के ऊपर चोट आयी। दोनों घायलों को उपचार के लिये 108 से शासकीय अस्पताल कुण्डम लेकर पहुंचे। अर्जुन सिंह को उपचार के लिये जबलपुर रेफर कर दिया गया तथा सुनील पटैल उम्र 42 वर्ष निवासी बघराजी की मौत हो गयी। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिये भिजवाते हुये आरोपी मोटर सायकिल चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है।



### जेएमएफसी कोर्ट ने विवेचना अधिकारी को किया तलब

## अदालत पहुंचा पुलिस अभिरक्षा में कान काटने का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सपना कनोड़िया की अदालत ने पुलिस अभिरक्षा में कान काटे जाने के मामले को बेहद गंभीरता से लिया। इसी के साथ संजीवनी नगर थाने के विवेचना अधिकारी को तलब कर लिया। अधिवक्ता जयंत नीखरा ने दलील दी कि आयुषी पाम ग्रीन सोसायटी, गंगानगर, गढ़ा निवासी देवेंद्र शर्मा को संजीवनी नगर पुलिस व क्राइम ब्रांच ने एक मामले में गिरफ्तार किया। इसके बाद सोसायटी परिसर में ही पुलिस ने उसके साथ झूमाझटकी शुरू कर दी। इस दौरान उसका एक कान कट गया। जिससे वह लहुलुहान हो गया।

**साक्ष्य छिपाने जब्त की डीवीआर**- अधिवक्ता नीखरा ने दलील दी कि सोसायटी के सीसीटीवी फुटेज से पुलिस की क्रूरता की पोल खुल जाएगी। यही वजह है कि डीपीआर जब्त कर ली गई। पुलिस ने देवेंद्र शर्मा को अदालत में पेश किया है। उसका एक कान कटा हुआ देखा जा सकता है। अदालत ने कान का निरीक्षण किया। इसी के साथ विक्टोरिया में मुलाहजा के लिए भेजा। वहां मलहम-पट्टी हुई। इसके बाद अदालत ने विवेचना अधिकारी को तलब कर लिया।

## अंग्रेजी व देशी शराब बेचते तस्कर गिरफ्तार, 36 बोतलें व 150 पाव देशी शराब बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में मादक पदार्थों की तस्करी पुलिस के लिये लंबे समय से पुलिस के लिये सिर दर्द बनी हुई है। लगातार कार्रवाईयों के बावजूद भी पुलिस शराब-गांजा की तस्करी में अंकुश नहीं लगा पायी है। जिसका परिणाम यह है कि रोजाना ही शराब व गांजा तस्करी हो रही है व आरोपी पकड़े जा रहे हैं।



इसी कड़ी कैंट थाना अंतर्गत पुलिस ने लक्ष्मीनारायण मंदिर के सामने हेलटगंज में एक शराब तस्कर को पकड़ा है। जिससे विदेशी शराब के बोतलें व पाव बरामद किये हैं। इस संबंध में केंट थाना प्रभारी राजकुमार खटीक ने बताया कि देर रात पुलिस को सूचना मिली कि लक्ष्मीनारायाण मंदिर के सामने हेलटगंज में एक युवक अपने घर के सामने कार्टूनों में शराब लेकर खड़ा है। जिस पर पुलिस ने तत्काल सूचना पर हेलटगंज में दबिश दी। जहां एक युवक शराब के कार्टून रखे खड़ा था। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम शुभम कुण्डे उम्र 27 वर्ष निवासी लक्ष्मीनारायण मंदिर हेलटगंज सदर बताया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे में रखे 3 खाकी रंग के कार्टूनों की अंग्रेजी शराब की 12-12 बोतलें तथा 3 कार्टून में देशी शराब के 150 पाव रखे मिले। पुलिस ने शराब जप्त करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## बुद्ध प्रतिमाओं का दान समारोह मानस भवन में होगा आयोजित

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी के लिए बड़े ही हर्ष एवं सौभाग्य की बात है कि भोपाल में बुद्ध भूमि महाविहार मॉनेस्ट्री प्रमुख परम पूज्य भंते शाक्य पुत्र सागर थेरो की अगुआई में आगामी 30 सितंबर 2023 शनिवार को स्थानीय मानस भवन में डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित एक भव्य समारोह में 500 बुद्ध रूप प्रतिमाओं को जबलपुर के विभिन्न बुद्ध विहार/ अंबेडकरवादी/ बुद्धिस्ट/ अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग के सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष सचिव एवं सक्रिय कार्य करने वाले प्रतिनिधियों समाजसेवियों को दान स्वरूप दिया जा रहा है। बुद्ध धम्म के एवं तथागत बुद्ध की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार के तहत पूज्य भंते शाक्य पुत्र सागर थेरो द्वारा जगह-जगह यह अभियान चलाया जा रहा है।



विगत दिनों भोपाल से जबलपुर पधारे पूज्य भंते शाक्य पुत्र सागर के आतिथ्य में स्थानीय चंद्रमणि बुद्ध विहार चेरी ताल दमोह नाका में पिछले रविवार को संपन्न डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति की एक बैठक के आयोजन में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि इसके लिए एक आयोजन समिति बनेगी। आयोजन समिति की रूप रेखा पूज्य भंते जी, अध्यक्ष, एवं संयोजक मिलकर तय करेंगे। इस समारोह में महापौर के अलावा थाईलैंड से भंते गण एवं प्रतिष्ठित अतिथियों वक्ताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में समस्त विहार एवं सामाजिक धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों से तन, मन, धन से उक्त समारोह को सफल बनाने की पुरजोर सहमति प्रदान की गई है। संयोजक एन. के. टेम्भूरने/अध्यक्ष दयानंद हराले, डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर सयुंक्त जयंती महोत्सव समिति ने सभी से कार्यक्रम शामिल होने की अपील की है।

# बिना सुनवाई का अवसर दिये बिना सेवा समाप्ति अनुचित

## बिरसिंहपुर नगर परिषद के दैवेभों कर्मियों को राहत

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि बिना सुनवाई का अवसर दिये वित्तीय कमी के कारण सेवा समाप्ति नहीं की जा सकती। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने मामले में अनावेदकों को निर्देश दिये कि वे आवेदकों की सेवा समाप्ति से पूर्व उन्हें सुनवाई का पूरा अवसर दे, तब तक आवेदक अपने पद पर बने रहेंगे।

यह मामले संदीप गुप्ता व अन्य की ओर से हाईकोर्ट में दायर किये गये थे। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा व कौशलेन्द्र सिंह ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि सतना जिले की बिरसिंहपुर नगर पालिका ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसके तहत दैनिक वेतन भोगी के पद पर कार्यरत् 23 कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी गई। जिसके पीछे वित्तीय स्थिति ठीक न होने का हवाला दिया गया। आवेदकों की ओर से कहा गया कि सेवा समाप्ति से पूर्व उन्हें सुनवाई का कोई अवसर भी नहीं दिया गया और न ही कोई नोटिस। इतना ही नहीं उनकी सेवा समाप्ति के बाद भी नगर पालिका ने कुछ कर्मचारियों को सेवा में रख लिया। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## प्रेमी की हत्यारन प्रेमिका व उसके दो साथियों को आजीवन कारावास

### अदालत ने तीनों पर एक-एक हजार का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रेमी की हत्या करने वाली प्रेमिका व उसके दो साथियों को जिला अदालत ने दोषी करार दिया है। एडीजे यशवंत मालवीय की अदालत ने आरोपी बबली उर्फ अंजली बर्मन, नरेन्द्र चौधरी व महेन्द्र पटेल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने तीनों पर एक-एक हजार ुपये का जुर्माना भी लगाया है।





अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि वर्ष 2019 में मृतक राजेश अपने घर से दोपहर में निकला। जिसके बाद उसकी लाश दो दिन बाद भेड़ाघाट के बहदन नहर के पास मिली। पुलिस ने संदेहास्पद फोन नंबरों की जांच उपरांत आरोपी बबली उर्फ अंजली बर्मन, महेन्द्र पटेल व नरेन्द्र अहिरवार को हिरासत में लिया था। जिन्होने पूछताछ में राजेश की हत्या करना स्वीकार किया था। उक्त मामले में भेड़ाघाट पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये साक्ष्यों को मद्देनजर अदालत ने तीनों आरोपियों को उक्त सजा सुनाई। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं कृष्ण गोपाल तिवारी ने पक्ष रखा।

## दो हत्यारों को उम्रकैद की सजा

### अदालत ने दोनों पर जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिहोरा एडीजे सुधांशु सिन्हा की अदालत ने एक युवक की हत्या करने के आरोपी बबलू पटेल व पवन चौधरी को उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने दोनों पर 65-65 सौ रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 23 जुलाई 2021 को आरोपी बबलू पटेल व पवन चौधरी ने मिलकर मेम्बर पटेल नामक युवक की हत्या की थी। अदालत को बताया गया कि मृतक घटना दिनांक को सुबह ग्राम लखनपुर खेती के काम से घर से कहकर निकला था। उसके बाद वह वापस नहीं आया। जिस पर 24 जुलाई को गुमशुदगी दर्ज करायी गई। जब पुलिस ने संदेही बबलू पटेल से पूछताछ की तो उसने बताया कि उड़द के पुराने रुपयों को लेकर मेम्बर पटेल से विवाद हुआ था। जिस पर बबलू ने अपने साथी पवन के साथ मिलकर रस्सी व गमछे से गला घोंटकर मेम्बर पटेल की हत्या कर दी थी। सुनवाई पश्चात् अदालत ने दोनों आरोपियों उम्रकैद की सजा व जुर्माने से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं दिलावर धुर्वे ने पक्ष रखा।

## किस्तों में जारी नहीं कर सकते आरोप-पत्र: हाईकोर्ट

### आवेदक को राहत, चार्जशीट निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने कदाचरण संबंधी एक मामले में कहा है कि किस्तों में आरोप पत्र जारी नहीं किये जा सकते। जस्टिस सुजय पॉल की एकलपीठ ने आवेदक के खिलाफ जारी आरोप पत्र को निरस्त कर दिया।

यह मामला सिंगरौली निवासी रोहणी प्रसाद पांडे की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया कि वे स्कूल शिक्षा विभाग में पदस्थ थे। साल 2012 में कदाचरण के आरोप में उन्हें नोटिस जारी किया गया। जिसकी सुनवाई के बाद साल 2017 में उन्हें दो वेतन वृद्धि रोकने की सजा से दण्डित किया। जिसके खिलाफ उनकी ओर से अपील दायर की गई, जिस पर निर्णय फिलहाल लंबित है। इतना ही नहीं इसके उपरांत उनके खिलाफ रिकवरी का नोटिस जारी कर दिया गया। जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। न्यायालय ने रिकवरी आदेश निरस्त कर दिया। हद तो तब हो गई जब साल 2012 के कदाचरण के आरोप में उन्हें साल 2022 में उनके खिलाफ नई चार्जशीट जारी कर दी गई। वहीं सरकार की ओर से बताया गया कि विभाग को हुए वित्तीय नुकसान की वसूली के लिये उक्त चार्जशीट जारी की गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त मत के साथ आरोप पत्र निरस्त कर दिया।

# पाटन ब्लॉक की खस्ताहाल नहरों के हाल बेहाल

## नहरों में नहीं छोड़ा पानी, धान की फसल सूखने की कगार पर

**पाटन, देशबन्धु।** रानी आवंती बाई सागर परियोजना के अंतर्गत आने वाले कुंवरपुर सिस्टम में विभाग के गैर ज़िम्मेदार अधिकारियों की वजह से किसानों को पानी नहीं मिल रहा है जिसकी वजह से धान की फसल सूखने की कगार पर है। जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ-साफ देखी जा सकती है।

ग्रामीणों ने विभाग पर लगाए गम्भीर आरोप- महुआखेड़ा के किसान सुरेन्द्र पटेल,मुन्ना पटेल एवं पाटन नगर के किसान पं.तन्मय दुबे ने बताया कि यदि हम कुंवरपुर सिस्टम की बात करे तो इसके अंतर्गत आने वाली चाहे वह उड़ना माइनर हो या फिर धनेटा माइनर हो या फिर तिलगवा माइनर और महुआखेड़ा आदि माइनर में नहरों की मरम्मत नाम मात्र का करके विभाग के ठेकेदार ने खाना पूर्ति कर दी है अभी भी पाटन ब्लाक की सभी नहरों में झाड़ झंकारियो का जंगल नहरों की दोनों साईड पर खड़ा है। नहर की मरम्मत में ठेकेदार के द्वारा



घोर लापरवाही करते हुए सिर्फ नाम मात्र का काम किया है। और विभाग के अधिकारियों की कृपा से ठेकेदार का भुगतान भी कर दिया जायगा। भाजपा के शासन काल में किसानों की फरयाद कोई सुनने वाला नहीं है।

बजरंगढ़ के किसान पुस्पेंद्र सिंह ने लगाए विभाग पर 50 प्रतिशत कमीशन के आरोप- पाटन ब्लाक की खस्ताहाल नहरों की सफाई,मेंटेनेंस एवं नहरों के निर्माण में विभाग के अधिकारी का 40 प्रतिशत कमीशन फिक्स होता है इसके बाद अकाउंट,टाइम कीपर,टैक्स एवं निर्माणाधीन साइड पर नुकसान को जोड़े तो ठेकेदार की 10 प्रतिशत राशि यहां खर्च हो जाती है इसके अलावा लगभग सभी कामों को 15 से 20 प्रतिशत ब्लो पर विभाग में काम करने वाले ठेकेदारों के द्वारा नहरों का काम लिया जाता है। यदि इन सबको मिला दिया जाए तो 70 प्रतिशत राशि तो बंदरबाट में खर्च हो रही है बाकी बची 30 प्रतिशत राशि में ठेकेदार अपना 10 प्रतिशत प्रॉफिट निकाल कर 20 प्रतिशत राशि में नहरों का काम करता है इसलिए पिछले दो दसको से हजारों करोड़ रुपए खर्च करने के बाबजूद पाटन ब्लाक की लगभग सभी नहरे खस्ताहाल स्थिति में है।

### इनका कहना है


जब कुंवरपुर सिस्टम के अंतर्गत आने वाली उड़ना माइनर,धनेटा माइनर,तिलगवा माइनर, महुआखेड़ा नहरों की मरम्मत के संबंध में बताया कि ठेकेदार ने कुछ काम किया है और अभी उसका काम पूरा नहीं हुआ है। वर्तमान समय में नहरों से किसानों के लिए पानी छोड़ा जा रहा है। इसलिए ठेकेदार ने काम बंद किया हुआ है, वहीं नहरों में पानी नहीं आने के संबंध में बताया की बरगी गांव में एक किसान से पानी रोक दिया था, उसे फिर से चालू करा दिया है। इसके अलावा डैम से 50 क्यूबिक पानी अतरिक्त छोड़ा जा रहा हैं। कल सुबह तक पानी नहरों में पहुंचने की उम्मीद है।

**एसके शर्मा, धनेटा,** माइनर प्रभारी

# चीतलों के शिकार मामले में वन विभाग ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा, 4 फरार

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा थाना अंतर्गत ग्राम कुर्रे एवं सिहोरा के बीच 24 अगस्त को चीतलों के शिकार मामले में वन विभाग को बड़ी सफलता हासिल हुई चीतलों के शिकार में शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। सिहोरा वन विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार 23 अगस्त की दरमियानी रात सिहोरा से लगभग 2 किलोमीटर दूर सरदा वन क्षेत्र में एक नर एक मादा और एक बच्चे चीतल का शिकार शिकारी द्वारा किया गया था इन शिकार किए गए चीतलों को ठिकाने लगाने के वक्त पुलिस को सूचना प्राप्त होते ही मौके पर पहुंच कर लगभग 40 किलो मांस और चीतलों के चमड़े बरामद किए गए थे बरामद किए गए इन चीतलों का अंतिम संस्कार पोस्टमार्टम के उपरांत सिहोरा वन परिसर में कराया गया था।

**सिहोरा वन विभाग को मिली सफलता**



23 अगस्त की दरयानी रात करीब 2 बजे जिन चीतलों का शिकार शिकारियों द्वारा किया गया जिनकी तलाश वन विभाग द्वारा टीम गठित कर की जा रही थी इसी दौरान टीम को वसीम पिता अब्दुल कुरैशी निवासी वार्ड नंबर 5 सिहोरा को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई जिसमें उसने सरदा वन क्षेत्र में तीन चीतलों के शिकार की बात स्वीकारी और कुछ अपने साथियों के बारे में भी जानकारी दी इस आधार पर सिहोरा वन विभाग की टीम में आरोपी वसीम के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9-39-50-51 के तहत न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

इनका कहना है

सरदा के जंगल में चीतलों के शिकार मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।

## सार-समाचार

### पनागर में बढ़ रही चोरी की वारदातें, पुलिस प्रशासन मौन

**पनागर, देशबन्धु।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में चोरी की घटनाएं आए दिन बढ़ रही है रात्रि में पुलिस की पर्याप्त गस्त न होने से भी चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं नगर पालिका के पास बीकानेर स्वीट्स में भी 3 दिन पहले अज्ञात चोरों ने घर के ऊपर घुसकर जाली हटाते हुए घर में घुस गए एवं चिल्लर पैसे सहित अन्य सामग्री लेकर चोर चंपत हो गए आज भी पुलिस की गिरफ्त से कर बाहर हैं इसके पूर्वी अनेकों बार नगर में चोरी की घटनाएं हुई लेकिन अज्ञात चोरों का पुलिस की पहुंच नहीं हो पा रही है जिसके कारण चोर सामाजिक तत्व लगातार सक्रिय और घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं नगर के वजन उन्होंने वरिष्ठ जनों ने एवं जनप्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक जबलपुर से मांग की है शीघ्र ही पनागर में हो रही चोरी की घटनाओं पर रोक लगाई जाए एवं अज्ञात चोरों पर पड़कर कड़ी कार्रवाई की जाए जिससे आम जनता का जीवन सुरक्षित हो सके।

### पुलिस कर्मियों के साथ मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा सेवा टीम समिति द्वारा सिहोरा थाना परिसर में थाना प्रभारी एवं सभी पुलिस कर्मियों के साथ में राखी बांधकर सेवा टीम की बहनों दीक्षा ठाकुर, आकांक्षा मिश्रा, नेहा ठाकुर, सिमरन ठाकुर, मुस्कान कार्डा ने रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया तथा हमेशा प्रशासन की मदद के लिए तत्पर रहने का संकल्प लिया। जिस दौरान थाने परिसर में सभी पुलिस कर्मियों में भी खुशी का माहौल देखने को मिला। सेवा टीम समिति के प्रमुख ऋषभ द्विवेदी ने बताया कि पुलिस प्रशासन के लोग त्यौहार पर भी अपने घर नहीं जा पाते, जब हम अपने घर पर त्यौहार मनाते हैं तब भी वह अपनी ड्यूटी करते हैं। ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि हम उनका परिवार बनकर उनके साथ त्यौहार मनाएं। समिति के सदस्य हमेशा से ही अपनत्व की भावना के साथ बढ़-चढ़कर समाज में सभी का सहयोग करते है। कोरोना जैसे विषम परिस्थितियों में भी इन लोगों ने अपनी सेवा के माध्यम से बड़ा योगदान दिया था। थाने परिसर में इस दौरान सिहोरा थाना प्रभारी विपिन सिंह के साथ समिति से ऋषभ द्विवेदी, दीपक साहू, आशीष नामदेव, पवन कुशवाहा, सत्यम तिवारी, प्रियांशु पाण्डेय, ज्ञानसागर द्विवेदी, रोशन साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सिहोरा अप डाऊनर्स संघ की कार्यकारिणी का हुआ गठन

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा से बहुत अधिक संख्या में लोगो का ट्रेनों द्वारा अप डाउन किया जाता है।ये संख्या हजारों में है।इनमे नौकरी पेशा और विद्यार्थियों की बहुत अधिक संख्या है।ये यात्री केवल यात्रा तक ही सीमित नहीं रहते बल्कि रेलवे के साथ मिलकर रेलवे और यात्रियों की सुविधाओं पर भी अपना दखल रखते है।सिहोरा के लोगो के द्वारा ऐसा वर्षो से किया जा रहा है।इसके लिए बकायदा एक सिहोरा अप डाऊनर्स संघ का गठन किया गया है।

इस संघ के अध्यक्ष चेतराम विश्वकर्मा ने सचिव निशांत विश्वकर्मा की अनुशंसा पर कार्यकारिणी का गठन किया है।गठित कार्यकारिणी में मानस तिवारी उपाध्यक्ष,प्रबुद्ध पाठक सहसचिव,अमित बक्शी कोषाध्यक्ष,ऋषभ द्विवेदी मीडिया प्रभारी होंगे।संघ में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मलय श्री,राशि दुआ,आदित्य पटेल,प्रयाश मिश्रा,दीपक ब्योहार, इंद्रजीत,मनजीत सिंह ग्रोवर,संतोष नायक,दीपेश जैन और विवेक जैन शामिल है।

### खुडावल के बाद अब हरदुआ भी आगे आया

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा को जिला बनाने और सिहोरा तहसील में शामिल होने के खुडावल ग्राम की घोषणा के बाद मझौली के ही एक अन्य ग्राम हरदुआ कला ने भी सिहोरा तहसील में शामिल होने के लिए अपनी आवाज उठाई है। हरदुआ कला गांव के सैकड़ो ग्राम वासियों ने मांग की कि सिहोरा को जिला बनाया जाए और यदि पुन: परिसीमन किया जा रहा है तो उनका उनके ग्राम को सिहोरा तहसील में जोड़ा जाए। ग्राम के सूरज पटेल, वी के पटेल,प्रदीप दुबे ,अशोक पटेल, गुड्डू पटेल, प्रमोद पटेल, रामकिशोर पटेल, सीताराम पटेल ,पप्पू पटेल, मंगल मिश्रा ,गुड्डू मिश्रा, मनोज चौबे, सुनील परोहा ,नितिन चौबे, अनुराग उपाध्याय,नितिन उपाध्याय, सुदर्शन उपाध्याय, पंकज गर्ग और शीलू मिश्रा ने मांग की कि उनके ग्राम हरदुआ कला को सिहोरा तहसील में मिलाया जाए और सिहोरा को जिला बनाने की मांग का समस्त ग्रामवासी समर्थन करते हैं।समस्त ग्राम वासियों से ग्राम के सिहोरा जिला में शामिल होने को ग्राम के प्रत्येक नागरिक के लिए हितकर बताया। विदित हो कि हरदुआ कला ग्राम की सिहोरा से दूरी महज 7 किलोमीटर जबकि मझौली से दूरी 24 किलोमीटर है।




# अंगद की तरह पैर जमाए हुए हैं नगर परिषद मझौली के कर्मचारी

**मझौली देशबन्धु।** कार्यालय नगर परिषद में 15 वर्षों से जमे अधिकारी कर्मचारी अंगद की तरह पैर जमाय हुए हैं क्योंकि नगर परिषद मझौली में मलाई मिलती है कमीशन के रूप में मोटी रकम मिलती है कोई भी काम ठेकेदार कि मिली भगत के बिना नहीं होता मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती है इसलिए ऑफलाइन टेंडर सभी को पर्याप्त मात्रा में कमीशन मिलता है 40000 की चबूतरा बनाने पर 100000 का बिल निकल जाता है ?100000 के गेट पर ढाई लाख रुपए निकाले जाते हैं जगह-जगह मझौली नगर में घोटाले हो रहे इसलिए तो सभी की चाहत बने यह कर्मचारी नेताओं कि मिली भगत से हो रहा काम अधिकारी यहीं पर जमे हुए हैं अंगद की तरह पैर जमे हुए हैं इंजीनियर लगभग 4 वर्षों से नगर परिषद मझौली मैं जमे हैं क्योंकि ठेकेदारों से इनकी मिलीभगत है नगर परिषद मझौली में बनी आंगनबाड़ियों में भी जमकर घोटाले हुए हैं आंगनवाड़ी खोखला हो रही और दरार छोड़ रहे हैं वार्ड नं 02 की आंगनबाड़ी भी घटिया निर्माण कार्य हुआ लेकिन सभी ठेकेदारों के बिल पास कर दिए गए क्योंकि मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती है इनको और रिटायरमेंट दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को भी अभी पगार दी जा रही है और कुछ कर्मचारियों को रिटायरमेंट होने के बाद भगा दिया जाता है कुछ चहेते कर्मचारियों को रखा गया नगर परिषद मझौली में अभी भी वेतन पा रहे हैं।

# महापंचायत में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अतिथि शिक्षकों को दी कई सौगात



**पाटन देशबन्धु।** भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित अतिथि शिक्षकों की महापंचायत में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अनेक फैसले अतिथि शिक्षकों के हित में लिए वही महापंचायत में अतिथि शिक्षकों के 15 वर्ष के परिश्रम और त्याग की सराहना करते हुए कोरोना काल के दौरान नियमित शिक्षकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर किये गए कार्य की प्रशंसा करते हुए अथिति शिक्षको के लिए अनेक सौगात दी जिसमे अतिथि शिक्षकों को अब महीने के हिसाब से मानदेय की व्यवस्था होगी कालखंड व कार्यदिवस की बाध्यता समाप्त कर दी गई। अतिथि शिक्षकों के मानदेय में दुगुनी वृद्धि की गई है जिसमे वर्ग-1 में 9 हजार की जगह अब 18 हजार मिलेंगे,वर्ग-2 में 7 हजार की जगह अब 14 हजार,वर्ग -3 में 5 हजार की जगह अब 10 हजार मानदेय मिलेगा अब अतिथि शिक्षकों का अनुबंध पूरे एक साल का होगा उसी आधार पर वेतन भी मिलेगा। शिक्षक भर्ती में अतिथि शिक्षिकों को 25त्न की जगह 50त्न आरक्षण मिलेगा। वहीं उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार अतिथि शिक्षकों को प्रतिवर्ष 4 और अधिकतम 20 अंक बोनस के मिलेंगे। महीने की निश्चित तारीख को मानदेय मिलने की व्यवस्था की जाएगी। विभागीय पात्रता परीक्षा लेकर अतिथि शिक्षकों को नियमित करने की दिशा में योजना बनाई जाएगी। अतिथि शिक्षक महापंचायत में मध्यप्रदेश के सभी जिलों के साथ जबलपुर जिले से जिला अध्यक्ष हेमंत तिवारी, संकुल प्रभारी ठा. सूर्य प्रताप सिंह, राजेश द्विवेदी, विमल किशोर यादव, ऋषि प्यासी, डॉ.रीझन झारिया सहित हजारों की संख्या में अतिथि शिक्षक महापंचायत में मौजूद थे।




## साक्षरता हमें जगाती है, शोषण से बचाती है

**पनागर, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितंबर के उपलक्ष्य में उल्लास नवभारत साक्षरता सप्ताह 1 सितंबर से 8 सितंबर तक मनाया जा रहा है , इसी क्रम में आज जनपद शिक्षा केंद्र पनागर में साक्षरता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय कन्या पनागर एवं शासकीय माध्यमिक बालक शाला पनागर के सभी छात्र छात्राएं एवं सभी शिक्षकों ने रैली में भाग लेकर नगर भ्रमण किया और सभी को साक्षर करने हेतु साक्षरता का संदेश दिया 7 इस अवसर पर जनपद शिक्षा केंद्र पनागर से साक्षरता सह समन्वयक विनोद कुमार पटेल एवं संकुल सह समन्वयक श गुलाब सिंह मार्को संकुल कन्या पनागर, नरेन्द्र वर्मा संकुल शासकीय उत्कृष्ट हा.से.विध्यालय एवं छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# पनागर नगर में शुरु होगी दीनदयाल रसोई योजना, कम दाम में मिलेगा भरपेट भोजन

**पनागर, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आज प्रदेश के नगरीय, उपनगरीय क्षेत्रों में 38505 पट्टे वितरित कर नई सौगात प्रदान की है।

इसी क्रम में पनागर नगर पालिका परिषद में आज क्षेत्रीय विधायक सुशील इंदु तिवारी जी के विशेष सहयोग के चलते बस स्टैंड प्रांगण में दीनदयाल रसोई योजना का शुभारंभ किये जाने साथ ही 38 पट्टों का वितरण नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल, नगर मंडल संयोजक आनंद जैन मिंन्चू भैया, नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर जैन सहित अन्य क्षेत्रीयजनो की उपस्थिति में मुख्यमंत्री द्वारा किये गए लाइव प्रसारण सुना और कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को पट्टे सौंपे गए, साथ ही बस स्टैंड परिसर पर दीनदयाल रसोई योजना की शुरुआत होने जा रही है,जिससे लोगों को 5 रु में भरपेट भोजन का लाभ उठा सकेंगे।जिसके लिए क्षेत्रीयनजो ने विधायक को धन्यवाद प्रेषित



किया।पूर्व मंडल अध्यक्ष गोवर्धन खेतपाल, पार्षद दीपांशु नामदेव, रश्मि विश्वकर्मा, मुकेश गोंटिया ,सीएमओ आशीष शर्मा,सुरेश पटेल,अब्बास मंसूरी, दिलीप पटेल, गुड्डू गोंटिया, जागेश्वर शर्मा, संतोष सैनी, राजकुमार वंशकार, यशपाल केवट, पवन पटेल, छकौड़ी रजक, अमिताभ साहू,देवेंद्र कुशवाहा, सौरभ साहू, प्रहलाद कुशवाहा, रामसफुल नामदेव, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, राजा जैन अधिकारी कर्मचारी और हितग्राही उपस्थित रहे।

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर व्यापारियों ने सौंपा मंडी सचिव को ज्ञापन

## मांगे पूरी नहीं होने पर पाटन के व्यापारी 4 से रहेंगे हड़ताल पर

**पाटन देशबन्धु।** जिले की पाटन कृषि उपज मंडी के व्यापारी इन दिनों प्रदेश सरकार की उदासीनता व मंडी बोर्ड की नियंत्रण व्यवस्था से परेशान होकर आज मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपकर मांग की 1.मंडी समितियों में पूर्व मे आबंटित भूमि/संवरचनाओं पर भूमि एवं संवरचना आवंटन नियम 2009 लागू नही किया जावें। कलेक्टर गाईड लाईन से लीज दरों पर निर्धारण नहीं रखकर नामिनल दरों पर रखी जायें। 2. मंडी फीस दर एक प्रतिशत की जावे। 3.निराश्रित शुल्क समाप्त किया जावे। 4.मंडी अधिनियम की धारा




19 (2), धारा 19( ), धारा 46 (ड) एवं धारा 46 (च) में संशोधन/ विलोपन किया जाये। 5. लायसेंस प्रतिभूति की अनिवार्यता हटायी जावे। 6. वाणिज्यिक संव्यवहार की पृथक अनुज्ञप्ति व्यवस्था एवं निर्धारण फीस रुपये 25,000/- की वृद्धि समाप्त कर पूर्व फीस रूपये 5,000/- बहाल की जावे 7.मंडी समितियों को धारा 17(2) (चौदह) एवं 30 में प्रदत्त अधिकार/शक्तियां यथावत रखी जायें। 8.लेखा सत्यापन/पुन:लेखा सत्यापन कार्यवाही समाप्त की जावे।

9. कृषक खरीदी प्रतिभूति बढ़ाने के दबाव पर रोक लगायी जाये 10. विक्रेता की जोखिम पेटे नवीन प्रतिभूति जमा कराये जाने पर जमा पुरानी प्रतिभूति एक निर्धारित अवधि में वापिस की जाना सुनिश्चित कराया जावे। 11.धारा 23 अंतर्गत गाड़ियों को रोकने की शक्ति प्रावधान की परिधि के बाहर जाकर मंडी बोर्ड कार्यालय स्तर से गठित किय जाने वाले जांच दलों पर रोक लगायी जाए।

# बरगी क्षेत्र का कुख्यात अपराधी बरेला क्षेत्र में फैला रहा दहशत

**बरेला, देशबन्धु।** थाना बरगी के ग्राम बरबटी का जित्तू उर्फ जितेंद्र महोबिया थाना बरगी का आदतन अपराधी है जिस पर लूट हत्या, हत्या का प्रयास,आर्म्स एक्ट जैसे एक दर्जन से अधिक संगीन वारदातों के मामले दर्ज हैं।यह अपराधी बरेला थाना अंतर्गत ग्राम सालीवाड़ा में रहकर आम जनों में दहशत फैला रहा है। अपराधी की दहशत इतनी है कि गांव का कोई व्यक्ति अपराधी के विरुद्ध शिकायत करने से भी डरते हैं जिसका फायदा अपराधी को मिल रहा है. नगर वासियों,सामाजिक संस्थाओं ने उक्त अपराधी पर कार्यवाही की मांग पुलिस अधीक्षक व जिला कलेक्टर से की है।

## राष्ट्रपति ने नेहरू मेमोरियल का नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय करने की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नेहरू मेमोरियल संग्रहालय एवं पुस्तकालय (एनएमएमएल) का नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। केंद्र द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है, 'भारत सरकार (व्यवसाय का आवंटन) नियम, 1961 में दूसरी अनुसूची में प्रविष्टि 9 में 'संस्कृति मंत्रालय' शीर्षक के तहत, 'नेहरू मेमोरियल संग्रहालय एवं पुस्तकालय' शब्दों के स्थान पर...'प्रधानमंत्रियों का संग्रहालय और पुस्तकालय' शब्द प्रतिस्थापित किये जायेंगे।' इससे पहले, विपक्षी कांग्रेस ने संग्रहालय से पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का नाम हटाने के लिए केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की थी और इसे 'प्रतिशोध की राजनीति' का हिस्सा बताया था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने कहा था, 'इससे हमारे लिए कोई समस्या पैदा नहीं होने वाली है।

# मणिपुर में हिंसा से जुड़े मामलों की तेजी से जांच के लिए बनेंगी 42 एसआईटी

**इम्फाल,** (एजेंसियां)। राजभवन के सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि मणिपुर में हिंसा से संबंधित सभी मामलों की तेजी से जांच के लिए कम से कम 42 विशेष जांच दल गठित किए जाएंगे। पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डी.डी. पडसलगीकर, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा सीबीआई और एसआईटी को सौंपे मामलों की निगरानी के लिए नियुक्त किया गया था, ने मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात की और उन्हें राज्य में मौजूदा संकट से अवगत कराया।



■ पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डी.डी. पडसलगीकर, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा सीबीआई और एसआईटी को सौंपे गए मामलों की निगरानी के लिए नियुक्त किया गया था

राजभवन के सूत्रों ने कहा कि पडसलगीकर ने राज्यपाल को सूचित किया कि शुरुआत में 42 एसआईटी गठित की जाएंगी और मणिपुर में हिंसा से जुड़े सभी मामलों की तेजी से जांच की जाएगी। पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को हाल ही में मुख्य रूप से सीबीआई और एसआईटी द्वारा जांच किए गए मामलों की निगरानी के लिए मणिपुर में तैनात किया गया है। सूत्रों ने कहा, 'जहां तक पहाड़ी जिलों के मामलों का सवाल है, पडसलगीकर ने राज्यपाल को सूचित किया कि मामलों की जांच के लिए बीएसएनएल और एनआईसी के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।' पडसलगीकर के मुताबिक, जांच की पहली स्टेटस रिपोर्ट अक्टूबर के पहले सप्ताह तक संबंधित अथॉरिटी को सौंप दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने कई राहत शिविरों का दौरा किया और शिविरों में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से मुलाकात की। पडसलगीकर ने राज्यपाल से लोगों की मदद के लिए हर संभव कदम उठाने का अनुरोध किया।

राज्यपाल ने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारों ने हिंसा प्रभावित लोगों को मदद पहुंचाने के लिए पहले ही आवश्यक साझा कार्यक्रम शुरू कर दिया है और संबंधित राज्य मशीनरी को उन लोगों को सहायता प्रदान करने और उन्हें फिर से यथाशीघ्र उनके स्थानों पर बसाने के लिए उपाय करने का निर्देश दिया है।

इस बीच, राज्यपाल ने मणिपुर और नागालैंड सेक्टर के नवनियुक्त सीआरपीएफ महानिरीक्षक अखिलेश प्रसाद सिंह के साथ मणिपुर की मौजूदा स्थिति के बारे में बातचीत करते हुए कहा कि सीआरपीएफ सहित केंद्रीय सुरक्षा बलों की समय पर तैनाती से स्थिति को बद से बदतर होने से रोका जा सका। इसके अलावा, राज्यपाल ने सिंह से घाटी और पहाड़ी जिलों में विभिन्न राहत शिविरों में शरण लेने वाले हिंसा प्रभावित लोगों को सहायता देने का अनुरोध किया। सीआरपीएफ आईजी ने कहा कि जातीय संघर्ष से उपजे मौजूदा संकट से वह पहले से ही भलीभांति परिचित हैं।

## स्मार्ट मीटरों पर जम्मू कश्मीर उबाल पर, अब सरकार का विज्ञापन युद्ध

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों पर बवाल सरकार के विज्ञापन युद्ध के बाद और बढ़ गया है। पिछले कई महीनों से लखनपुर से लेकर कश्मीर के उड़ी तक इन मीटरों के विरूद्ध हो रहे हिंसक प्रदर्शनों के बावजूद प्रदेश सरकार ने अब पुन: सख्ती के साथ पेश आते हुए स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर हर हाल में लगेंगे। इन मीटरों के विरोध में प्रदेश में दो बार जम्मू बंद भी आयोजित किया जा चुका है। पर सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है। अब उसने स्मार्ट मीटरों के पक्ष में विज्ञापन युद्ध छेड़ते हुए इसके फायदे गिनाने आरंभ किए हैं। पिछले कई दिनों से स्थानीय अखबार स्मार्ट मीटरों के फायदे गिनाने वाले विज्ञापनों से तो पटे ही हैं, बिजली विभाग के आला अधिकारी भी स्थानीय स्तर पर पत्रकार वार्ताओं द्वारा इसके फायदे गिना रहे हैं। साथ ही वे चेतावनी के तौर पर स्पष्ट करने की कोशिश करते थे कि स्मार्ट मीटर की मुहिम नहीं रूकेगी।

■ सरकार ने कहा पौने चार लाख लग चुके हैं और 22 लाख मीटर लगेगें

बिजली विभाग के अनुसार, प्रदेश में 22 लाख के करीब रजिस्टर्ड बिजली उपभोक्ता हैं और सभी के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। अभी तक पौने चार लाख मीटर ही लग पाए हैं क्योंकि मीटरों की आपूर्ति की गति कछुआ चाल से है। हालांकि सबसे अधिक बवाल प्री पेड मीटरों को लेकर है जिसकी गति को फिलहाल धीमा करने के साथ ही पुलिस प्रोटेक्शन में उन्हें लगाया जा रहा है।

इतना जरूर था कि हर बार की तरह बिजली विभाग ने एक बार फिर घोषणा की है कि जिन इलाकों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं वहां बिजली कटौती नहीं होगी। पर पहले की घोषणाओं को मजाक वह खुद ही कई बार उड़ा चुका है।

## आज का इतिहास

1650–इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच डनबर की लड़ाई।

1791–फ्रांस की नेशनल एसेंबली ने फ्रांसीसी संविधान को पारित किया।

1783–अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पेरिस की संधि के साथ युद्ध समाप्त हो गया।

1833–अमेरिका में पहली सफल समाचार पत्र 'न्यूयार्क सन' बेंजामिन एच डे के द्वारा शुरू किया गया।

1900 –रूसी सेना ने आमूर नदी पर नियंत्रण स्थापित किया।

1918–प्राचीन इस्लामी नगर दमिश्क़ पर ब्रिटेन की सेना का अधिकार हो गया।

1921–बेल्जियम में कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई।

1923–तबला वादक पंडित किशन महाराज का जन्?म हुआ था।

1924–चीन में गृह युद्ध की शुरुआत हुई।

1939–जर्मनी के पोलैंड पर चढ़ाई करने के दो दिन बाद ब्रिटेन-फ्रांस ने उसके खिलाफ जंग का ऐलान किया।

## सुडोकू 6305

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | | | | |
| 7 | | | | 1 | 4 | | 8 | |
| 6 | | | | | | | | |
| 1 | 8 | | | 4 | | | 5 | |
| 2 | | | 1 | | 5 | | | 6 |
| | 9 | | | 8 | | | 2 | 3 |
| | | | | | | | | 2 |
| | 1 | | 4 | 5 | | | | 9 |
| | | | | | 7 | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सार संक्षेप

### सीएम जगन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के आरोप में टीडीपी नेता गिरफ्तार

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी और मंत्रियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में टीडीपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री अय्यना पत्रुडु को विशाखापत्तनम हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया। हैदराबाद से विमान से विशाखापत्तनम हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर कृष्णा जिले में ले गई। टीडीपी महासचिव नारा लोकेश की 'युवा गलम' पदयात्रा के हिस्से के रूप में एनटीआर जिले के गन्नावरम में हाल ही में आयोजित एक सार्वजनिक बैठक में मुख्यमंत्री और मंत्रियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए पुलिस ने टीडीपी नेता और कुछ अन्य लोगों पर मामला दर्ज किया था।

### अमित शाह ने देशभर के भाजपा कॉल सेंटर्स के संयोजकों को किया संबोधित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को देशभर के भाजपा कॉल सेंटर्स के संयोजकों को संबोधित किया। इस दौरान कॉल सेंटर के जरिए मोदी सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करने की रणनीति को लेकर अहम टिप्स दिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय के केंद्रीय कार्यालय विस्तार पहुंच कर देशभर से बुलाए गए कॉल सेंटर्स के संयोजकों को संबोधित करते हुए यह बताया कि सरकार की उपलब्धियों को जनता तक कैसे पहुंचाना है। कॉल के माध्यम से देश के मतदाताओं को 2024 में भाजपा एवं एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने के लिए कैसे प्रेरित करना है।

## बाइडेन की जिनपिंग से मुलाकात नहीं होगी

**वाशिंगटन,** (एजेंसियां) अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ आधिकारिक बैठक की योजना नहीं हैं। एनबीसी ब्रॉडकास्टर ने शुक्रवार को अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट दी है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक नयी दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में श्री जिनपिंग के आने की उम्मीद है और अगर वह सम्मेलन में शामिल होते हैं, तो भी दोनों नेताओं के बीच बातचीत औपचारिक अभिवादन और प्रसन्नता के आदान-प्रदान तक ही सीमित रहेगा। श्री बाइडेन और श्री जिनपिंग हालांकि आने वाले महीनों में सैन फ्रांसिस्को में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) सम्मेलन के मौके पर बैठक कर सकते हैं, हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने मीडिया को बताया, 'मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि अगर श्री जिनपिंग (एपेक सम्मेलन में) आएंगे तो यह उपयोगी होगा।' जी-20 शिखर सम्मेलन 9-10 सितम्बर तक भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा जबकि एपेक इकोनॉमिक लीडर्स वीक नवंबर में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में होगा।



## वांग यी ने दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री के साथ की फोन वार्ता

**बीजिंग,** (एजेंसियां)। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री पार्क जिन के साथ 31 अगस्त को फोन पर बातचीत की। वांग यी ने कहा कि दक्षिण कोरिया के प्रति चीन की नीति निरंतरता और स्थिरता बनाए रखती है। द्विपक्षीय संबंधों के विकास में अंतर्जात प्रेरक शक्ति और अपरिहार्य तर्क हैं, और यह किसी तीसरे पक्ष द्वारा प्रभावित नहीं की जानी चाहिए। चीन और दक्षिण कोरिया को राजनयिक संबंध स्थापित करने के मूल इरादे पर कायम रहना चाहिए, मैत्रीपूर्ण सहयोग की सही दिशा पर कायम रहना चाहिए। दोनों देशों को लोगों के बीच आपसी समझ को बढ़ाना जारी रखना चाहिए और बाहरी कारकों के हस्तक्षेप को रोकना चाहिए। दोनों को संयुक्त रूप से द्विपक्षीय संबंधों की स्थिरता और दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देना चाहिए और अगले 30 वर्षों के लिए अधिक टिकाऊ, लचीला और घनिष्ठ सहयोग कायम करना चाहिए।

पार्क जिन ने चीन के कुछ क्षेत्रों में हाल ही में आई बाढ़ पर अपनी गंभीर संवेदना व्यक्त की। साथ ही उन्होंने हांगचो में आगामी 19वें एशियाई खेलों की पूर्ण सफलता और शांति और एकता के भव्य



आयोजन की कामना की। पार्क जिन ने कहा कि दक्षिण कोरिया और चीन करीबी पड़ोसी और महत्वपूर्ण साझेदार हैं। यह वर्ष दक्षिण कोरिया-चीन संबंधों के दूसरे 30 वर्षों की शुरुआत का प्रतीक है। दक्षिण कोरिया सरकार दक्षिण कोरिया और चीन के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में हुई उपयोगी उपलब्धियों की सराहना करती है, और दक्षिण कोरिया व चीन के बीच संबंधों को महत्व देना और बढ़ावा देना जारी रखेगी।

## दुनिया को जानें

### हांगकांग ने शक्तिशाली तूफान साओला का आठ नंबर संकेत किया जारी किया

**हांगकांग।** हांगकांग वेधशाला ने शुक्रवार सुबह शक्तिशाली तूफान साओला के प्रभाव के मद्देनजर आठ नंबर का उत्तर-पश्चिम गेल या फिर तूफान का संकेत जारी किया। हांगकांग की मौसम प्रणाली के तहत नंबर 8 का संकेत तीसरी सबसे बड़ी चेतावनी है, जिसमें आमतौर पर तूफान के लिए पांच रैंकिंग हैं। मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम की ओर से 63 किमी प्रति घंटे या उससे ज्यादा की गति से हवाएं चलने का अनुमान जताया है। तूफान के कारण हांगकांग में कई सार्वजनिक सेवाएं और गतिविधियां बंद कर दी गई है। इसके अलावा सभी स्कूलें बंद हैं और हांगकांग स्टॉक एक्सचेंज ने कामकाज बंद कर दिया है। तूफान के कारण हांगकांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और हांगकांग डिज़्नीलैंड को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। शुक्रवार सुबह 10 बजे (0200 जीएमटी) तूफान साओला हांगकांग से लगभग 210 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व में केंद्रित था। इसका दक्षिण-पूर्व चीन में पर्ल रिवर एस्चुरी के आसपास के क्षेत्रों की ओर लगभग 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने का अनुमान है।

## ऑस्ट्रेलिया ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए महामारी वीज़ा किया ख़त्म

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने फरवरी 2024 से महामारी इवेंट वीजा को बंद करने की घोषणा की है। इस वीज़ा को 2020 में महामारी के चरम के दौरान श्रम की कमी को दूर करने और देश छोड़ने में असमर्थ अंतरराष्ट्रीय छात्रों की मदद के लिए पेश किया गया था। गृह मामलों के मंत्री क्लेयर ओ-नील और आव्रजन मंत्री एंड्रयू जाइल्स ने गुरुवार को संयुक्त रूप से कहा, 'फरवरी 2024 से, सभी आवेदकों के लिए वीज़ा बंद हो जाएगा। इससे हमारी वीज़ा प्रणाली को निश्चितता मिलेगी, क्योंकि वीज़ा के संचालन को रोकने वाली परिस्थितियां अब मौजूद नहीं हैं।' शनिवार से, नए आवेदनों को छह महीने का वीज़ा मिलेगा। इन नए परिवर्तनों के अनुसार, जिनके पास वैध महामारी वीज़ा है, वे तब तक वैध रहेंगे जब तक कि उनका वर्तमान वीज़ा समाप्त नहीं हो जाता। जिन लोगों के पास अन्य वीज़ा आवेदनों के लिए कोई विकल्प नहीं है, उनसे वीज़ा समाप्त होने पर ऑस्ट्रेलिया छोड़ने की उम्मीद की जाती है।



जाइल्स ने कहा, 'महामारी के दौरान महामारी इवेंट वीज़ा ऑस्ट्रेलिया की वीज़ा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। अस्थायी वीज़ा पर कई लोगों ने इस अवधि के दौरान ऑस्ट्रेलिया की मदद की। हम उन लोगों के लिए एक अवसर प्रदान कर रहे हैं, जिनके पास महामारी इवेंट वीज़ा है, ताकि वे अन्य वीज़ा विकल्प तलाश सकें, या ऑस्ट्रेलिया छोड़ने के लिए योजना बना सकें।' यह कदम प्रधान मंत्री एंथनी अल्बनीस सरकार द्वारा हाल ही में कोविड-युग के उपायों की एक श्रृंखला को समाप्त करने के बाद आया है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए असीमित काम के घंटे और वर्किंग हॉलिडे वीजा धारकों के लिए काम की छूट शामिल है।

## ट्रम्प ने 2020 जॉर्जिया चुनाव मामले में खुद को बताया निर्दोष

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिणपूर्वी राज्य जॉर्जिया में 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को पलटने के प्रयास के आरोपों में खुद को निर्दोष बताया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने फुल्टन काउंटी सुपीरियर कोर्ट में गुरुवार को दायर एक याचिका में कहा, मैं इस मामले में दोषी नहीं हूं। जॉर्जिया में 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को पलटने के प्रयासों को लेकर ट्रम्प और 18 अन्य को 14 अगस्त को दोषी ठहराया गया था। फुल्टन काउंटी सुपीरियर कोर्ट के न्यायाधीश स्कॉट मैक्एफ़ी ने मामले में आरोपित ट्रम्प और अन्य के लिए दोषारोपण की सुनवाई 6 सितंबर के लिए निर्धारित की थी। ट्रम्प के वकीलों ने न्यायाधीश से उनके मामले को उनके कुछ सह-प्रतिवादियों से अलग करने के लिए भी कहा, जिन्होंने मामले में शीघ्र सुनवाई की मांग की थी। पिछले हफ्ते, ट्रम्प ने खुद को जॉर्जिया के अटलांटा में आत्मसमर्पण कर दिया था। 2024 के रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के दावेदारों में सबसे आगे चल रहे ट्रम्प को चार आपराधिक मामलों में दोषी ठहराया गया है।



## वर्ग पहेली 6305

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. जलसेना का प्रमुख
४. पवित्रता, शुद्धता (उर्दू)
६. निपुण, दक्ष (उर्दू)
७. प्राप्त, लब्ध (उर्दू)
८. पदार्पण करना
१०. आचरण, प्रकृति
११. वर्षण, वर्षा होना
१३. जिसके बाल खड़े हों
१४. गंभीर, संवेदनशील
१५. नया पैदा हुआ
१७. विद्यमान होना, निवास करना
१९. उदासी
२१. लौंग
२२. कुछ-कुछ लाल रंग का
२४. सृजनात्मक

**ऊपर से नीचे:-**

१. नवजात छोटे बच्चे (उर्दू)
२. सामान-असबाब (उर्दू)
३. माफी मांगना
४. पासपोर्ट
५. अवश्य (उर्दू)
९. पार लगाना, नौकायन
११. आत्म-रक्षा
१२. चेतनायुक्त
१३. रहमदिल
१४. भरा-पूरा, समृद्ध
१५. नयापन
१६. जादू के खेल दिखानेवाला (उर्दू)
१८. रूपवती
१९. प्रफुल्लित होना
२०. नक्षत्र, सितारा
२३. संग्राम, युद्ध

### वर्ग पहेली-6304

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | र्थ | प्र | बं | ध | ■ | सा | र्व | ज | न्य |
| नु | ■ | ण | ■ | न | व | धा | ■ | न | ■ |
| सा | बि | त | ■ | सं | ■ | र | ण | नी | ति |
| र | ■ | पा | ■ | च | र | ण | ■ | ■ | लां |
| ■ | ज | ल | म | य | ■ | ■ | अ | ग्र | ज |
| ■ | ठ | ■ | द्धि | ■ | वि | वि | ध | ■ | लि |
| बे | र | ह | म | ■ | लो | ■ | र | वि | ■ |
| स | ■ | वा | ■ | वि | प | थ | ■ | रो | ■ |
| ब | द | ला | ■ | व | ■ | न | रा | ध | म |
| ब | ■ | त | ला | श | ना | ■ | ■ | ■ | द्य |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

संकट — अमेरिका में गर्मियों के अंत में कोविड के मामलों में वृद्धि देखने को मिल रही

# अमेरिका में फिर से पैर पसार रहा है कोविड

**वाशिंगटन,** 1 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका में गर्मियों के अंत में कोविड के मामलों में वृद्धि देखने को मिल रही है। एक हफ्ते में कोविड अस्पताल में भर्ती होने वालों के संख?या में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं, कोविड से मौतों के मामले में 21 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। एनपीआर की रिपोर्ट के अनुसार रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार एक सप्ताह में 10,000 लोगों को कोविड के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




बढ़ते कोविड मामलों को देखते हुए कुछ स्कूलों, अस्पतालों और व्यवसायों के लोगों को फिर से मास्क पहनने के लिए कहा गया है। सीडीसी निदेशक मैंडी कोहेन ने आगाह किया कि जिन लोगों का टीकाकरण नहीं हुआ है उनके लिए कोविड जोखिम भरा बना हुआ है। जोखिम विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए अधिक है, जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है। वहीं, जिन्हें पहले संक्रमण नहीं हुआ है और जो अधिक उम्र के हैं या स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं, उनके लिए भी खतरा हो सकता है। गुरुवार देर रात रिपोर्ट में बताया गया, 'अस्पताल में भर्ती होने वाले लगभग 70 प्रतिशत लोग 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के हैं।' स्वास्थ्य अधिकारी दो नए वेरिएंट पर नजर रख रहे हैं। ओमिक्रॉन वेरिएंट ईजी.5 (एरिस) अमेरिका में प्रमुख है और बीए.2.86 फैलना शुरू हो रहा है। सीडीसी ने पिछले हफ्ते चेतावनी दी थी कि बीए.2.86 उन लोगों में संक्रमण पैदा करने में अधिक सक्षम हो सकता है, जिन्हें पहले कोविड संक्रमण या टीके लगे हों। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश भर में कुछ संस्थानों के लोगों को अस्थायी रूप से मास्?क पहनने को कहा गया है। विश्व स्तर पर मामले बढ़ने के कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने ईजी.5 या एरिस को 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' के रूप में नामित किया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार ईजी-5 अनुक्रमों का सबसे बड़ा हिस्सा चीन (30.6 प्रतिशत) से है। हालांकि, उसका मानना है कि वैरिएंट कोई महत्वपूर्ण जोखिम पैदा नहीं करता है।

■ एक हफ्ते में कोविड अस्पताल में भर्ती होने वालों के संख्या में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई

■ कोविड से मौतों के मामले में 21 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई

# खेल जगत

## घर लौटने पर जेना का गर्मजोशी से स्वागत



**भुवनेश्वर**। ओडिशा के प्रतिभाशाली भाला फेंक एथलीट किशोर जेना शनिवार को अपने वतन लौटे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ओडिशा के खेल निदेशक सिद्धार्थ दास, संयुक्त सचिव रंजीत परिदा और ओडिशा रिलायंस फाउंडेशन एथलेटिक्स एचपीसी के प्रमुख कोच मार्टिन ओवेन्स सहित खेल एवं युवा सेवा विभाग के कई अधिकारी जेना का उत्साहपूर्वक स्वागत करने के लिये बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एकत्र हुए। उल्लेखनीय है कि जेना ओडिशा के पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। जेना ने हंगरी के बुडापेस्ट में हुई विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में 84.77 मीटर की दूरी पर भाला फेंककर पांचवें स्थान पर रहे। वह विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के बाद शीर्ष आठ में दूसरे भारतीय थे।

# पाकिस्तान ने किया भारत को 266 रन पर ऑलआउट




**पाल्लेकेले**। पाकिस्तान ने शाहीन शाह अफरीदी (35/4) की अगुवाई में आग उगलती हुई गेंदबाजी के दम पर एशिया कप के ग्रुप-बी मुकाबले में शनिवार को भारत को 266 रन पर ऑलआउट कर दिया। भारत की ओर से हार्दिक पांड्या ने 90 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के के साथ सर्वाधिक 87 रन बनाये, जबकि ईशान किशन ने 81 गेंद पर नौ चौकों और दो छक्कों के साथ 82 रन की पारी खेली। इन दोनों के अलावा भारत का कोई बल्लेबाज 20 रन का आंकड़ा नहीं छू सका।

शानदार शाहीन ने 10 ओवर में 35 रन देकर चार विकेट लिये, जबकि नसीम शाह (8.5 ओवर, 36 रन) और हारिस रऊफ (नौ ओवर, 58 रन) ने तीन-तीन विकेट चटकाये।

भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन बादलों से घिरे हुए पाल्लेकेले स्टेडियम पर पाकिस्तानी गेंदबाजों ने शुरुआती स्विंग का भरपूर फायदा उठाया। बारिश के कारण चौथे ओवर में खेल रुका और मैदान पर वापसी के फौरन बाद शाहीन अफरीदी ने कप्तान रोहित शर्मा (11) को दर्शनीय इन-स्विंगर पर बोल्ड किया। विराट कोहली ने चौके के साथ खाता खोला लेकिन वह भी शाहीन की गेंद पर बोल्ड हो गये।

दो चौकों के साथ अच्छी शुरुआत करने वाले श्रेयस अय्यर रऊफ की छोटी गेंद पर फखर ज़मान को कैच दे बैठे, जबकि खाता खोलने के लिये लंबा समय लेने वाले शुभमन गिल 32 गेंद पर 10 रन बनाकर बोल्ड हुए।

भारत का ऊपरी क्रम जब 66 रन पर पवेलियन लौट गया तब किशन ने पारी को संभाला। केएल राहुल के फिट न होने के कारण टीम में आए किशन आग उगलती पाकिस्तानी गेंदबाजी पर आक्रमण करने से बिल्कुल नहीं हिचकिचाए। उन्होंने हारिस रऊफ की एक छोटी गेंद पर डीप बैकवर्ड पॉइंट पर छक्का जड़कर रफ्तार पकड़ी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

किशन ने 54 गेंद में अपना अर्द्धशतक पूरा करके भारत को 30वें ओवर में भारत को 150 रन के पार पहुंचाया। उप-कप्तान पांड्या के साथ हुई उनकी 138 रन की साझेदारी ने भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया। भारत आसानी से 300 रन की ओर बढ़ रहा था कि तभी तेज़ गेंदबाज़ों ने मैच में पाकिस्तान की वापसी करवाई।

रऊफ ने किशन को शतक से 18 रन पहले आउट कर भारत की एकमात्र सफल साझेदारी तोड़ी। पांड्या ने रऊफ को तीन चौके जड़कर रफ्तार बढ़ानी चाही लेकिन अफरीदी ने उन्हें और रवींद्र जडेजा (14) को 44वें ओवर में आउट कर एक बार फिर पाकिस्तान का पलड़ा भारी कर दिया।

शार्दुल ठाकुर नसीम शाह का पहला शिकार बनने से पहले सिर्फ तीन रन ही बना सके, हालांकि जसप्रीत बुमराह ने नसीम का शिकार होने से पहले 14 गेंद पर तीन चौकों की मदद से बहुमूल्य 16 रन रन बनाकर भारत को 266 रन तक पहुंचा दिया।

# बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे लॉकी फर्ग्यूसन

**ऑकलैंड**। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने शनिवार को कहा कि तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। फर्ग्यूसन, जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड दौरे के मैचों में टीम का नेतृत्व किया था, नियमित एकदिवसीय कप्तान केन विलियमसन की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी करेंगे क्योंकि वह दाहिने घुटने की चोट से उबर रहे हैं, और उनके डिप्टी टॉम लैथम, जो आईसीसी क्रिकेट विश्व कप और बांग्लादेश के टेस्ट दौरे से पहले घर पर समय बिताने के कारण श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने एक बयान में कहा, लॉकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अनुभवी गेंदबाज है, और यह उसके लिए न केवल गेंदबाजी समूह बल्कि पूरी टीम के साथ आगे बढ़कर नेतृत्व करने का एक अवसर है।

उन्होंने इंग्लैंड में अभ्यास मैचों के लिए भूमिका में कदम रखा और कई गतिशील भागों के साथ एक समूह का नेतृत्व किया। लैथम के साथ-साथ डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर और टिम साउदी बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में नहीं खेलेंगे। एनजेडसी ने कहा कि नियमित खिलाड़ियों को वनडे विश्व कप टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करने और उसकी तैयारी के लिए एक छोटा ब्रेक दिया गया है, जिसके लिए वे बांग्लादेश श्रृंखला शुरू होने के 12 दिन बाद ही एकत्र होंगे।

खिलाड़ियों के कार्यभार को प्रबंधित करने की आवश्यकता के कारण टीम में 2019 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप टीम के पांच खिलाड़ियों और एकदिवसीय क्रिकेट में नए खिलाड़ियों के एक समूह सहित एक अनुभवी




कोर शामिल है। अब से लेकर अप्रैल में पाकिस्तान दौरे के अंत तक, जिसमें विश्व कप और नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत भी शामिल है, हमारे पास एक बहुत ही पूर्ण कार्यक्रम है, इसलिए खिलाड़ियों और कर्मचारियों को सही समय पर तरोताजा और तैयार रखने की कोशिश करना सर्वोपरि है। स्टीड ने कहा, कार्यभार को संतुलित करने से अवसर भी मिलते हैं और समूह में अलग-अलग खिलाड़ियों का होना और बांग्लादेश जैसे माहौल में सीखना रोमांचक है। यह भ्रमण के लिए एक चुनौतीपूर्ण जगह हो सकती है और अगले कुछ महीनों में विभिन्न परिस्थितियों में जल्दी से अभ्यस्त होना महत्वपूर्ण होगा। एनजेडसी ने यह भी कहा कि मार्क चैपमैन और जिमी नीशम के चयन पर विचार नहीं किया गया क्योंकि यह दौरा क्रमशः उनके पहले बच्चों के जन्म के साथ या उसके तुरंत बाद का है।

कई नियमित खिलाड़ियों की अनुपस्थिति का मतलब है कि डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने पिछले महीने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने टी20 पदार्पण से न्यूजीलैंड वनडे टीम में अपना पहला चयन अर्जित किया है।

# भुवनेश्वर, गुवाहाटी करेंगे फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैचों की मेजबानी

**नई दिल्ली**। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के संयुक्त क्वालीफिकेशन राउंड-2 के शुरुआती दो घरेलू मैच भुवनेश्वर और गुवाहाटी में खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को यह घोषणा की।

भारत को एशियाई क्वालीफायर के ग्रुप-ए में कतर और कुवैत के साथ रखा गया है, जबकि अफगानिस्तान और मंगोलिया के बीच प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन राउंड-1 मुकाबला जीतने वाली टीम भी इस ग्रुप में शामिल होगी। भारतीय टीम 16 नवंबर 2023 को कुवैत में एक मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि उसका दूसरा मुकाबला 21 नवंबर को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में क़तर के खिलाफ होगा। अगले साल भारत का पहला मुकाबला 21 मार्च को अफगानिस्तान या मंगोलिया में से किसी एक से होगा। इसके बाद कोच इगोर स्टिमाच की टीम गुवाहाटी के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 26 मार्च को इस मुकाबले का दूसरा चरण खेलेगी। एआईएफएफ के महासचिव डॉ शाजी प्रभाकरण ने घोषणा के बाद कहा, हम ओडिशा फुटबॉल एसोसिएशन और असम फुटबॉल एसोसिएशन को उपरोक्त मैचों की मेजबानी के अधिकार के लिये सफलतापूर्वक बोली लगाने के लिये बधाई देना चाहते हैं। संबंधित राज्य सरकारों के सहयोग से उक्त मैचों के विश्व स्तरीय आयोजन के लिये सभी की सफलता की कामना करते हैं। कुवैत के खिलाफ छह जून 2024 को होने वाले भारत के घरेलू मुकाबले की मेज़बानी की घोषणा भविष्य में की जायेगी।

# भारत ने सेमीफाइनल में मलेशिया को हराया, फाइनल में पाकिस्तान से मुकाबला

सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली**। उपकप्तान मोहम्मद रहील (9वें, 16 वें, 24 वें, 28 वें मिनट) के हैट्रिक सहित चार तथा मनिंदर सिंह(दूसरे मिनट), पवन राजभर(13 वें मिनट), सुखविंदर सिंह(21 वें मिनट), डिप्सन टिर्की (22 वें मिनट), जुगराज सिंह (23 वें मिनट) और गुरजोत सिंह (29 वें मिनट) के एक -एक गोल की बदौलत भारत ने मलयेशिया को पहले पुरुष हॉकी 5 एशिया कप 2023 के दूसरे सेमीफाइनल में भी शनिवार को सलाला(ओमान) में 10-4 से शिकस्त दी। मलयेशिया के लिए कप्तान अकीमुल्लाह अनुआर (सातवें व 19 वें मिनट) ने दो तथा अबू इस्माइल (चौथे मिनट) अबू इस्माइल (चौथे मिनट) व मुहम्मद दिन (19वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। भारत ने मलयेशिया को इलीट पूल मैच में भी 7-5 से शिकस्त दी थी।

भारत की पुरुष हॉकी टीम ने फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारत की




कोशिश अब पाकिस्तान को फाइनल में हरा खिताब जीत कर उससे इलीट पूल मैच में मिली 4-5 की हार का हिसाब चुकता करने की होगी पाकिस्तान ने ओमान को पहले सेमीफाइनल में 7-3 से हराया। भारत और पाकिस्तान की टीम ने पुरुष हॉकी 5 एशिया कप 2023 के फाइनल में स्थान बनाने के साथ 2024 में होने वाले एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई कर लिया।

## सार संक्षेप

### शीर्ष युवा निशानेबाजों को एशियाई खेलों के लिए 33 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में चुना गया

**नई दिल्ली**। दिव्यांश सिंह पंवार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, रुद्राक्ष पाटिल, सरबजोत सिंह, मनु भाकर, रिदम सांगवान, पृथ्वीराज टोइंडमन, गनेमत सेखों और राजेश्वरी कुमारी जैसे शीर्ष युवा निशानेबाजों को चीन के हांगझाऊ में होने वाले आगामी एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने 33 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम का चयन किया है, जो 23 सितंबर से चीन के हांगझाऊ में शुरू होने वाले 19वें एशियाई खेलों में भाग लेगी, जिससे निशानेबाजी में देश के 9 पदकों की उपलब्धि में सुधार की उम्मीद है जो भारत ने खेलों के 2018 संस्करण इंडोनेशिया के जकार्ता/पालेमबांग में हासिल किये थे। टीम में सौरभ चौधरी, जो 2018 में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय निशानेबाज बने और राही सरनोबत, जिन्होंने 2018 खेलों में भारत के लिए अन्य स्वर्ण पदक जीता, टीम में शामिल नहीं हैं। इस बीच, देश में ओलंपिक खेल निशानेबाजी की नियामक संस्था एनआरएआई ने भी इस साल अक्टूबर में कोरिया के चांगवोन में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए शनिवार को 35 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

### ग्युरेरो विश्व कप क्वालीफायर के लिए पेरू टीम के कप्तान

**लीमा**। अनुभवी स्ट्राइकर पाओलो ग्युरेरो पराग्वे और ब्राजील के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए पेरू टीम का नेतृत्व करेंगे। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 39 वर्षीय खिलाड़ी, जो 109 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 38 गोल के साथ पेरू के सर्वकालिक अग्रणी स्कोरर हैं, को इस सीज़न में इक्काडोर के एलडीयू क्विटो के लिए आठ मैचों में सिर्फ एक बार स्कोर करने के बावजूद 27 सदस्यीय टीम में नामित किया गया था। जैसा कि अपेक्षित था।

# भारतीयों को अब टेस्ट क्रिकेट में कोई दिलचस्पी नहीं है : सर्वे

**नई दिल्ली**। न केवल भारत और उसके पश्चिमी पड़ोसी, बल्कि पूरी दुनिया के खेल प्रेमी शनिवार (2 सितंबर) को एशिया कप टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले को लेकर उत्साहित हैं। भारत भर में खेल प्रेमियों के लिए सीवोटर द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में, 45-54 वर्ष के आयु वर्ग के लगभग 49.4% उत्तरदाताओं की राय है कि रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग के लिए शुभमन गिल सबसे उपयुक्त खिलाड़ी हैं।

गिल के बाद विराट कोहली रहे, 20.1% उत्तरदाताओं का मानना है कि उन्हें रोहित के साथ शुरुआती बल्लेबाज होना चाहिए। श्रेयस अय्यर और तिलक वर्मा सबसे कम पसंदीदा रहे।

लगभग 32.6% उत्तरदाताओं की राय है कि विराट कोहली चौथे स्थान पर बल्लेबाजी करने के लिए सबसे उपयुक्त खिलाड़ी हैं। कोहली के बाद सूर्यकुमार यादव और इशान किशन थे। लगभग 28.8% खेल प्रेमियों का मानना है कि यादव को नंबर 4 पर खेलना चाहिए। उनके पसंदीदा क्रिकेट प्रारूप के बारे में पूछने पर, टी-20 क्रिकेट प्रारूप भारतीय खेल प्रेमियों के बीच सबसे लोकप्रिय बना हुआ है, क्योंकि लगभग 45.1% लोग टी-20 को अपना पसंदीदा प्रारूप मानते हैं, जबकि पांच दिवसीय टेस्ट मैच प्रारूप सबसे कम लोकप्रिय है।

सीवोटर द्वारा पूरे भारत में खेल प्रेमियों को लक्षित एक सर्वेक्षण में, 18-24 वर्ष के आयु वर्ग के लगभग 54.2% उत्तरदाताओं की राय है कि इंडियन प्रीमियर लीग या आईपीएल भारतीय क्रिकेटरों की चोटों के पीछे प्रमुख कारण है। उन्होंने इस बात पर भी सहमति जताई कि इससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंटों में इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा। भारत के जेवलिन सुपरस्टार नीरज चोपड़ा के बारे में पूछे जाने पर, शहरी क्षेत्रों में रहने वाले अधिकांश उत्तरदाता (69.6%) उनसे अत्यधिक परिचित हैं।

सर्वेक्षण से पता चलता है कि खेल प्रेमी होने के बावजूद, अधिकांश उत्तरदाता पारुल चौधरी के बारे में अनजान हैं, जो हाल ही में हंगरी के बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन और अपने नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के लिए खबरों में थीं।

# हमवतन जेरे को हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचे जोकोविच

**न्यूयॉर्क**। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में शनिवार को पिछड़कर वापसी करते हुए अपने हमवतन लासलो जेरे को 3-2 से मात दी। जोकोविच ने तीन घंटे 45 मिनट तक चले पांच सेट के मुकाबले में जेरे को 4-6, 4-6, 6-1, 6-1, 6-3 से हराया।

जोकोविच ने इस कठिन जीत के बाद कहा, अविश्वसनीय। लगभग दो बज चुके हैं, लेकिन बड़ी संख्या में लोग रुके हैं। मुझे उम्मीद है कि (प्रशंसकों) ने मैच का आनंद लिया, लेकिन यह निश्चित रूप से मेरे लिये उतना आनंददायक नहीं था, खासकर पहले दो सेटों में। यह कई वर्षों में यहां खेले गये मेरे सबसे कठिन मैचों में से एक था। बेहतरीन



टेनिस खेलने के लिये लासलो को बहुत श्रेय जाता है।

मैच के शुरुआती 90 मिनटों में जेरे ने लंबी रैलियों में बढ़त बनाए रखी। उन्होंने बेसलाइन से निडर और तेज़तर्रार हिटिंग करते हुए अक्सर जोकोविच के पीछे धकेलकर उनका संतुलन बिगाड़ा। अपना चौथा अमेरिकी ओपन खिताब तलाश रहे जोकोविच ने तीसरे सेट में तेजी से अपना स्तर बढ़ाया और जेरे के फोरहैंड से गलतियां करवाते हुए मुकाबला अपने पक्ष में किया।

मैच का रुख तब बदला जब जोकोविच ने तीसरे सेट में 26 शॉट की रोमांचक रैली जीतकर पहली बार 1-0 से सर्विस तोड़ी। इसके बाद सर्बियाई दिग्गज ने अपने हाथ हवा में उठाकर न्यूयॉर्क की भीड़ से समर्थन मांगा और अगले दो सेट सिर्फ दो गेम गंवाकर जीते। आखिरी सेट में जोकोविच ने जेरे के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के बावजूद शानदार डिफेंस दिखाया और अपनी सर्विस पर मुकाबला जीत लिया।

जोकोविच ने कहा, अगर वह थक भी रहा था तो इससे उसके खेल पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

# 132वें डूरंड कप के फाइनल में मोहन बागान का मुकाबला ईस्ट बंगाल से

**कोलकाता**। देश के दो सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब, मोहन बागान सुपर जाइंट और ईस्ट बंगाल रविवार को यहां विवेकानंद युबा भारती क्रीड़ांगन (वीवाईबीके) में 132वें डूरंड कप के स्वप्निल फाइनल में भिड़ेंगे। भारतीय फुटबॉल के प्रशंसकों के लिए, इससे बड़ा कुछ नहीं हो सकता क्योंकि मोहन बागान सुपर जाइंट (एमबीएसजी) और इमामी ईस्ट बंगाल (ईईबी) तीन प्रतिष्ठित और चमचमाती डूरंड ट्रॉफियों पर अपना हाथ रखने का अधिकार हासिल करने के लिए आमने-सामने हैं।

इस संस्करण के ग्रुप चरण में दो स्थानीय टीमों के बीच पहली भिड़ंत का परिणाम ईईबी के लिए अनुकूल रहा क्योंकि नंदकुमार शेखर की स्ट्राइक ने अंतर पैदा कर दिया। वे फाइनल में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे हैं, इससे पता चलता है कि वे इस टूर्नामेंट में कितने मजबूत रहे हैं। ईईबी को रविवार के ब्लॉकबस्टर में आसान समूह में शामिल किया गया था, जबकि मोहन बागान को नॉकआउट में मुंबई सिटी और एफसी गोवा से आगे निकलना था। लेकिन गोकुलम केरल और उभरती हुई नॉर्थईस्ट यूनाइटेड भारतीय फुटबॉल में किसी भी टीम के लिए आसान मैच नहीं हैं और ईस्ट बंगाल को ग्रैंड फिनाले तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ा। दोनों टीमें अच्छी फॉर्म में हैं और ईईबी के मुख्य कोच कार्ल्स कुआड्राट निश्चित रूप से प्री-मैच प्रेसर में स्पष्टता और आत्मविश्वास से भरे हुए थे।

कुआड्राट ने शनिवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, बांग्लादेश सेना टीम के साथ ड्रा के बाद, हमने टीम के बीच बात की। हमारे सत्रों में सुधार हुआ। फिर हमने मोहन बागान को हराया और डर्बी जीता। फिर मैच दर



मैच हमने सुधार किया और अब हम फाइनल में हैं। पिछली बार ईस्ट बंगाल ने 2016 में मोहन बागान को लगातार दो मैचों में हराया था। इसलिए काफी समय हो गया है। इसलिए इस बार हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे।

एमबीएसजी मैनेजर जुआन फेरांडो, बहुत अधिक भावनाओं को धोखा देने वालों में से नहीं हैं, उन्होंने भी कहा कि यह बहुत अच्छा होगा यदि वे ट्रॉफी जीत सके।

उन्होंने कहा, मैं अपने अब तक के प्रदर्शन से खुश हूं। हमने मुंबई और एफसी गोवा जैसी कुछ अच्छी टीमों से खेला है। और हम फाइनल में एक और अच्छी टीम से भिड़ने जा रहे हैं। इसलिए, अगर हम ट्रॉफी जीत सकें तो यह बहुत अच्छा होगा। हम प्रीसीजन में हैं और हम जिस तरह से प्रगति कर रहे हैं उससे मैं खुश हूं। उन्होंने कहा, मेरे लिए, अतीत अतीत है, हर मैच अलग है, ईमानदारी से कहूं तो पिछले डर्बी में मेरा ध्यान एएफसी कप मैच पर ज्यादा था लेकिन अब मुझे खुशी है कि मेरे खिलाड़ी ग्रुप स्टेज पास कर चुके हैं। और कल हमारे पास एक अच्छी टीम के खिलाफ खेलने का मौका है। यह हमारे लिए एक अच्छा लक्ष्य और अच्छी चुनौती है। हम ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे।

आयोजकों को रविवार को वीवाईबीके में 50,000 से 60,000 प्रशंसकों के जुटने की उम्मीद है और दोनों कोचों द्वारा ट्रॉफी की महत्वाकांक्षा व्यक्त करने के साथ, एक मनोवैज्ञानिक और सामरिक लड़ाई भी होने वाली है।

स्पैनिश डीप डिफेंडर हेक्टर युस्टे एमबीएसजी डिफेंस के केंद्र में उस सामरिक लड़ाई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होंगे और वह पहले डर्बी से चूक जाने के कारण वहां से बाहर निकलने के लिए बहुत उत्सुक दिखे।

मुझे कोई आपत्ति नहीं है. मुझे सिर्फ फुटबॉल खेलना पसंद है, मैं कीपर की भूमिका भी निभाऊंगा, जब उनसे पूछा गया कि क्या वह फाइनल में तीन सदस्यीय या चार सदस्यीय डिफेंस को प्राथमिकता देंगे तो उन्होंने चुटकी ली। हेक्टर ने आगे कहा, मैं रविवार सुबह पहुंचा। और मैंने खेला. इसलिए, मैं एएफसी कप में अगले दौर के लिए क्वालीफाई करके खुश हूं। हाँ, निश्चित रूप से मैंने डर्बी के बारे में सुना है। कई लोगों ने मुझे बताया, यह कठिन होने वाला है क्योंकि शारीरिक रूप से हम 100 प्रतिशत तैयार नहीं हैं। लेकिन हमें उस दबाव का आनंद लेना होगा।% और हमें फाइनल में अपना सब कुछ झोंकना होगा।

## सुडोकू 6305 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 6 |
| 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 |
| 8 | 1 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 |

| SENSEX | BSE | 65387.16 ▲ 555.75 | NSE | 19435. 30 ▲ 181.50 | MCX | Gold 59410 ▲ 36 | silver 73514 ▼ 629 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## मूडीज ने आर्थिक विकास दर अनुमान बढ़ाया

**नई दिल्ली.** भारत की जीडीपी ने सारे ग्लोबल इकोनॉमिक एक्सपर्ट्स के अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए अप्रैल-जून में 4 तिमाहियों की सबसे तेज ग्रोथ दर्ज की है. इसके बाद इंटरनेशनल रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने मजबूत आर्थिक गति के चलते 2023 कैलेंडर वर्ष के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर शक्रवार को 6.7 प्रतिशत कर दिया।



## केंद्र ने राज्यों से लॉजिस्टिक नीति बनाने को कहा

**नई दिल्ली,।** सरकार ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिए राज्यों से लॉजिस्टिक नति बनाने को कहा है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान को व्यापक रूप से अपनाने के लिए 31 अगस्त को उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) की बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा की गई थी। डीपीआईआईटी में विशेष सचिव सुमिता डावरा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राज्यों के मास्टर प्लान के लिए गुणवत्तापूर्ण डेटा जुटाने का सुझाव दिया गया, ताकि पीएम गतिशक्ति पहल को व्यापक रूप से अपनाया जा सके। भारत के पश्चिमी और मध्य क्षेत्र के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए समीक्षा बैठक बुलाई गई थी। बैठक में महाराष्ट्र, गोवा, राजस्थान, दमन एवं दीव और दादर एवं नगर हवेली, गुजरात, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

## धान, सोयाबीन,मक्का का रकबा बढ़ा; अरहर, मूंगफली का घटा

*नई दिल्ली,। चालू खरीफ सीजन में अब तक 181.06 लाख हेक्टेयर में मोटे अनाज की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि में 179.13 लाख हेक्टेयर में हुई बोआई से करीब एक फीसदी अधिक है।*



खरीफ फसलों की बोआई अंतिम दौर में चल रही है। दलहन फसलों की बोआई में सुधार देखने को मिल रहा है। शुरुआत में दलहन बोआई में 10 फीसदी से ज्यादा गिरावट आ रही थी, अब यह घटकर 8 फीसदी के करीब रह गई है। खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान की बोआई में 3 फीसदी से ज्यादा इजाफा हुआ है। सोयाबीन, बाजरा, मक्का के रकबा में भी वृद्धि हुई है। अरहर, मूंग, ज्वार, मूंगफली व कपास के रकबा में गिरावट दर्ज की गई।

**खरीफ फसलों का रकबा बढ़कर 10.77 करोड़ हेक्टेयर**

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक एक सितंबर को समाप्त सप्ताह तक 10.77 करोड़ हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि के 10.73 करोड़ हेक्टेयर से 0.45 फीसदी ज्यादा है। खरीफ सीजन की सबसे बड़ी फसल धान की बोआई 3.73 फीसदी बढ़कर 3.98 करोड़ हेक्टेयर हो गई। गन्ने का रकबा 7.66 फीसदी बढ़कर 59.91 लाख हेक्टेयर, जबकि कपास का रकबा 2.11 फीसदी गिरकर 123 लाख हेक्टेयर रह गया।

**दलहन फसलों का रकबा 8.48 फीसदी घटा**

इस सप्ताह तक 119.09 लाख हेक्टेयर में दलहन फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि की बोआई 130.13 लाख हेक्टेयर से 8.48 फीसदी कम है। बोआई के शुरुआत में दलहन फसलों के रकबा में 10 फीसदी से ज्यादा गिरावट आ रही थी। अब यह गिरावट घटकर 8 फीसदी के करीब आ गई है। अरहर का रकबा 5.76 फीसदी घटकर 42.66 लाख हेक्टेयर, मूंग का रकबा 7.72 फीसदी घटकर 30.98 लाख हेक्टेयर और उड़द का रकबा 13.56 फीसदी घटकर 31.68 लाख हेक्टेयर रहा।

**तिलहन रकबा करीब एक फीसदी घटा**

इस सप्ताह तक 190.11 लाख हेक्टेयर में तिलहन फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि की 191.91 लाख हेक्टेयर में हुई बोआई से 0.94 फीसदी कम है। खरीफ सीजन की प्रमुख तिलहन फसल सोयाबीन का रकबा एक फीसदी बढ़कर 125.13 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया। खरीफ सीजन की दूसरी प्रमुख तिलहन फसल मूंगफली का रकबा 3.62 फीसदी घटकर 43.37 लाख हेक्टेयर रह गया। तिल का रकबा 7.59 फीसदी गिरावट के साथ 11.83 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया। अरंडी का रकबा 17.45 फीसदी बढ़कर 8.53 लाख हेक्टेयर हो गया।

**मोटे अनाजों की बोआई में इजाफा**

चालू खरीफ सीजन में अब तक 181.06 लाख हेक्टेयर में मोटे अनाज की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि में 179.13 लाख हेक्टेयर में हुई बोआई से करीब एक फीसदी अधिक है। बाजरा का रकबा आधा फीसदी बढ़कर 70.81 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया। मक्का की बोआई 2.73 फीसदी बढ़कर 82.86 लाख हेक्टेयर और रागी का रकबा 5.16 फीसदी बढ़कर 8.13 लाख हेक्टेयर रहा। हालांकि ज्वार का रकबा 9.71 फीसदी घटकर 14.06 लाख हेक्टेयर दर्ज किया।

## कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर घटा

### डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर कर बढ़ा



**नई दिल्ली,।** सरकार ने देश में उत्पादन किए जाने वाले कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर घटा दिया है वहीं डीजल और एटीएफ (विमान ईंधन) के निर्यात पर उपकर बढ़ा दिया गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई।

देश में ही उत्पादन वाले कच्चे तेल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाने वाला कर घटाकर 6,700 रुपये प्रति टन कर दिया गया है, जो पहले 7,100 रुपये प्रति टन था। अधिसूचना के अनुसार, डीजल के निर्यात पर एसएईडी बढ़ाकर छह रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जो पहले 5.50 रुपये प्रति लीटर था। वहीं, विमान ईंधन पर एसएईडी दो रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर चार रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। पेट्रोल के निर्यात पर एसएईडी शून्य बना हुआ है। अधिसूचना के अनुसार, कर की नई दरें शनिवार से लागू हो गई हैं।

## एमडी और सीईओ उदय कोटक ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली,।** कोटक महिंद्रा बैंक के एमडी और सीईओ उदय कोटक ने पद से इस्तीफा दे दिया है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बैंक ने इस बारे में जानकारी दी है। फिलहाल, ज्वाइंट एमडी दीपक गुप्ता एमडी और सीईओ के रूप में कार्य करेंगे। हालांकि उदय कोटक को 31 दिसंबर 2023 को अपने पद से रिटायर होना था लेकिन उन्होंने अपने रिटायरमेंट से करीब चार महीने पहले बैंक के एमडी और सीईओ पद से त्यागपत्र दे दिया है।


### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60650 चांदी टंच- 74600 चांदी रिफाइन -75900

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60650 चांदी टंच- 74600 चांदी रिफाइन -75900


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82. 71 |
| एक यूरो | 89. 14 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 104.14 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 35 |
| एक जापानी येन | 0. 56 |


### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 136 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 138प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-140 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 73 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


## महीने भर में 60 प्रतिशत महंगा हो गया प्याज



**नई दिल्ली,।** प्याज की कीमतों में बीते एक महीने के दौरान जोरदार उछाल देखने को मिला है, देशभर में प्याज के करोबार के लिए सबसे प्रमुख समझी जाने वाली कृषि उपज मंडी महाराष्ट्र के लासलगांव में बीते एक महीने के दौरान कीमतों में 60 फीसद से ज्यादा की तेजी आई है, 1 अगस्त को लासलगांव मंडी में प्याज का औसत भाव 1370 रुपए प्रति क्विंटल था जो 1 सितंबर को बढ़कर 2201 रुपए हो गया है. कृषि उपज मंडियों में प्याज की कीमतें बढ़ने का असर प्याज के रिटेल भाव पर पड़ा है, हालांकि रिटेल बाजार में कीमतें उतनी नहीं बढ़ी हैं जितनी बढ़ोतरी कृषि उपज मंडियों में दर्ज की गई है. उपभोक्ता विभाग के आंकड़े बताते हैं कि 1 अगस्त से 1 सितंबर के दौरान देशभर में प्याज का औसत भाव 22 फीसद बढ़ा है. 1 अगस्त को देशभर में औसत भाव 27.27 रुपए प्रति किलो था जो 1 सितंबर को बढ़कर 33.28 रुपए दर्ज किया गया, इस दौरान दिल्ली में कीमतें करीब 27 फीसद बढ़कर 38 रुपए प्रति किलो तक पहुंची हैं.इस साल देश में प्याज की उपज कम है और घरेलू सप्लाई को बढ़ाने के लिए सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40 फीसद टैक्स भी लगाया है, टैक्स लगाने की घोषणा 24 अगस्त को हुई थी, लेकिन एक्सपोर्ट टैक्स के बावजूद कीमतों में बढ़ोतरी देखी जा रही है.खुले बाजार में रियायती दरों पर प्याज बेचने के लिए सरकार ने किसानों से 5 लाख टन प्याज खरीद का फैसला किया है और महाराष्ट्र में यह खरीद 24.10 रुपए प्रति किलो के भाव पर हो रही है. ऊंचे भाव पर सरकारी खरीद बढ़ने की वजह से भी प्याज की कीमतों में तेजी देखी जा रही ह।

## एलपीजी सिलेंडर के बाद इस महीने मिल सकती है महंगाई से राहत

### आरबीआई गवर्नर ने खुदरा महंगाई में कमी की शुरुआत होने की उम्मीद जताई

*नई दिल्ली,। घरेलू एलपीजी सिलेंडर 200 रुपये सस्ता हो गया और कॉमर्शियल सिलेंडर के रेट भी 157.50 रुपये कम हो गया। अब सबसे बड़ी राहत लोगों को खुदरा महंगाई से मिलने वाली है। खुद भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास को उम्मीद है कि इस महीने से खुदरा महंगाई में कमी की शुरुआत हो सकती है।*

दास ने टमाटर जैसी सब्जियों की कीमतों में कमी के साथ ही गैर-बासमती चावल के निर्यात पर बंदिशों और घरों में इस्तेमाल होने वाले रसोई गैस सिलेंडर के दामों में कटौती को लेकर केंद्र सरकार के कदमों का हवाला देते हुए यह बात कही। दास, विद्यार्थियों से संवाद के लिए इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, उन्होंने रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड की बैठक में भी हिस्सा लिया।



टमाटर के बाद अन्य सब्जियों के गिरेंगे दाम-रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा,हम उम्मीद करते हैं कि सितंबर से खुदरा महंगाई घटने की शुरुआत हो जाएगी। हालांकि, अगस्त की (खुदरा) महंगाई दर बहुत ज्यादा रहेगी, लेकिन सितंबर से महंगाई कम होनी शुरू हो सकती है। उन्होंने कहा कि टमाटर के दाम पहले ही गिर चुके हैं और इस महीने से अन्य सब्जियों के खुदरा मूल्य भी घटने की उम्मीद है। दास ने कहा कि सरकार ने लोगों को टमाटर और आम जरूरत की अन्य चीजों की किफायती दाम पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा,गैर बासमती चावल के निर्यात पर बंदिशें लगाई गई हैं। घरों में इस्तेमाल होने वाले रसोई गैस सिलेंडर के दामों में हाल ही में कटौती की गई है।

**वैश्विक उथल-पुथल का भारत पर कोई असर नहीं** -उन्होंने यह भी कहा कि तमाम वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। दास ने कहा कि नियमन के पुख्ता उपायों के कारण भारतीय बैंकों की स्थिति सुदृढ़ और स्थिर है, लेकिन घरेलू वित्तीय जगत को हमेशा मुस्तैद रहने की जरूरत है। आपने हाल ही में अमेरिका के कुछ बैंकों और स्विट्जरलैंड में क्रेडिट सुइस जैसे बड़े बैंक को नाकाम होते देखा होगा। लेकिन इस वैश्विक उथल-पुथल का भारत पर कोई असर नहीं हुआ।

**यूपीआई के जरिये लेन-देन की संख्या 10 अरब के पार**

दास ने यह भी कहा कि डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिए जाने के कारण देश में अगस्त के दौरान यूपीआई के जरिये लेन-देन की संख्या 10 अरब के पार पहुंच गई। रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा कि देश में फीचर फोन के जरिये भी भुगतान को बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है ताकि दूर-दराज के इलाकों में वे लोग भी इस सुविधा का लाभ ले सकें जिनके पास स्मार्ट फोन नहीं है और जहां मोबाइल नेटवर्क की दिक्कत है।

## एयर इंडिया- विस्तारा को मिली सीसीआई की मंजूरी, इंडिगो के बाद अब देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी



*नई दिल्ली,। कई बाधाओं के बाद, टाटा समूह के विस्तारा और एयर इंडिया के विलय को आखिरकार 1 सितंबर को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने कुछ शर्तों के साथ मंजूरी दे दी है।*

इस बिक्री के बाद एयर इंडिया इंडिगो के बाद देश की दूसरी सबसे बड़ी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन बन सकती है। संयुक्त कंपनी में अंतिम 74.9 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा संस के पास होगी। इस साल अप्रैल में टाटा संस और एसआईए ने सीसीआई को एक आवेदन दिया था। जमा किए गए इस आवेदन में कहा गया था कि दोनों एयरलाइंस के विलय से भारत में प्रतिस्पर्धा पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**सीसीआई ने क्या कहा?**

एंटी-ट्रस्ट संगठन ने ट्विटर पर कहा कि सीसीआई ने प्रस्तावित स्वैच्छिक प्रतिबद्धता के अनुपालन के अधीन, एयर इंडिया के साथ टाटा एसआईए एयरलाइंस के विलय और सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) द्वारा एयर इंडिया में कुछ शेयरधारिता के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। के अधीन है। साथ ही कहा कि विस्तृत जानकारी बाद में दी जाएगी.

**कितनी होगी टाटा संस की हिस्सेदारी?**

विस्तारा और एयर इंडिया दोनों का स्वामित्व टाटा समूह के पास है, सिंगापुर एयरलाइंस के पास विस्तारा में 49 प्रतिशत की बहुमत हिस्सेदारी है। विलय समझौते के अनुसार, एसआईए 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करके एयर इंडिया की विस्तारित शेयर पूंजी में 2,059 करोड़ रुपये का योगदान देगा। संयुक्त कंपनी में टाटा संस की हिस्सेदारी 74.9 फीसदी रहेगी.

**सीसीआई ने जून में दिया था नोटिस**

सीसीआई ने जून में एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा था कि विमानन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा संबंधी चिंताओं के कारण विस्तारा के साथ उसके प्रस्तावित विलय की जांच क्यों नहीं की जानी चाहिए। टाटा समूह के लिए, यह विकास उसके विमानन व्यवसाय को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने दुनिया के पहले बीएस 6 (स्टेज II) विद्युतीकृत फ्लेक्स ईंधन वाहन के प्रोटोटाइप का अनावरण किया



**नई दिल्ली,।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने दुनिया के पहले बीएस 6 (स्टेज/चरण II) विद्युतीकृत फ्लेक्स फुएल व्हेकिल (ईंधन वाहन) के प्रोटोटाइप का अनावरण करके निरंतर जारी रहने वाली गतिशीलता के क्षेत्र में एक और मील का पत्थर स्थापित किया है। भारत के राष्ट्रीय उद्देश्यों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के एक भाग के रूप में, टीकेएम सक्रिय रूप से उन प्रौद्योगिकियों का अनुसरण कर रहा है जो देश के अद्वितीय ऊर्जा परिदृश्य के साथ तालमेल में हैं और बड़े पैमाने पर जीवाश्म ईंधन की खपत को तेजी से विस्थापित करने के साथ-साथ वेल-टू-व्हील (डब्ल्यू2डब्ल्यू) आधार पर व्यापक रूप से कम कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने में मदद कर सकती हैं। यह मील का पत्थर देश की प्रमुख प्राथमिकताओं के अनुरूप उन्नत और हरित गतिशीलता समाधान पेश करने के लिए टीकेएम के समर्पण और चल रहे प्रयासों की पुष्टि और प्रदर्शन करता है। भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और कच्चे तेल के आयात के साथ-साथ भारत की जीवाश्म ईंधन की खपत भी तेजी से बढ़ रही है। गतिशीलता आवश्यकताओं में भारी वृद्धि के कारण, परिवहन क्षेत्र, जो वर्तमान में तेल की मांग का लगभग 50प्रतिशत हिस्सा है, इसमें सबसे महत्वपूर्ण योगदान करने वाला होगा। अनुमान के अनुसार, भारत में परिवहन क्षेत्र की ऊर्जा खपत 2030 में दोगुनी होकर 200 मिलियन टन ऑयल इक्कीवैलेंट (मिलियन टन तेल समतुल्य ) होने की उम्मीद है। उच्च जीवाश्म ईंधन की खपत के परिणामस्वरूप कार्बन उत्सर्जन ज्यादा होना भी तय है।

## शक्ति पम्पस् को मिला 350 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर



**मुंबई/इंदौर।** सोलर पंपिंग सॉल्यूशन में अग्रणी, शक्ति पम्पस् के खाते में एक नई उपलब्धि जुड़ गई है. कंपनी को हरियाणा में ग्रीन एनर्जी डेवलपमेन्ट एजेंसी (हरेडा) से 350 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर मिला है। यह वर्क ऑर्डर हरेडा द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण कुसुम स्कीम-3 के अंतर्गत मिला है। शक्ति पम्पस् के चैयरमेन दिनेश पाटीदार ने कहा हम हरियाणा के किसानों और हरेडा टीम को उनके विश्वास और समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं। इस प्रयास के माध्यम से, किसान सोलर एनर्जी का उपयोग करके पानी और बिजली बचाने के साथ साथ माइक्रो इरिगेशन की मदद से कृषि में और अधिक विकास कर सकते हैं।

## अमेज़न ने भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था और एक्सपोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए नई पहल की घोषणा की




**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में आयोजित अमेज़ॅन सम्भव सम्मिट के चौथे संस्करण में भारत के प्रति अमेज़ॅन के भावी दृष्टिकोण को साझा करते हुए, अमेज़ॅन के एसवीपी इंडिया और इमर्जिंग मार्केट्स, अमित अग्रवाल ने कहा, हम भारतीय बाजार में विकास और दीर्घकालिक संभावनाओं और भारत में लाखों उपभोक्ताओं और विक्रेताओं को सेवा देने के अवसर को लेकर उत्साहित हैं। हमने हाल ही में 2030 तक अपने सभी व्यवसायों में भारत में 15 बिलियन डॉलर के वृद्धिशील निवेश की घोषणा की थी और हम 21वीं सदी में भारत की प्रगति में भागीदार बने रहेंगे। अमेज़ॅन सम्भव, अमेज़ॅन द्वारा आयोजित वार्षिक वैचारिक नेतृत्वकारी शिखर सम्मेलन है जिसमें डिजिटल इंडिया के लिए अनंत संभावनाओं के उपयोग हेतु सर्वोत्तम तरीकों पर जोरदार चर्चा के लिए नीति निर्माता, उद्योग के प्रतिष्ठित लीडर्स, स्टार्टअप और अमेज़ॅन लीडरशिप भाग लेते हैं। आयोजन के दौरान, अमेज़ॅन ने भारत हेतु किए गए अपने संकल्पों के अनुरूप, भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए श्रृंखलाबद्ध नई पहलों की घोषणा की। भारत की लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन इंफ्रास्ट्रक्चर की रीढ़, इंडिया पोस्ट और भारतीय रेलवे के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे सहयोग को गहरा करते हुए कंपनी ने एकीकृत सीमा पार लॉजिस्टिक्स समाधान के लिए इंडिया पोस्ट के साथ समझौता-पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिससे देश भर के लाखों सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के उद्यम (एमएसएमई) ईकॉमर्स के लिए एक्सपोर्ट के अवसर बढ़ेंगे।


### देशबन्धु ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# पुलिस पर भारी पड़ा खतरनाक श्वान, लौटना पड़ा खाली हाथ





## कब्जाधारी घर में खुला छोड़ गया प्रतिबंधित नस्ल का श्वान, नहीं हो पायी कब्जे की कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** चेरीताल सरस्वती गार्डन गृह निर्माण सोसायटी पारिजात बिल्डिंग के पीछे शनिवार को एक बड़ा ही अजीबो-गरीब मामला प्रकाश में आया। यहां एक खतरनाक कुत्ते के ऐसा भय व्याप्त हुआ कि न्यायालय के आदेश का पालन नहीं हो पाया और न्यायालय कर्मियों, पुलिस-अधिवक्ताओं व आवेदकों को खाली हाथ लौटना। दरअसल पारिजात बिल्डिंग के पीछे सरस्वती गार्डन के पास रमेश तिवारी ने पास ही रहने वाले जैन परिवार को 30*60 का एक निर्माण किया हुआ मकान बेचा। लेकिन उसमें मनीष पटेल नामक दबंग ने अपना कब्जा किया हुआ था। रमेश तिवारी ने 2015 में न्यायालय की शरण ली और उसी समय घर को कब्जा मुक्त करा लिया। और जैन परिवार को बेच दिया। लेकिन उसके बाद मनीष पटेल ने फिर से उसी घर में कब्जा लिया। साथ ही एक सड़क पर भी कब्जा कर वहां मकान का निर्माण लिया। इसी बीच न्यायालय ने 2023 में फिर एक बार रमेश तिवारी को मकान पर कब्जा लेने का आदेश दे दिया। शुक्रवार को जब न्यायालय के कर्मचारी, पुलिस-अधिवक्ता, आवेदक रमेश तिवारी, मकान के खरीददार जैन परिवार कार्यवाही के लिये पहुंचे। तो मनीष पटेल घर पर ताला डालकर अपना पालतू प्रतिबंधित पिटबुल प्रजाति का कुत्ता घर में खुला छोड़कर गायब हो गया। जिसको पकड़ने के लिये किसी ने हिम्मत नहीं जुटा पायी।

### कार्यवाही में बाधा डालने पहुंचा क्षेत्रीय नेता

मनीष पटेल के कब्जाधारी घर पर जिस समय प्रशासनिक कर्मी कब्जा लेने पहुंचे तो मनीष ने एक क्षेत्रीय नेता को फोन पर इसकी जानकारी दी, जिसके बाद नेता जी अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और न्यायालय कर्मी के साथ बहस करने लगे। जिन्होंने बताया कि मनीष अपनी मां के साथ बाहर गया है। अभी आप लोग कार्यवाही नहीं कर सकते। और गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। जिसके कारण 11 बजे की कार्यवाही होते-होते शाम के 4.30 बज गये। लेकिन कार्यवाही नहीं हो पायी। और पुलिस, वकील, आवेदक व सभी लोग परेशान होते रहे।

### कुत्ते को पकड़ने आये युवक को धमकाया

काफी परेशान होते देख आवेदक जैन परिवार ने आखिरकार कुत्ते को पकड़ने के लिये एक युवक बुलाया। जो मौके पर पहुंचा। जिसने बताया कि वह कुत्तों को प्रशिक्षण देता है और इस कुत्ते को पकड़ सकता है। और यह कहकर वहां निकला कि इसको पकड़ने के लिये जाल व मास्क लेकर आता है। लेकिन नेताजी के समर्थकों ने उसे रास्ते में रोक लिया और धमकाया। जिसके बाद युवक ने अपना फोन ही बंद कर दिया।

### नगर निगम से नहीं मिली कोई मदद

जिसके बाद प्रतिबंधित प्रजाति पिटबुल कुत्ते को पकड़ने के लिये नगर निगम से मदद मांगी गई तो अग्निशमन प्रभारी राजेन्द्र पटेल, अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने फोन उठाने तक की जहमत नहीं उठाई। इसी तरह समय बितता रहा और घंटे भर के काम को घंटों लग गये।

### श्वान को पकड़ने के लिये खासी मशक्कत

कब्जधारी मकान के बाहर बने एक कच्चे कमरे मनीष पटेल ने अपने उस प्रतिबंधित कुत्ते को पाल रखा था। जिसके खतरनाक होने की चर्चा जोरों से हो रही थी। जो वहां खड़े पुलिस कर्मी व अन्य लोगों के मन डर पैदा कर रही थी। किसी तरह आवेदक या उनके साथी उस कच्चे कमरे का दरवाजा बंद करने की हिम्मत जुटाते, तरह-तरह की तकनीक कमरे को बंद करने की करते तो नेताजी या उनके समर्थक गेट बंद कर देते और जनता की सुरक्षा का हवाला देते। जिससे कार्यवाही मजबूरन अगले दिन टालनी पड़ी। आवेदक रमेश तिवारी के अधिवक्ता अखिलेश तिवारी ने बताया कि कोर्ट से हमें कब्जा लेने का आदेश मिला है। जिसके बाद पुलिस व न्यायालय कर्मी मौके पर मौजूद हैं। लेकिन इस खतरनाक कुत्ते को पकड़ने के लिये कोई नहीं मिला है। जिसके बाद न्यायालय कर्मी ने तत्काल रिपोर्ट बना ली है। जिसके बाद इस कुत्ते का निराकरण किया जायेगा, उसके बाद कोई कार्यवाही की जायेगी।

# प्रदेश की 230 मंडियां 4 सितम्बर से रहेगी बंद, 25 हजार व्यापारी नहीं करेगें खरीदी

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर व भोपाल सहित प्रदेश की 230 मंडियां में चार सितम्बर से अनिश्चितकालीन के लिए बंद रहेगी। प्रदेश के 25 हजार व्यापारी मंडी फीस बढ़ की बजाए एक प्रतिशत, निराश्रित शुल्क खत्म करने सहित 11 मांगों को लेकर अपना अपना कारोबार बंद रखेगें।

सूत्रों के अनुसार मध्यप्रदेश सकल अनाज दलहन तिलहन व्यापारी महासंघ समिति के आव्हान पर प्रदेश भर के व्यापारी अनाज की खरीदी बंद करेगें। व्यापारियों का कहना है कि अभी सरकार द्वारा मंडली शुल्क डेढ़ प्रतिशत लिया जा रहा है, जिसे एक प्रतिशत करने के लिए लम्बे समय से मांग की जा रही है। इसी तरह करीब 50 वर्ष से अनावश्यक रुप से निराश्रित शुल्क लिया जा रहा है, यह शुल्क भी समाप्त करने की मांग है। इस शुल्क का क्या उपयोग किया जा रहा है यह जानकारी भी नहीं दी जाती है। इसके अलावा 11 अन्य मांगे है जिन्हे लेकर 4 सितम्बर सोमवार से खरीदी बंद कर दी जाएगी। 25 हजार व्यापारी हड़ताल पर रहेगें इसके अलावा इनसे जुड़े हम्माल-तुलावटी भी काम नहीं कर पाएगें। व्यापारियों द्वारा की जाने वाली हड़ताल के चलते भोपाल में ग्रेन एंड आयल सीड्स मर्चेन्ट्स एसोसिएशन ने भी मंडी बंद रखने का निर्णय लिया है। यदि मांगे पूरी नहीं होगी तो मंडी अनिश्चित काल के लिए बंद रह सकती है।




### जबलपुर में भी नही होगा कारोबार

# दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु व्हाया जबलपुर स्पेशल ट्रेन के चलने की अवधि बढ़ी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के उद्देश्य से वर्तमान में चल रही गाड़ी संख्या 03241/03242 दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल (वाया इटारसी) के चलने की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें गाड़ी संख्या 03241 दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 29 सितंबर तक प्रति शुक्रवार को दानापुर स्टेशन से 15.00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना 00.13 बजे, जबलपुर 03.05 बजे, इटारसी 07.00 बजे और तीसरे दिन 13:00 बजे एसएमवी बेंगलुरु स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 03242 एसएमवी बेंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन स्पेशल 1 अक्टूबर तक प्रति रविवार को एसएमवीटी बेंगलुरु स्टेशन से 23.25 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी 06.35 बजे, जबलपुर 10.10 बजे, सतना 13.05 बजे और तीसरे दिन 23.30 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी के हाल्ट- यह गाड़ी रास्ते मे दोनों दिशाओं में आरा जंक्शन, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, वारंगल, विजयवाड़ा, गुडूर, पेराम्बूर, काटपाड़ी, जोलारपेट्टई एवं बांगरपेट स्टेशनों पर रुकेगी।

कोच कंपोजीशन- इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 04 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 14 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 02 जनरेटर कार सहित कुल 21 कोच रहेंगे।

# तीन लक्जरी वाहनों में मिली 50 लाख रुपए की विदेशी शराब, एक तस्कर गिरफ्तार






**जबलपुर, देशबन्धु।** संजीवनी नगर स्थित आयुषी पाम ग्रीन अपार्टमेंट परिसर में देर रात पुलिस ने दबिश देकर तीन लग्जरी वाहनों से 70 पेटी शराब बरामद की है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी देवेन्द्र उर्फ दीपू शर्मा को गिरफ्तार किया है। जो शराब लोड करके सप्लाई करने के लिए निकल रहा था। पकड़ी गई शराब की कीमत 50 लाख रुपए के लगभग है।

इस संबंध में एसपी टीके विद्यार्थी ने बताया कि संजीवनी नगर स्थित आयुषी पाम ग्रीन अपार्टमेंट में बिना नम्बर की काले रंग की स्कार्पियों में विदेशी शराब लोड करके देवेन्द्र उर्फ दीपू शर्मा उम्र 34 वर्ष निवासी बेलखेड़ा निकल रहा था। तभी संजीवनी नगर व क्राइम ब्रांच थाना की पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दे दी। पुलिस को देखते ही दीपू शर्मा स्कार्पियो लेकर भागा। जिसे पीछा करते हुए पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी लेने पर स्कार्पियो से 12 पेटी शराब मिली। पुलिस को पूछताछ में दीपू शर्मा ने बताया कि दो गाडियां सफेद रंग की सफारी स्टोर्म क्रमांक एमपी 20 सीजी 0388 एवं काले रंग की कीया सेल्टोस क्रमांक एमपी 20 सीके 0088 अपार्टमेंट की पार्किंग में खड़ी है। उनमें भी शराब लोड है।

पुलिस ने पार्किंग से दोनों गाडियों को जब्त कर तलाशी ली, तो 35 पेटी व कीया सेल्टोस से 19 पेटी शराब मिली। पुलिस ने दीपू शर्मा को गिरफ्तार कर तीनों वाहनों को जब्त कर 70 पेटी विदेशी शराब बरामद कर ली है। जिसकी कीमत 50 लाख रुपए के लगभग है। पुलिस ने देवेन्द्र उर्फ दीपू शर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरु कर दी है।



# चलती ट्रक में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**जबलपुर, देशबन्धु।** दमोह-कटनी स्टेट हाइवे पर चलते ट्रक में आग लग गई और पूरा ट्रक जलकर खाक हो गया। घटना हिंडोरिया थाना के आनू गांव में रेलवे फाटक के समीप शुक्रवार देर रात घटित हुआ।

बता दें कि जैसे ही चालक ने ट्रक में आग की लपटें देखीं तो ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर इसकी सूचना दमोह पुलिस कंट्रोल रूम को दी, जिसके बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस का अमला मौके पर पहुंचा और ट्रक में लगी आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया। फायर बिग्रेड चालक मुख्तार खान और फायर फाइटर शेख आबिद ने इस आग को बुझाया। बताया जा रहा है कि ट्रक सागर से कटनी माल भरने जा रहा था, तभी अज्ञात कारणों के चलते ट्रक में आग लग गई। गनीमत रही ट्रक चालक ने आग की लपटों को देख समय पर सड़क किनारे ट्रक को खड़ा कर दिया और अपने साथ परिचालक की जान बचाई। ट्रक महाराष्ट्र पासिंग है।

# दूधी नदी में नहाते समय डूबे 5 बच्चे

**पिपरिया, देशबन्धु।** पिपरिया स्थित डूमर गांव बनखेड़ी में शनिवार को उस वक्त चीख पुकार मच गई। जब दूधी नदी में नहा रहे पांच बच्चे डूब गए। बच्चे के नदी में डूबने की खबर मिलते ही परिजनों सहित गांव के अन्य लोग आ गए, जिनकी सूचना पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने गोताखोर दल की मदद से बच्चों की तलाश शुरु कर दी है।

बताया गया है कि बनखेड़ी के ग्राम डूमर गांव में रहने वाले 6 बच्चे शनिवार को दूधी नदी में नहाने के लिए आए। नदी में उछलकूद करते हुए नहा रहे बच्चे गहराई में जाकर डूबने लगे। इनमें एक बच्चा तो किसी तरह अपनी जांच बचाकर बाहर आ गया। वहीं साथी पांच बच्चे डूब गए, साथियों को नदी में डूबते देख बालक ने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंच गए। इसके बाद बालक ने भागकर गांव में बच्चों के डूबने की जानकारी दी।

खबर मिलते ही बच्चों के परिजनों सहित गांव के अन्य लोग भी पहुंच गए। जिनकी सूचना पर पहुंचे अधिकारियों को गोताखोर टीम को बुलाकर तलाश शुरु करा दी। वहीं



### बचकर निकले साथी ने कहा भंवर में समा गए मेरे दोस्त

बच्चे ने बताया कि नदी में तेज भंवर चल रही थी, जिसमें पांचों बच्चे समा गए हैं। बच्चों के नदी में डूबकर लापता होने से परिजनों से लेकर रिश्तेदारों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। पुलिस बच्चों को खोजने में जुट गई है।

### बारिश की बेरूखी से किसानों में चिंता के बादल

# अघोषित विद्युत् कटौती एवं नहरों से पानी न मिलने से किसान परेशान

**जबलपुर, देशबन्धु।** एकाएक बारिश के थमने से अब किसानों में फसलों को लेकर चिंता के बादल गहराने लगे हैं, विशेषकर धान की बुवाई करने वाले किसानों को अब अपनी फसल को लेकर ज्यादा चिंता हो रही है, क्योंकि अब पानी की जरूरत अधिक है लेकिन पिछले 8-10 दिनों से बारिश थमने से फसलें सूख रही हैं । उधर अघोषित विद्युत कटौती एवं नहरों से पानी न मिलने के कारण भी किसान परेशान हो रहे हैं और रूष्ठ किसान अधिकारियों की उदासीनता के चलते अब कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या को अवगत कराने की तैयारी कर चुके हैं। वहीं भारत कृषक समाज ने इस सम्बंध में मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है। किसानों का कहना है कि जिले की नहरों के हालत बदतर हैँ, जरजर नहरों से पानी किसानों को मिलना संभव नही है। बिजली कटौती के कारण वह अपने साधनों से सिचाई भी नही कर पा रहे है। बिजली 3,4 घंटे भी नसीब नही हो रही है। भारत कृषक समाज के के के अग्रवाल ने बताया कि उक्त सम्बंध में किसानों की ओर से मुख्यमंत्री को मेल द्वारा पत्र लिखकर किसानों की वर्तमान वस्तु स्थिति की जानकारियों से अवगत कराते हुए मदद की गुहार लगाई है। रुष्ट किसान अब समूह मे कलेक्टर से मंगलवार को मिलकर अपनी बात भी रखेंगें और समस्याओं की निराकरण की मांग करेंगे।











**जबलपुर, देशबन्धु।** वेतन विसंगति, पदोन्नति और नायब को राजपत्रित अधिकारी

# पटवारी के बाद तहसीलदार, नायब तहसीलदार सोमवार से हड़ताल पर

का दर्जा दिए जाने एवं अन्य मांगों को लेकर सोमवार 4 सितंबर से बुधवार 6 सितंबर तक 3 दिन के सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। तहसीलदार, नायब तहसीलदारों ने अधिकारियों ने 2 सितंबर शनिवार को कलेक्ट्रेट आकर अपर कलेक्टर नाथूराम गौड को ज्ञापन सौंपा। जैसा कि विदित है कि प्रदेश स्तरीय राजस्व अधिकारी के आंदोलन में नायब तहसीलदार तहसीलदार अधीक्षक भू अभिलेख एवं प्रभारी अधीक्षक भू अभिलेख अधिकारी अवकाश लेकर विरोध प्रकट करेंगें।


**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 132
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 134
छोटा ब्रॉयलर - रु. 136

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 140
मुर्गा मीडियम - रु. 138
मुर्गा बड़ा - रु. 136
मुर्गा जम्बो - रु. 136

मो.-9039925000, 9425800409

